आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 91 | उज्जैन, शुक्रवार 17 अप्रैल, 2026 | वैशाख कृष्ण अमावस्या संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### अमेरिका में परमाणु-स्पेस पर रिसर्च करने वाले 5 वैज्ञानिक गायब

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में न्यूक्लियर और स्पेस रिसर्च से जुड़े वैज्ञानिकों की मौत और गुमशुदगी के मामलों पर अब व्हाइट हाउस सवालों के घेरे में है। 2023 से अब तक ऐसे 10 मामले सामने आए हैं, जिनमें वैज्ञानिक या अधिकारी या तो लापता हो गए या संदिग्ध हालात में मरे। बुधवार को व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में पहली बार प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट से इन घटनाओं पर सवाल पूछा गया। जवाब में उन्होंने कहा, मैंने अभी संबंधित एजेंसियों से इस बारे में बात नहीं की है। मैं ऐसा करूंगी और आपको जवाब दूंगी। उन्होंने आगे कहा, अगर यह सही है, तो यह निश्चित तौर पर ऐसी बात है जिसे सरकार जांच के लायक मानेगा। उनके इस जवाब के बाद लोगों में नाराजगी देखने को मिली।

### ममता का आरोप- भाजपा चुनाव में धमाके कराएगी

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के कूच बिहार के दिन्हाटा की चुनावी रैली में ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा चुनावों के दौरान बम लगाने की योजना बना रही है। जांच के लिए एनआईए को लाएगी। तमिलनाडु चुनाव के लिए तमिलगा वेट्री कझगम के प्रमुख और एक्टर विजय ने गुरुवार को पार्टी का मेनिफेस्टो जारी किया। इसमें महिलाओं को साल में 6 फ्री गैस सिलेंडर और 60 साल से कम उम्र की महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपए देने का वादा किया गया है। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं की मदद के लिए शादी के समय 8 ग्राम सोना और सिल्क साड़ी देने का भी वादा किया गया है।

### अभिनेत्री कंगना बोलीं

## चिराग संग रोमांस होता तो हमारे बच्चे होते



**कहा- वे सिर्फ मेरे दोस्त हैं, अगर कुछ होना होता, तो अब तक हो चुका होता**

**मुंबई।** एक्ट्रेस और सांसद कंगना रनोट ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के साथ अपने रिश्तों पर खुल कर बात की। उन्होंने साफ किया है कि उनके और चिराग के बीच कोई रोमांटिक एंगल नहीं है। इंटरव्यू में कंगना से चिराग पासवान के साथ उनके कथित अफेयर को लेकर सवाल पूछा गया। इस पर मुस्कुराते हुए कंगना ने कहा, नहीं, चिराग सिर्फ मेरे एक बहुत अच्छे दोस्त हैं। जब भी मैं उनके बारे में सोचती हूं, मुझे उनमें सिर्फ एक दोस्त ही नजर आता है। कहा- रोमांस होता तो बच्चे हो गए होते बातचीत के दौरान कंगना ने बेहद बेबाक और मजाकिया अंदाज अपनाया। उन्होंने कहा, हमने करीब 10 साल पहले एक फिल्म साथ की थी। अगर हमारे बीच वाकई कुछ होना होता, तो अब तक हमारे बच्चे हो चुके होते। कंगना ने आगे कहा कि अगर रोमांस होना होता, तो अब तक हो चुका होता। फिल्म 'मिले ना मिले हम' से शुरू हुई दोस्ती कंगना और चिराग पासवान के बीच की बॉन्डिंग काफी पुरानी है। साल 2011 में आई फिल्म 'मिले ना मिले हम' से चिराग पासवान ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म में कंगना रनौत उनकी लीड एक्ट्रेस थीं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तो खास कमाल नहीं कर पाई, लेकिन यहीं से दोनों की दोस्ती की शुरूआत हुई। आज दोनों राजनीति के मैदान में सक्रिय हैं और अक्सर संसद में एक-दूसरे के साथ हंसते-मुस्कुराते नजर आते हैं। 'इमरजेंसी' के बाद 'क्वीन 2' की तैयारी कंगना की हालिया रिलीज फिल्म 'इमरजेंसी' थी, जिसमें उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया था। इस फिल्म का निर्देशन भी उन्होंने खुद ही किया था।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- बंगाल में सप्लीमेंट्री वोटर लिस्ट बने

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह पश्चिम बंगाल में सप्लीमेंट्री वोटर लिस्ट जारी करे। इसमें उन वोटर्स को शामिल किया जाए, जिनकी अपीलों पर ट्रिब्यूनल में फैसला हो गया है। कोर्ट ने कहा कि जिनकी अपीलें पेंडिंग हैं, उन्हें वोट डालने की इजाजत नहीं होगी। बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन में 90.83 लाख वोटर्स के नाम काट दिए गए हैं। इन वोटर्स की अपील सुनने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ट्रिब्यूनल बनाए गए हैं। बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए दो फेज में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को वोटिंग होना है। पहले फेज में जहां वोटिंग होना है, वहां 21 अप्रैल तक वोटर्स की अपील पर फैसला हो जाने पर वे वोट दे सकेंगे।

### अमेरिका ने ईरान से निकल रहे 13 जहाजों को लौटाया

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने ईरान के बंदरगाहों से निकलने की कोशिश कर रहे 13 जहाजों को वापस लौटा दिया। अमेरिकी सेना ने ईरान के समुद्री इलाके में नाकाबंदी कर रखी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, सोमवार से शुरू हुई इस नाकाबंदी के बाद अब तक कोई भी जहाज इसे पार नहीं कर पाया है। ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने नाकाबंदी नहीं हटाई, तो वह खाड़ी इलाके में व्यापार को बाधित कर सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि आज इजराइल और लेबनान के नेता जंग खत्म करने पर सीधे बातचीत करेंगे। यह पिछले 34 साल में दोनों देशों के बीच पहली सीधी बातचीत होगी। इजराइल और लेबनान के नेता आखिरी बार 1991 में मैड्रिड कॉन्फ्रेंस में आमने-सामने बैठे थे।

---

खाना बना रहे थे तभी तिरपाल में लगी आग, देखते-देखते आग से पास में स्थित पन्नी का गोदाम भी चपेट में आया

# गाजियाबाद में सिलेंडर फटे, 200 झोपड़ियां जलकर राख

### 10 किमी दूर से दिखा धुआं, 22 गाड़ियों ने बुझाई आग

एजेंसी ▸▸ गाजियाबाद

गाजियाबाद में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे 200 झुग्गी-झोपड़ियों में भीषण आग लग गई। सिलेंडरों में लगातार धमाके होते रहे। धुएं का गुबार करीब 10 किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोग अपने घरों का सामान और गैस सिलेंडर लेकर भागते नजर आए। आसपास की इमारतों को एहतियातन खाली करा लिया गया।

फायर ब्रिगेड की 22 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। प्रशासन ने नोएडा से भी दमकल की गाड़ियां मंगाईं। आग इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी गांव में लगी। घटना में फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।





प्रत्यक्षदर्शी आशीष गुप्ता ने बताया- कुछ लोग झुग्गियों में खाना बना रहे थे, तभी तिरपाल में आग लग गई। देखते-देखते आग भड़क गई और पास में स्थित पन्नी का गोदाम जलकर राख हो गया।

डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि इलाके में कबाड़ का काम होता था। यही काम करने वाले लोग झुग्गियां बनाकर रहते हैं। किसी भी तरह की अनहोनी से निपटने के लिए एंबुलेंस मौके पर मौजूद हैं। पास के अस्पतालों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है।

**हादसे में 2 सगी बहनों की भी मौत हुई थी**

इससे पहले, बुधवार को लखनऊ के विकासनगर में झुग्गी-झोपड़ियों में आग लगी थी। इसमें 250 झोपड़ियां जलकर राख हो गई थीं। 2 सगी बहनों की मौत भी हुई थी।

# प्रदेश के 16 जिलों में लू की चेतावनी

### इंदौर-उज्जैन, नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग में अलर्ट, तापमान 42 डिग्री के पार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश के 16 जिलों में गुरुवार को हीट वेव यानी, लू की चेतावनी जारी की गई है। मौसम केंद्र भोपाल का सीजन में पहली बार इतने जिलों में अलर्ट है। अगले 4 दिन तक प्रदेश के कई जिले गर्म हवा की चपेट में रहेंगे।

गुरुवार को जिन जिलों में लू चल सकती है, उनमें रतलाम, झाबुआ, धार, आलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट शामिल हैं। इससे पहले छिंदवाड़ा, पांढुर्णा और मंडला में लू जैसा असर देखने को मिला। मौसम विभाग ने इन जिलों के लिए अलर्ट जारी किया था।



#### 25 शहरों में पारा 40 डिग्री, इंदौर-ग्वालियर सीजन में सबसे गर्म

इससे पहले प्रदेश में गर्मी के तीखे तेवर देखने को मिले। सीजन में पहली बार 25 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक पहुंच गया। इंदौर और ग्वालियर भी सीजन के सबसे गर्म रहे और यहां पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया। वहीं बुरहानपुर, हरदा, रतलाम में गर्मी के कारण स्कूलों का समय बदलवा किया गया। प्रदेश में छतरपुर का नौगांव सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री दर्ज किया गया। खजुराहो में 42.2 डिग्री, रतलाम में 42 डिग्री, नर्मदापुरम में 41.8 डिग्री, सतना में 41.7 डिग्री, शाजापुर में 41.1 डिग्री, टीकमगढ़, धार, खरगोन-रीवा में 41 डिग्री, गुना में 40.3 डिग्री, खंडवा में 40.1 डिग्री और सागर में पारा 40 डिग्री रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में तेज गर्मी पड़ती है। इस बार भी ऐसा ही है। शुरूआती नौ दिन तक आंधी, बारिश और ओले का दौर रहा। 10 अप्रैल से गर्मी बढ़ गई। अब असर ज्यादा रहेगा।

### एयरपोर्ट पर अकासा एयर और स्पाइसजेट के विमान टकराए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट का विमान अकासा एयर के विमान से टकरा गया। घटना गुरुवार दोपहर 2 बजे हुई।

जानकारी के मुताबिक अकासा एयर की दिल्ली से हैदराबाद जाने वाली फ्लाइट पार्किंग बे से पुशबैक कर रहा था, तभी लेह से दिल्ली आया स्पाइसजेट का विमान टेक्सी वे से गेट की तरफ बढ़ते समय उससे टकरा गया। हादसे में स्पाइसजेट विमान के राइट विंगलेट टूट गया। वहीं, अकासा के प्लेन के लेफ्ट होरिजोंटल स्टेबलाइजर को नुकसान पहुंचा है। इस घटना के बाद ग्राउंड क्रू ने तुरंत ही दोनों प्लेन के सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से निकाल लिया।

नक्सलियों ने बारूद बिछाकर हमला किया

## झारखंड में आईईडी धमाके में इंस्पेक्टर समेत 5 जवान घायल

एजेंसी ▸▸ रांची

झारखंड के सारंडा जंगल क्षेत्र में नक्सलियों के आईईडी हमले में कोबरा बटालियन के इंस्पेक्टर सहित पांच जवान घायल हो गए। यह हमला नक्सलियों की सुनियोजित साजिश का हिस्सा प्रतीत होता है। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है

झारखंड के अति नक्सल प्रभावित सारंडा जंगल क्षेत्र में सुरक्षा बलों के खिलाफ एक बड़ा हमला हुआ है। मनोहरपुर प्रखंड अंतर्गत छोटानागरा थाना क्षेत्र के बालिबा गांव के पास चडराडेरा में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट में पांच जवान घायल हो गए। इस घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। जानकारी के अनुसार, सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ हुई। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा पहले से प्लांट किए गए आईईडी में विस्फोट हो गया। इस ब्लास्ट में कोबरा बटालियन 205 के इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य चार जवान मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से जख्मी हुए हैं।



### रूस के यूक्रेन पर मिसाइल हमले में 16 की मौत, 100 घायल

एजेंसी ▸▸ यूक्रेन

रूस ने बुधवार रात यूक्रेन के कई शहरों पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमला किया। इस हमले में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 100 लोग घायल हुए हैं। यह हमला हाल ही में हुए ईस्टर सीजफायर के बाद हुआ है। हमले में ओडेसा, कीव, ड्निप्रो और खारकीव जैसे बड़े शहरों को निशाना बनाया गया। ओडेसा में 8 लोगों की मौत हुई। राजधानी कीव में एक 16 मंजिला इमारत गिर गई, जहां मलबे से एक महिला और एक बच्चे को जिंदा निकाला गया। ड्निप्रो में 3 लोगों की मौत हुई और कई लोग घायल हुए। खारकीव में ड्रोन हमले में बुजुर्ग लोग घायल हुए। मायकोलाइव और खेरसोन में बिजली सप्लाई भी ठप हो गई।

### 5300 करोड़ रु. बचाने के लिए बीबीसी 2 हजार नौकरियां खत्म करेगा

एजेंसी ▸▸ ब्रिटेन

ब्रिटेन की पब्लिक ब्रॉडकास्टिंग संस्था बीबीसी ने बड़े पैमाने पर छंटनी करने का फैसला लिया है। अगले दो साल में करीब 2 हजार नौकरियां खत्म की जाएंगी, जिससे उसकी कुल वर्कफोर्स का लगभग 10% प्रभावित होगा। यह कदम 500 मिलियन पाउंड (करीब 5300 करोड़ रुपए) की बचत के लिए उठाया जा रहा है। बीबीसी के अंतरिम डायरेक्टर-जनरल रोड्री टैलफन डेविस ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह 2011 के बाद की सबसे बड़ी छंटनी होगी। अभी बीबीसी में करीब 21,500 कर्मचारी काम कर रहे हैं। डेविस ने माना कि यह फैसला कर्मचारियों के लिए अनियिश्चतता और चिंता पैदा करेगा, लेकिन मौजूदा आर्थिक हालात में यह जरूरी हो गया है।

संसद के विशेष सत्र के दौरान पीएम मोदी ने कहा

## अखिलेश मेरे मित्र, मदद कर देते हैं

### स्पीकर ने कहा- माइक सिर्फ आपका बंद होता है, राहुल मुस्कुराए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

संसद के विशेष सत्र के दौरान केंद्र सरकार ने गुरुवार को लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े संशोधन बिल पेश किए। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पीच के दौरान अखिलेश यादव को अपना दोस्त कहा। वहीं, राहुल गांधी ने जब के.सी. वेणुगोपाल से कहा कि आपका माइक बंद है, तो स्पीकर ने कहा- माइक सिर्फ आपका बंद होता है, उनका चालू है। इसके बाद दोनों मुस्कुराने लगे।

पीएम मोदी की स्पीच के दौरान सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने अपनी चेयर से खड़े होकर कहा- आप भी पिछड़ी जाति से हैं। पिछड़ों का ध्यान नहीं रखते।

ये पूरा देश देख रहा है। इस पर मोदी ने कहा- धर्मेंद्र जी, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मेरी पहचान करा दी। ये बात सही है कि मैं अति पिछड़े समाज से आता हूं और अखिलेश जी मेरे मित्र हैं तो कभी-कभी मदद कर देते हैं। पीएम की बातों सुनकर सपा सांसद अखिलेश यादव हंसे और हाथ जोड़कर झुके। अखिलेश के पीछे बैठी उनकी पत्नी और सपा सांसद डिंपल यादव भी मुस्कुराती नजर आईं।

#### शाह ने स्पीकर से कहा- आप दयालु, उनको ज्यादा समय दीजिएगा



लोकसभा में बिल पेश होने के तुरंत बाद, कांग्रेस सांसद के.सी. वेणुगोपाल ने इसका विरोध किया। स्पीकर ओम बिरला ने कहा- अभी बिल के इंट्रोडक्शन पर बोलना है। बिल पास थोड़ी हो रहा है। आप बाद में जितने घंटे समय मांगेगे मैं उतने घंटे बोलने के लिए दूंगा। इसके बाद अमित शाह ने खड़े होकर कहा- अभी सदन के सदस्य बिल के मेरिट्स पर कैसे बोल सकते हैं। अभी तकनीकी ऑब्जेक्शन पर ही बोल सकते हैं। उनको भाषण देने का पर्याप्त मौका मिलेगा। आप ज्यादा दयालु हैं, उनको ज्यादा समय दीजिएगा। हम भी कसकर जवाब देंगे। शाह के टोकने के बाद वेणुगोपाल ने फिर से बोलना शुरू किया तो राहुल ने माइक की तरफ इशारा करते हुए कहा- आपका माइक बंद है। इस पर स्पीकर ने कहा- माइक चालू है। आपका ही माइक बंद होता है। इनका बंद नहीं होता। इसके बाद राहुल और बिरला, दोनों मुस्कुराने लगे।

भारत की जनगणना 2027 Census of India

गृह मंत्रालय भारत सरकार

हमारी जनगणना हमारा विकास

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-1)

स्व-गणना क्या है?
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



- क्या स्व-गणना अनिवार्य है?
  नहीं, यह अतिरिक्त सुविधा है, यदि आप स्व-गणना नहीं करते तो प्रगणक आपके घर आकर जानकारी दर्ज करेगा
- क्या मैं किसी भी भाषा में स्व-गणना कर सकता / सकती हूँ?
  यह सुविधा हिंदी, अंग्रेजी और 14 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है
- क्या स्व-गणना के लिए इंटरनेट जरूरी है?
  हाँ, पोर्टल तक पहुँचने और जानकारी भरने के लिए इंटरनेट आवश्यक है
- क्या मेरी जानकारी सुरक्षित है?
  हाँ, सभी डेटा सुरक्षित, एन्क्रिप्टेड और सरकारी सर्वरों में संरक्षित है
- SE ID क्या है और इसका उपयोग क्या है?
  सबमिशन के बाद आपको एक विशिष्ट 11 अंकों की SE ID मिलेगी (SMS / email से), जिसे प्रगणक के आने पर उन्हें दिखाना आवश्यक होगा
- यदि SE ID भूल जाएँ तो क्या करें?
  पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से SE ID पुनः प्राप्त की जा सकती है
- क्या स्व-गणना के बाद भी प्रगणक आएगा?
  हाँ, प्रगणक आपके घर आएगा और SE ID के आधार पर जानकारी की पुष्टि करेगा
- क्या मुझे कोई दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता है?
  नहीं, किसी भी दस्तावेज़ को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है
- क्या पोर्टल पर सहायता उपलब्ध है?
  हाँ, पोर्टल पर, यूज़र गाइड, फ्लोचार्ट, ट्यूटोरियल वीडियो, FAQs और टूलटिप्स के रूप में सहायता उपलब्ध है

टोल फ्री - 1855

CBC 19108/13/0023/2627

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी

CensusIndia2027

## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

हाथ लकडिया चंदन की जै बोलो यशोदा नंदन की... हीरामिल गेट से पंचक्रोशी यात्रियों ने उत्साह से किया नगर प्रवेश

# पंचक्रोशी यात्रियों के स्वागत कर धर्मालुओं ने की सेवा

### आस्था की 118 किलोमीटर यात्रा कर कर्कराजेश्वर रेती घाट पहुंचे,आज अष्टतीर्थी यात्रा करेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गुरूवार को सुबह से पंचक्रोशी यात्रियों के नगर प्रवेश का क्रम शुरू हो गया था लेकिन यात्री इक्का-दुक्का ही आ रहे थे। दोपहर में 118 किलोमीटर की पंचक्रोशी यात्रा पूर्ण कर यात्रियों के जत्थों ने नगर प्रवेश किया। इस दौरान यात्री काफी जोश में दिखे और पूरे उत्साह से भजन गाते,नाचते उन्होंने नगर में प्रवेश किया। शहर के धमार्लुजनों ने भी उनका गर्मजोशी से स्वागत कर सेवा की।

विधि विधान से इस वर्ष पंचक्रोशी यात्रा की शुरूआत 10 अप्रेल से हुई थी। वैसे तो यात्री सप्तमी एवं अष्टमी से ही रवाना होना शुरू हो गए थे। सभी यात्रियों ने गुरूवार को नगर प्रवेश किया है। देर शाम तक श्रद्धालुओं के इक्का झदुक्का रूप से नगर प्रवेश का क्रम जारी रहा। सभी यात्री नगर प्रवेश के साथ ही रेती घाट कर्कराजेश्वर की और पहुंच रहे थे। शुक्रवार को यात्री अष्टतीर्थी यात्रा करेंगे। इसमें यात्री उत्तर वाहिनी के किनारे चलते हुए आठ तीर्थों के दर्शन के लाभ लेंगे। मंगलनाथ पर यात्रा पूर्ण होगी।





### दो दिनों से नगर प्रवेश जारी

इस वर्ष भी यात्री निश्चित तिथि वैशाख मास कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि से पूर्व ही शुरू हो गई थी। इसके चलते यात्रियों के नगर प्रवेश का क्रम भी बुधवार से ही शुरू हो चुका है। कम झकम संख्या में छोटे-छोटे ग्रुप यात्रियों का आगमन बना हुआ है। गुरूवार दोपहर को सर्वाधिक यात्रियों ने नगर प्रवेश किया है। ये एक बडे जत्थे के रूप में नगर प्रवेश करने पहुंचे और हीरामिल गेट से यात्रियों ने नगर में प्रवेश किया।

### आगे बैंड पिछे सिर पर पोटली और यात्री

नगर प्रवेश के पूर्व यात्रियों ने हीरा मिल चाल के वहां रूक कर कुछ देर विश्राम किया। यहां क्षेत्रीय धमार्लुओं के साथ ही अन्य ने मिलकर यात्रियों को शीतल जल की सेवा दी। इसके साथ ही यात्रियों को स्वल्पाहार के रूप में ककडी,चाय एवं अन्य खाद्य सामग्री भी वितरित की गई। दोपहर में ही चाल से हीरामिल गेट के बीच बैंड की धून बजने लगी और उसके बाद यात्री जत्थे के रूप में उसके पीछे झपीछे हो लिए। इस दौरान आगर रोड पर एक साईड पूरी तरह से यात्रियों से पट गई थी। यात्री जुलूस के रूप में नगर में आगे बढते गए और मालीपुरा होते हुए कर्कराजेश्वर की और रवाना हुए।

### चार द्वारपालों के दर्शन किए

पंचक्रोशी यात्रा के दौरान यात्रियों ने 84 महादेव में से पिंगलेश्वर, कायावरूहणेश्वर ,बिलकेश्वर एवं दुर्देश्वर भगवान के दर्शन किए हैं। वैशाख मास में इनके दर्शनों का विशेष महत्व उल्लेखित है। इस यात्रा में अंचल के श्रद्धालु बडी संख्या में शामिल होते हैं।

### कई यात्रियों ने दर्शन कर भगवान को बल लौटाया

यात्रा से लौटकर आ रहे कई यात्रियों ने गुरूवार को ही पटनी बाजार स्थित भगवान श्री नागचंद्रेश्वर के दर्शन किए । इस दौरान भगवान को प्रतिकात्मक घोडे और नारियल अर्पित कर यात्रा के लिए प्राप्त बल की वापसी का धन्यवाद दिया गया। यहां से कई श्रद्धालु अपने गंतव्य को रवाना हो गए हैं। शिप्रा नदी के रेती घाट सहित अन्य घाटों पर भी पंचक्रोशी यात्रियों का अच्छा खासा जमावडा देखा गया है। शुक्रवार को उत्तरवाहिनी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद यात्री अष्टतीर्थी यात्रा की शुरूआत करेंगे। इस वर्ष यात्रियों के साथ उज्जैन नगर निगम महापौर पवित्र नदियों का जल लेकर विधि विधान से पंचक्रोशी यात्रा पर निकले थे। उन्होंने भी पैदल चलकर यात्रा को पूर्ण किया। गुरुवार को महापौर ने यात्रियों के साथ ही नगर प्रवेश किया । इस दौरान हीरा मिल स्थित जैन मंदिर के सामने नगर निगम स्वागत मंच के माध्यम से पार्षदों द्वारा महापौर का पुष्पमाला एवं पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया गया।

## आवासीय अनुमति, चल रही थी होटलें...

नगर की संस्थाओं में जब भी कोई मामला उजागर होता है तो आश्चर्य वाला ही होता है। ऐसा नहीं है कि हमारे यहां ही ऐसा होता है। पास के शहर में जहां जमकर अधिकारियों कर्मचारियों की फौज है और देश का नंबर वन स्वच्छ शहर है में फिर एक मामला आश्चर्य वाला सामने आया है। मामले की शुरूआत एक माननीय के सदन में उठाए गए सवालों के बाद से पैदा हुई बताई जा रही है। उन्होंने कुल कालोनियों के साथ स्कीम नंबर 94 में आवासीय भूखंडों पर बने भवनों में होटल और होस्टल संचालित होने की जानकारी मांगी थी। इस पर पडोसी शहर की संस्था ने इस क्षेत्र में एक भी भवन अनुज्ञा इस तरह की जारी नहीं करने की जानकारी दी थी। अब प्रदेश के औद्योगिक राजधानी शहर की संस्था ने संबंधित क्षेत्रों में अनुमति के विपरीत चल रही 16 होटलों को सील करने की कार्यवाही कर दी है। शहर की संस्था ने सील की कार्रवाई तो कर दी है लेकिन मूल सवाल वहीं रह गया कि आखिर ऐसा हुआ कैसे और किसकी लापरवाही इसमें सामने आई और उसे इसके लिए क्या दंड दिया गया। खुसूर-फुसूर है कि ये हाल अकेले पडोसी के घर के नहीं हैं। प्रदेश भर में ही ऐसे कई मामले सामने हैं। पडोसी के दामन में दाग देखने के साथ महाआयोजन की तैयारी करने वाले शहर में भी ऐसे अनेकों मामले हैं। जिनकी संख्या एक दो - चार में नहीं सैंकडों में है। इसकी जिम्मेदार संस्था भी इससे जी चुराती है। हमारे यहां तो सैंकडों अवैध लेब ही संचालित हो रही है उन पर ही काबू करने में हमारा स्वास्थ्य बिगडा पडा है।




# नए संकेतकों और स्वच्छता घटकों पर हुआ विस्तृत प्रशिक्षण, शहर में बेहतर रैंकिंग का लक्ष्य

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की नवीन टूलकिट पर कार्यशाला आयोजित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की नवीन टूलकिट को लेकर गुरुवार को ग्रांड होटल के बैठक कक्ष में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में टूलकिट के माध्यम से शहर में स्वच्छता कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान टूलकिट में किए गए प्रमुख बदलावों, जोड़े गए नए संकेतकों तथा विभिन्न घटकों और उपघटकों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को बताया गया कि शहर में शत-प्रतिशत कचरा पृथक्करण सुनिश्चित किया जाए तथा जल संरचनाओं, बरसाती नालों और नालियों की नियमित सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।

इसके साथ ही नालों की कवरिंग, स्क्रीनिंग जाली लगाना, जुमार्ने एवं चेतावनी बोर्ड स्थापित करना, वेस्ट टू वंडर पार्क का संचालन, दीवारों पर स्वच्छता संबंधी स्लोगन और आकर्षक चित्रकारी करने जैसे बिंदुओं पर भी निर्देश दिए गए। बायोमेडिकल वेस्ट के लिए अलग व्यवस्था, निर्माण कार्यों के दौरान ग्रीन नेट से ढंकना तथा स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने पर भी जोर दिया गया।

कार्यशाला में यह भी बताया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में अधिकतम अंक प्राप्त करने के लिए शहर के प्रमुख चौराहों और दीवारों पर स्वच्छता संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री संतोष टैगोर, श्री पवन कुमार सिंह, श्री संदीप शिवा, उपायुक्त श्री योगेंद्र सिंह पटेल, श्री मनोज मौर्य, श्री संजेश गुप्ता सहित सहायक आयुक्तगण, कार्यपालन यंत्री, जोनल अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, पीआईयू एवं आईईसी सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## डॉ. अम्बेडकर के परपोते राजरत्न का किया स्वागत सम्मान






दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हमारे भारत के संविधान रचियता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के पर पोते राजरत्न अम्बेडकर, राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा के,बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन मे प्रथम आगमन पर माँ अहिल्या देवी की नगरी इंदौर के एरपोर्ट पर अजाक्स के पदाधिकारियों के साथ पहुंचकर मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी एवं मुकेश रायकवार उज्जैन जिला सचिव, साथ ही रवि सीहोते वाल्मिकी समाज अधिकारी कर्मचारी संघ सम्पूर्ण भारत इकाई उज्जैन के जिला अध्यक्ष द्वारा इंदौर एयरपोर्ट पर बाबा सहाब के पर पोते माननीय राजरत्न अम्बेडकर राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा,का बड़े हर्ष उल्लास के साथ भव्य स्वागत सम्मान किया गया।

इस शुभ अवसर पर उपस्थित माननीय सदाशिव सोनटक्के जी, प्रदेश अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा, माननीय डॉ. मालती झरबड़े जी प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा,माननीय डॉ.धर्मेन्द्र सोलंकी संभाग प्रभारी भारतीय बौद्ध महासभा उज्जैन साथ ही भारतीय बौद्ध के कई कर्मचारी गण उपस्थित रहे यह जानकारी जिला मिडिया प्रभारी रवि चौहान ने दी।

## कालिदास सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्र छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. द्वारा हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कालिदास मॉन्टेसरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल ऋषि नगर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं का 77.41% परिणाम रहा। दसवीं क्लास की छात्रा अनशिका



विनिता देवतवाल



जानवी सिंदल



अंशिका मौर्य

मौर्य 90.4 प्रतिशत जानवी सिंदल 90 प्रतिशत विनिता देवतवाल 87 प्रतिशत अमय नागर ने द्वितीय श्रेणी में उच्च प्रतिशत अंक लाकर इतिहास रचा है। इस उपलक्ष में संस्था अध्यक्ष माणकलालजी गिरिया, सचिव यशवंतजी जैन एवं प्राचार्या श्रीमती छाया पण्ड्या और सभी शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## नगर निगम का विशेष सम्मिलन आज

**उज्जैन।** उज्जैन नगर पालिक निगम का विशेष सम्मिलन आज शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा। यह सम्मिलन दोपहर 1:00 बजे छत्रपति शिवाजी भवन स्थित नगर निगम सभागृह में निगम अध्यक्ष कलावती यादव की अध्यक्षता में संपन्न होगा। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की जाएगी। इसके पश्चात 'नारी शक्ति वंदन' विषय पर विस्तृत चर्चा की जाएगी, जिसमें महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श होगा।

## शिवसेना संगठन ने की प्रदेश में प्रमुख पदों पर नियुक्तियां





**उज्जैन।** शिवसेना के मुख्य नेता एकनाथ शिंदे (उपमुख्यमंत्री, महाराष्ट्र शासन) एवं शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अडसुल के निदेर्शानुसार मध्यप्रदेश में संगठन को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसी क्रम में श्री सुरेश जी गुर्जर को पुनः मध्यप्रदेश शिवसेना प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है, साथ ही अधिवक्ता श्री राजीव चतुवेर्दी को भी पुनः मध्यप्रदेश शिवसेना का राज्य प्रमुख (अध्यक्ष ) नियुक्त किया गया है। दोनों ही पदाधिकारियों को उनके नियुक्ति पत्र प्राप्त हो चुके हैं, जो संगठन के प्रति उनके समर्पण और कार्यक्षमता का प्रमाण हैं। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में शिवसेना संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर कैप्टन अभिजीत अडसुल का आभार व्यक्त किया गया,

## ट्रैंडिंग




**सीबीएसई के निजी स्कूलों में ऐसे कई मामले सामने आए**

# थ्योरी में विद्यार्थी को 17 नंबर, प्रेक्टिकल में 20अंक पूरे...!

### प्रेक्टिकल अंक देने के मामले में कतिपय निजी स्कूलों पर सवाल खडा हुआ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिस विद्यार्थी की थ्योरी ही पूर्ण नहीं है और उसे प्रेक्टिकल में पूरे नंबर मिल जाएं इस पर सवाल खडा हो रहा है। इस बार के कक्षा 10 वीं बोर्ड के परिणाम में इसे लेकर बच्चों में भेदभाव की चर्चा आम है। कई ऐसे बच्चों का उदाहरण दिया जा रहा है जिन्हें परीक्षा की थ्योरी में कुल 80 में से 15 और 17 नंबर मिले हैं लेकिन इंटरनल कहे जाने वाले प्रेक्टिकल में 20 में से पूरे 20 अंक दिए गए हैं। सीधे तौर पर ही इस पर सवाल खडा होना लाजिमी है।

बुधवार को जारी सीबीएसई एवं मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के कक्षा 10 वीं परिणाम के उपरांत विद्यार्थी इसका विश्लेषण कर रहे हैं। इस विश्लेषण में शहर के कतिपय निजी सीबीएसई विद्यालयों में दिए गए इंटरनल अंकों को लेकर भेदभाव का सवाल खडा हो रहा है। ऐसा एकाध नहीं अनेक स्कूलों में बच्चों के विश्लेषण में सामने आ रहा है। इसके चलते थ्योरी में अच्छे नंबर लाने वाले विद्यार्थी को इंटरनल यानिकी प्रेक्टिकल में कम अंक दिए गए और थ्योरी में कम अंक यहां तक की पासिंग अंक लाने वाले विद्यार्थियों को प्रेक्टिकल के पूरे अंक दिए जाने पर सवाल खडा हो रहा है।

### ऐसे समझें मामले को

एक सीबीएसई निजी विद्यालय में कक्षा 10 वीं के 40 विद्यार्थी में से 15 को प्रेक्टिकल के पूरे अंक 20 में से 20 दिए गए,जबकि उन्हें थ्योरी के 80 अंक में से मात्र 15 से 17 अंक ही मिले हैं। इसके विरूद्ध कक्षा के शेष 25 बच्चों ने थ्योरी के 80 अंकों में से किसी ने 60 फीसदी एवं किसी ने 70 फीसदी अंक अर्जित किए उसके बावजूद उन्हें प्रेक्टिकल के इंटरनल स्कूल से 20 में से किसी को 12 और किसी को 15 से 17 अंक ही दिए गए।

### ऐसे होती है इंटरनल प्रेक्टिकल परीक्षा

इधर शिक्षा विभाग के अधिकारी बताते हैं कि प्रेक्टिकल परीक्षा के अलग-अलग विषयों के लिए बाहर से दुसरे विद्यालय से एक्सटर्नल को भेजा जाता है। वे प्रेक्टिकल की परीक्षा लेकर मौखिक रूप से सवालों के जवाब जिसे वाय-वाय कहा जाता है लेते हैं। इसी आधार पर विद्यार्थियों को नंबर दिए जाते हैं। इस पूरे कार्य में एक्सटर्नल के साथ विद्यालय प्रबंधन की और से एक प्रमुख शिक्षक एक्सटर्नल का सहयोगी बनाया जाता है। उसी के प्रबंधन में यह पूरी परीक्षा ली जाती है। आने वाला एक्सटर्नल निजी स्कूल के प्रबंधन से सहयोगात्मक स्थिति में प्रभावित ही रहता है।



### मुख्य परीक्षा से पूर्व बोर्ड में पहुंचते हैं नंबर

निजी विद्यालयों में नियमित विद्यार्थियों की प्रेक्टिकल परीक्षा बोर्ड की मुख्य परीक्षा से पूर्व ही आयोजित कर ली जाती है। एक्सटर्नल परीक्षा लेकर नंबर की शीट तैयार कर उस पर हस्ताक्षर कर संबंधित स्कूल को देते हैं। दावा तो यहां तक किया जा रहा है कि एक्सटर्नल बोर्ड को आनलाईन विद्यार्थियों के नंबर नामजद विद्यालय से ही भेजते हैं। मुख्य परीक्षा के आयोजन के बाद थ्योरी के नंबर सहित प्रेक्टिकल के नंबर घोषित किए जाते हैं।

> ऐसा है तो गलत है। विद्यार्थी की क्षमता के आधार पर ही प्रेक्टिकल के अंक कापी की जांच एवं वाय-वाय के आधार पर ही दिए जाते हैं। अगर बच्चे स्वयं की कापी देखना चाहें तो सूचना के अधिकार सहित अन्य प्रावधान में कापी की जेराक्स ले सकते हैं। दुसरे की कापी का प्रावधान नहीं है। लिखित शिकायत पर हीं इसमें सीबीएसई एक्शन लेगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल के मामले में समन्वय संस्था में प्रेक्टिकल की कापी जमा होती है।
>
> -महेन्द्र खत्री, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी, उज्जैन

### कोचिंग का टंटा भी सवालों में

बच्चे विश्लेषण के साथ बताते हैं कि कतिपय निजी उनके विद्यालय में कुछ बच्चे स्कूल शिक्षक के यहां ट्यूशन पर जाते थे उन्हें प्रेक्टिकल में 20 के 20 मार्क एवं न्यूनतम 18 मार्क दिए गए हैं। कहीं भी टयूशन न जाने वाले एवं अन्य कोचिंग पर जाने वाले विद्यार्थियों को 20 में से 12 से 17 अंक ही प्रेक्टिकल में दिए गए हैं। बच्चे नाम न छापने की शर्त पर ऐसे कई विद्यार्थियों के नाम भी गिनाते हैं। निजी कोचिंग वाले भी इसकी पुष्टि करते हैं ।

### ऐसे पिछडे योग्य

बच्चों ने बताया कि थ्योरी में अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थी को 77 प्रतिशत अंक मिले। अगर प्रेक्टिकल के उसे पूरे अंक मिल जाते तो वह 80 प्रतिशत अंक की स्थिति में रहता। इसकी अपेक्षा थ्योरी में न्यूनतम अंक लाने वाले विद्यार्थी को प्रेक्टिकल में पूरे अंक मिलने पर उसका परिणाम उच्च हो जाता है।

### ये है पासिंग मार्क का गणित

सीबीएसई में विद्यार्थी को प्रेक्टिकल एवं थ्योरी दोनों मार्क जोडकर पास किया जाता है। थ्योरी के 80 नंबर का पेपर होता है। एवं प्रेक्टिकल 20 नंबर का ऐसे में विद्यार्थी को थ्योरी में अगर 13 नंबर आए और प्रेकिटकल में उसे 20 के पूरे 20 मिलते हैं तो उसे पास माना जाता है। इसकी बजाय माध्यमिक शिक्षा मंडल में विद्यार्थी को एक तिहाई अंक पास होने के लिए थ्योरी एवं प्रेकिटकल दोनों में अलग-अलग लाना होता है।

## तेलगु फिल्म अभिनेत्री सोनल चौहान ने किए महाकाल दर्शन

### नंदी जी का पूजन कर कान में कही मनोकामना



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हिंदी और तेलगु फिल्म की प्रसिद्ध अभिनेत्री और मिस वर्ल्ड टूरिज्म का खिताब जीतने वाली सोनल चौहान गुरुवार को महाकाल मंदिर पहुंचीं। उन्होंने तड़के चार बजे होने वाली भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।

सोनल चौहान, ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन करने के लिए रात करीब दो बजे महाकाल मंदिर पहुंचीं। इस दौरान करीब दो घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती में शामिल हुईं। सोनल ने नंदी जी का पूजन कर कान में अपनी मनोकामना कही।

आरती के दौरान भगवान महाकाल का जाप करते हुए नजर आईं सोनल ने आरती के बाद भगवान महाकाल की देहरी से दर्शन कर जल अर्पित कर भगवान का आशीर्वाद लिया। महाकाल मंदिर समिति की ओर से सोनल का सम्मान किया गया।

सोनल चौहान ने कई तेलुगु और हिंदी फिल्मों में काम किया है। वे 2005 में फेमिना मिस इंडिया और 2005 में मिस वर्ल्ड टूरिज्म की विजेता भी रही हैं। उन्होंने हिंदी फिल्म जन्नत और तेलुगु फिल्म रेनबो से अपने अभिनय से करियर की शुरूआत की थी।



नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### निर्माण श्रमिकों के मेधावी बच्चों को मिलता है 25 हजार का प्रोत्साहन

**इंदौर।** राज्य शासन द्वारा निर्माण श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा सुपर 5000 योजना वर्ष 2013 से संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 25 हजार की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। योजना के अनुसार, राज्य मेरिट में टॉप 5000 योजना में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को यह लाभ मिलेगा। कक्षा 10वीं में राज्य स्तर की टॉप 5000 योजना में मेरिट में स्थान होना आवश्यक है, जबकि कक्षा 12वीं में अपने-अपने संकाय (विज्ञान, वाणिज्य, कला) की टॉप 5000 मेरिट योजना में शामिल होना अनिवार्य होगा।

### शिक्षा के स्तर में वृद्धि के लिये की गई पहल रंग लाई

**इंदौर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा बुधवार को प्रदेश में हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा-2026 के परिणाम घोषित किए गए। इस वर्ष इंदौर संभाग के जिलों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। हाईस्कूल परीक्षा में इंदौर संभाग का आलीराजपुर जिला 92.14 प्रतिशत परिणाम के साथ प्रदेश में द्वितीय स्थान पर रहा है। ज्ञात हो कि गत वर्षों में इन दो जिलो में बोर्ड की परीक्षाओं में साधारण परिणाम प्राप्त हुए थे। जबकि वर्ष 2026 की परीक्षा परिणामों ने संभाग के जनजातीय जिलों की शिक्षा में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी की है। संभागीय संयुक्त संचालक श्रीमती अनीता चौहान द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संभाग के झाबुआ जिले में हाईस्कूल के परिणामों में गत वर्ष का परिणाम 83.88 था वहीं इस वर्ष 87.83 प्रतिशत के साथ 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई हैं वहीं हायर सेकेंडरी में गत वर्ष का प्रतिशत 82.12 था, वहीं इस वर्ष 93.23 प्रतिशत के साथ 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### ओंकारेश्वर में 21 अप्रैल तक आचार्य शंकर प्रकटोत्सव मनाया जाएगा

**इंदौर।** आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, मध्य प्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य के प्रकटोत्सव वैशाख शुक्ल पंचमी के उपलक्ष्य में एकात्म पर्व का पंच दिवसीय भव्य आयोजन 17 से 21 अप्रैल, 2026 तक ओंकारेश्वर के मांधाता पर्वत पर स्थित एकात्म धाम में आयोजित किया जा रहा है । इस कार्यक्रम का शुभारंभ 17 अप्रैल को प्रातः 9.30 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, द्वारका पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी के पावन सान्निध्य तथा विवेकानंद केंद्र की उपाध्यक्ष पद्मश्री निवेदिता भिड़े, स्वामी शारदानंद सरस्वती की उपस्थिति में होगा। आगामी 21 अप्रैल को शंकरावतरणम् में संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि और चिन्मय मिशन के स्वामी तेजोमयानंद सरस्वती, दक्षिणामूर्ति मठ, के प्रमुख स्वामी पुण्यानंद गिरि, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति बी. राम सुब्रमण्यम प्रमुख रूप से सम्मिलित होंगे।

### ग्रीष्म ऋतु गंभीर स्वास्थ्य समस्या होती रखें सावधानी

**इंदौर।** ग्रीष्म ऋतु में तापमान बढ़ने और गर्म हवा लगने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती है। वृद्ध, बच्चे, खिलाड़ी, धूप में काम करने वाले श्रमिक सर्वाधिक खतरे में रहते हैं। पसीना न आना, गर्म-लाल एवं शुष्क त्वचा, मतली, सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, उल्टियां होना, बेहोश हो जाना एवं पुतलियां छोटी हो जाना अत्यधिक गर्मी से प्रभावित होना व तापघात के प्रमुख लक्षण एवं संकेत हैं। गर्मी व तापघात से बचाव के लिए खूब पानी पिएं व खाली पेट न रहें, शराब व चाय-कॉफी के अधिक सेवन से बचें, ठण्डे पानी से नहाएं, सर ढके व हल्के रंग के ढीले व पूरी बांह के कपड़े पहने, बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़े, दिन में 12 से 04 के मध्य बाहर जाने से बचें, धूप में नंगे पाँव न चलें, बहुत अधिक भारी कार्य न करें। बाहर निकलना आवश्यक हो तो छतरी व धूप के चश्मे का उपयोग करें, धूप में निकलने से पहले कम से कम दो गिलास पानी अवश्य पिएं, बुखार व तापघात होने पर निकट के अस्पताल में संपर्क कर आवश्यक दवा का उपयोग सुनिश्चित करें। ड.फर. का घोल, नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी, फलों का रस इत्यादि का सेवन लाभदायक होता है। ये सभी उपाय कर हमें गर्मी के प्रभाव से बचाते हैं।

### इंदौर के महापौर सचिवालय में हुआ नारी संवाद

**इंदौर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में गुरुवार को महापौर सचिवालय में नारी संवाद हुआ। कार्यक्रम महापौर पुष्यमित्र भार्गव और भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। महिलाओं ने इसमें भाग लेकर अपने विचार साझा किए और इस विधेयक को अपना समर्थन दिया।

महापौर ने कहा कि पिछले 15-20 सालों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है और लगभग हर सेक्टर में 30 प्रतिशत तक महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं। ऐसे में यह अधिनियम इस बदलाव को और गति देगा व महिलाओं के निर्णय लेने की मुख्यधारा में लाएगा। महापौर और भाजपा नगर अध्यक्ष ने महिलाओं से संवाद करते हुए अधिनियम के महत्व और संभावित प्रभावों के बारे में विस्तार से बातचीत की। महापौर बोले यह कानून केवल महिलाओं के सशक्तिकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं द्वारा सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह आने वाली पीढ़ियों की दिशा और दशा तय करने वाला परिवर्तनकारी कानून साबित होगा।

## यूनिपोल का जालः शास्त्री ब्रिज पर ही लगे हैं 12 होर्डिंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में यूनिपोल और होर्डिंग्स का जाल लगातार फैलता जा रहा है। शास्त्री ब्रिज पर ही 10-12 बड़े होर्डिंग्स लगे हुए हैं। सबसे खास बात यह है कि शहर में कितने वैध और किसने अवैध होर्डिंग्स हैं, इसके बारे में निगम को ही नहीं पता है।

कोर्ट की फटकार के बाद सर्वे का काम शुरू तो हुआ, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हो सका है। इसी बीच स्मार्ट सिटी कंपनी ने भी एलईडी स्क्रीन लगाई है, जिस पर विज्ञापन दिखता है। बताया जा रहा है कि इसके टेंडर की भी समय सीमा पहले ही पूरी हो चुकी है।



### शहर में कहीं छोटे तो कहीं बड़े यूनिपोल

इधर, शहर में 5-6 हजार एलईडी स्क्रीन और लगाने की तैयारी है। वहीं हवा-आंधी में हमेश यूनिपोल गिरने की आशंका बनी रहती है। इसकी भी कोई तैयारी नहीं है। शहर में कहीं छोटे तो कहीं बड़े यूनिपोल खड़े हो चुके हैं, लेकिन निगम का मार्केट विभाग इस पर कोई ठोस निगरानी नहीं कर रहा। जेंट्री गेट अब नेताओं के प्रचार का माध्यम बन चुके हैं। कुछ साल पहले शहर की सुंदरता के नाम पर होर्डिंग्स हटाए गए थे, लेकिन अब फिर से डिवाइडर, साइकिल स्टैंड और चार्जिंग स्टेशनों तक बड़े विज्ञापन बोर्ड खड़े हो गए हैं।

### पोल और डिवाइडर भी नहीं बचे

निगम अब अपने साढ़े छह हजार पोल पर भी एलईडी लगाने की तैयारी में है। इसके लिए चार करोड़ सालाना का ठेका प्रस्तावित है। हाल ही में 10 सड़कों के डिवाइडर पर 300 से ज्यादा ह्यलॉलीपॉपह्न लगाने का ठेका 1.65 करोड़ में दिया है। अगर डिवाइडर पर भी एलईडी लगती हैं तो वहां चलने की जगह और कम हो जाएगी। एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर ने अवैध होर्डिंग, यूनिपोल और टेंडर घोटाले का आरोप खुद की निगम पर ही लगाया था।

शहर में अब 5 से 6 हजार एलईडी स्क्रीन लगाने की तैयारी है। हद यह है कि खुद एमआईसी ने इसे मंजूरी दी है, जबकि एमआईसी सदस्य शहर में हो रहे विज्ञापन को लेकर विरोध भी दर्ज करवा रहे हैं। नगर निगम के 44 जेंट्री गेट और 3 पैदल पुलों का ठेका दो साल पहले खत्म हो चुका है। इसके बाद से यहां मुफ्त में विज्ञापन हो रहा है। दो बार टेंडर निकाले, लेकिन शर्तें इतनी जटिल और राशि इतनी ज्यादा रखी गई कि कोई ठेकेदार आगे नहीं आया। अब तीसरा टेंडर जारी किया गया है, जिसमें साढ़े छह करोड़ रुपए की मांग रखी गई है।

मप्र नगर निगम अधिनियम तथा मप्र आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के अनुसार डिवाइडर और फुटपाथ पर होर्डिंग/विज्ञापन बोर्ड लगाना प्रतिबंधित है, इसके बावजूद शहर के सेंट्रल डिवाइडर, फुटपाथों, ट्रैफकि सिग्नल के पास, ऐतिहासकि धरोहरों और महापुरुषों की प्रतिमाओं के आसपास अवैध यूनिपोल और होर्डिंग लगाकर विज्ञापन चलाए जा रहे हैं। निगम को इस तरह की शकियतें भी मिली हैं कि दरें 2019 वाली ही लागू रखी गईं, जिससे चार साल की अवधि में लगभग 16 करोड़ रुपए की राजस्व हानि हुई।

## कर्ज वसूली के नाम पर बुजुर्ग दंपत्ति को बनाया बंधक

### किडनी निकालने की भी दी धमकी, मारूति नगर क्षेत्र में फिर सक्रिय बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर के मारुति नगर क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां कर्ज वसूली के लिए आए तीन युवकों ने एक बुजुर्ग दंपत्ति को बंधक बना लिया। आरोपियों ने खुद को उनके बेटे का दोस्त बताकर घर में प्रवेश किया और फिर पूरी रात दंपत्ति को डराकर अपने कब्जे में रखा।

जानकारी के मुताबिक, दंपत्ति के बेटे अंकित जोशी ने आरोपियों से लाखों रुपये उधार लिए थे, लेकिन पिछले करीब 20 दिनों से वह लापता है। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है, जिससे आरोपी लगातार परेशान थे। इसी के चलते वे सीधे उसके घर पहुंच गए।

जब घर पर अंकित नहीं मिला, तो आरोपियों ने उसके माता-पिता को ही बंधक बना लिया और बेटे को बुलाने के लिए दबाव बनाने लगे। इस दौरान उन्होंने दंपत्ति को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी, यहां तक कि किडनी निकालकर बेचने की बात भी कही, जिससे दोनों बुरी तरह सहम गए।

दंपत्ति के अनुसार, आरोपियों ने उनके मोबाइल फोन भी छीन लिए और घर की तलाशी ली। पूरी रात तीनों आरोपी घर में ही मौजूद रहे और उन्हें बाहर निकलने नहीं दिया। सुबह के समय जब अंकित के पिता रमेश जोशी, जो एक निजी कंपनी में सुरक्षा गार्ड हैं, ड्यूटी के लिए निकलने लगे तो एक आरोपी उनके साथ जाने लगा। इसी दौरान रमेश जोशी ने सूझबूझ दिखाते हुए आरोपी को चकमा दिया और सीधे हीरानगर थाने पहुंचकर पुलिस को पूरी जानकारी दी।



**पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई-** बुजुर्ग की शिकायत मिलते ही थाना प्रभारी सुशील पटेल ने तत्काल टीम गठित कर घर पर दबिश दी। पुलिस ने बुजुर्ग महिला को आरोपियों के कब्जे से सुरक्षित छुड़ाया और तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपहरण, बंधक बनाने और धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है और आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

**मोबाइल छीने, धमकियां देकर बनाया बंधक-** आरोपियों ने घर में घुसते ही बुजुर्ग दंपती के मोबाइल छीन लिए और उन्हें बंधक बना लिया। बदमाशों ने धमकी दी कि यदि उनका बेटा नहीं मिला तो वे दोनों को जबरन बिहार ले जाएंगे। इतना ही नहीं, आरोपी पूरी रात घर में ही डटे रहे और दंपती पर नजर रखी, जिससे वे किसी से संपर्क न कर सकें।

### 40 लाख की वसूली के लिए घर में घुसे आरोपी

पुलिस के मुताबिक, मारुति नगर निवासी रमेश जोशी (63), जो सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं और वर्तमान में सिक्योरिटी गार्ड का काम करते हैं, उनके बेटे अंकित जोशी पर करोड़ों रुपए का लेनदेन बकाया है।बताया जा रहा है कि अंकित पिछले करीब 20 दिनों से लापता है। इसी को लेकर रविवार को अभिषेक, अंकित और गुलशन नाम के तीन युवक 40 लाख रुपए की वसूली के लिए रमेश जोशी के घर पहुंचे और जबरन अंदर घुस गए।

## मोरोद माचल में मंडी की जमीन को लेकर फिर बनेगी योजना

### विभागीय समन्वय बैठाने कलेक्टर लेगे बैठक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मोरोद माचल में अनाज मंडी का निर्माण होना था। इसके लिए जमीन अधिग्रहण का जिम्मा इंदौर विकास प्राधिकरण को सौंपा था। प्राधिकरण ने वन कंपनी से जमीन लेने की प्रक्रिया पूरी कर ली थी। इसकी की रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी, ताकि काम जल्द शुरू किया जा सके। इसी बीच, फिर जमीन को लेकर यहां पेंच फंस गया। इससे मंडी निर्माण की प्रक्रिया पर उलझकर रह गई। मंडी सचिव ओमप्रकाश खेड़े ने बताया कि नए सिरे से मंडी निर्माण को लेकर कार्ययोजना बनाई जाएगी। कार्ययोजना के बाद कलेक्टर शिवम वर्मा दोनों विभागों के साथ बैठक लेंगे। बैठक में आपसी समन्वय बनाया जाएगा, ताकि जल्द से जल्द काम कंधेरगति मिल सके। उधर, स्थानांतरण को लेकर संयोगितागंज के व्यापारी भी सहमत नहीं है। उनका कहना है कि शहर से बाहर मंडी जाने से उनका कारोबार प्रभावित होगा। हालांकि, संयोगितागंज मंडी में व्यापारियों और दलालों की संख्या में अपेक्षाकृत बढ़ोतरी होने से अब यहां स्थान कम पड़ने लगा है।

### मप्र बोर्ड नतीजों में उज्जैन के विद्यार्थियों का जलवा

## 12वीं में ज्योति और 10वीं में आस्था ने बढ़ाया मान



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एमपी बोर्ड की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के साथ ही उज्जैन के विद्यार्थियों ने प्रदेश स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम गौरवान्वित किया है। विभिन्न संकायों और कक्षाओं में छात्रों ने स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य विभा शर्मा के अनुसार, कक्षा 12वीं के आर्ट संकाय में ज्योति यादव ने 97 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इसके अलावा उत्कृष्ट विद्यालय की ही प्रभा पालीवाल ने गणित संकाय में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इन दोनों छात्राओं के प्रदर्शन ने विद्यालय और जिले को गौरवान्वित किया है।

### इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन रीजन का एरिया अब 16087 वर्ग किमी

**इंदौर।** इंदौर सहित पांच अन्य जिलों को जोड़कर बनने वाले इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन रीजन (आईयूएमआर) को लेकर अंततः एरिया फाइनल हो गया है। अब इस अथॉरिटी का क्षेत्राधिकार 16087 वर्ग किमी होगा। जल्द ही इसे नोटिफिकेशन के लिए राज्य सरकार को भेजा जाएगा। भोपाल मेट्रोपॉलिटन का एरिया पहले ही फाइनल होकर नोटिफिकेशन के लिए जा चुका है। संभवतः इसी माह के अंत में दोनों अथॉरिटी का एरिया नोटिफाई हो जाएगा।

## रेलवे के तत्काल टिकट की तरह हो सकेगी महाकाल मंदिर के भस्म आरती दर्शन की बुकिंग

### महाकाल मंदिर में भस्म आरती दर्शन बुकिंग की पूरी व्यवस्था ऑनलाइन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में भस्म आरती दर्शन बुकिंग की पूरी व्यवस्था ऑनलाइन हो गई है। मंदिर समिति ने ऑफलाइन काउंटर से बुक होने वाली 300 निःशुल्क सीटों को भी ऑनलाइन कर दिया है। भक्त अब रेलवे के तात्काल टिकट की तर्ज पर एक दिन पाहले तत्काल में प्रति व्यक्ति 200 रुपये शुल्क चुकाकर इन सीटों की बुकिंग करा सकते हैं।

महाकाल मंदिर में प्रतिदिन तड़के 4 से 6 बजे तक भगवान महाकाल की भस्म आरती होती है। मंदिर समिति प्रतिदिन 1700 श्रद्धालुओं को भस्म आरती दर्शन की अनुमति प्रदान करती है। इनमें 400 सीट ऑनलाइन, 300 सीट ऑफलाइन तथा एक हजार अनुमति प्रोटोकॉल के तहत जारी की जाती है। ऑनलाइन व प्रोटोकॉल अनुमति के लिए प्रति व्यक्ति 200 रुपये शुल्क चुकाना होता है। जबकि श्री महाकाल महालोक के नंदी द्वार के समीप स्थित भस्म आरती काउंटर से सामान्य दर्शनार्थियों को दी जाने वाली 300 अनुमति निःशुल्क थी।





### ऑफलाइन कोटा खत्म, अब सब कुछ ऑनलाइन

करीब एक सप्ताह पहले भस्म आरती दर्शन में बड़ा बदलाव करते हुए मंदिर समिति ने निःशुल्क दी जाने वाली ऑफलाइन दर्शन सुविधा को समाप्त कर दिया है। इन 300 सीटों की बुकिंग अब 200 रुपये शुल्क के साथ एक दिन पहले तत्काल में होगी।

### एक माह पहले और आरती दर्शन की व्यवस्था

भस्म आरती की ऑनलाइन 400 सीट पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार आवंटित की जा रही है। इसके लिए भी प्रति व्यक्ति 200 रुपये शुल्क पूर्व से निर्धारित है। हमेशा की तरह यह ऑनलाइन बुकिंग एक माह पहले की जा सकती है। इसके साथ ही महाकाल मंदिर में शाम 7 बजे होने वाली संध्या तथा रात 10.30 बजे होने वाली शयन आरती दर्शन की बुकिंग भी शुरू हो गई है। कोई भी व्यक्ति प्रतिदिन दोपहर 12 बजे संध्या आरती तथा शाम को 4 बजे शयन आरती की ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। इसके लिए प्रति व्यक्ति 250 रुपये शुल्क निर्धारित है। भस्म आरती की तरह इन दोनों आरती की बुकिंग भी भक्तों को मंदिर की वेबसाइट पर कराना है। रेलवे टिकटों की तर्ज पर एक दिन पहले होने वाली तत्काल बुकिंग मंदिर की वेबसाइट पर प्रतिदिन सुबह 8 बजे खुलेगी। लिंक खुलते ही दर्शनार्थियों को बुकिंग शुरू करना है।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 19 अप्रैल को मार्ग निर्माण के लिए उज्जैन से भूमि पूजन करेंगे

## उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड मार्ग निर्माण की समीक्षा की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिए गए निर्देश पर उज्जैन- जावरा ग्रीन फील्ड मार्ग बनाया जाना प्रस्तावित है इसके लिए आज संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने रतलाम कलेक्टर कार्यालय में पहुंचकर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह और एमपी आरडीसी के अधिकारियों के साथ इस संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में बताया गया कि उज्जैन जावरा ग्रीन फील्ड मार्ग में उज्जैन और रतलाम के जिले के गांव आ रहे हैं। इनमें भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। जावरा से लेकर महू नीमच मार्ग तक जोड़ने के लिए प्रस्तावित भूमि के लिए आज समीक्षा की गई। जिसमें संभाग आयुक्त ने निर्देश दिए कि कलेक्टर रतलाम इस संबंध में अवार्ड पारित करें और सभी राजस्व के अधिकारी किसानों से चर्चा कार्यवाही सुनिश्चित करें। संभाग आयुक्त ने बताया कि? मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 19 अप्रैल को इस मार्ग निर्माण के लिए उज्जैन से भूमि पूजन करेंगे । दोनों छोर से काम शुरू करने के लिए आवश्यक है कि भूमि अधिग्रहण के साथ अन्य कार्यवाही भी समय पर पूर्ण हो जाए ।उज्जैन की तरफ से मार्ग निर्माण का कार्य जल्द शुरू होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार यह बहु उपयोगी मार्ग है और इस मार्ग के बनने से उज्जैन-जावरा की दूरी भी कम हो जाएगी।




### दंगवाडा में बोरेश्वर महादेव मंदिर के समीप घाट की सफाई की गई

जल गंगा संवर्द्धन अभियान के तहत जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड बड़नगर जिला उज्जैन के प्रस्फुटन ग्राम दंगवाड़ा बोरेश्वर महादेव चंबल नदी के घाट की सफाई की गई। यहां सभी को जल संवर्द्धन की शपथ दिलाई गई। जल जन जागरूकता को लेकर रैली भी निकाली गई। इस दौरान जनपद पंचायत सदस्य नागेश्वर मारू, सांसद प्रतिनिधि रवि रावल जिला समन्वयक जय दीक्षित, विकासखंड समन्वयक रेणुका श्रोत्रिय मेंटर्स आशुतोष शर्मा, अर्जुन सिंह डोडिया, जीवन शर्मा, श्री वीरेंद्र पंड्या, नवांकुर संस्था से पीयूष आचार्य, इंदरसिंह भाटी, दिलीप चोधरी, फुलदास बैरागी,छात्र छात्राओं सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## इंदौर में पहलः खेतों में लग रही कृषि पाठशाला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

जहां आमतौर पर पाठशाला का मतलब स्कूल, छात्र और शिक्षक से होता है, वहीं प्रदेश के इंदौर जिले में एक अनोखी पहल देखने को मिल रही है। यहां ह्लकृषि सखियों की पाठशालाह्व में न तो पारंपरिक शिक्षक हैं और न ही छात्र-बल्कि किसान दीदियां ही शिक्षक बनकर किसानों को खेती के नए तरीके सिखा रही हैं। इंदौर जिले के महू जनपद में संचालित इस अनूठी पहल के तहत स्व-सहायता समूह की महिलाएं किसानों को प्राकृतिक खेती, किचन गार्डन और आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दे रही हैं।

कृषि सखी एवं संध्या सेल्फ हेल्प ग्रुप की अध्यक्ष पवित्रा निनामा ने बताया कि उन्होंने पांच गांवों में 100 से अधिक किसान परिवारों को किचन गार्डन विकसित करने के लिए प्रेरित किया है। इससे न केवल प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिला है, बल्कि किसानों को आर्थिक बचत के साथ बेहतर स्वास्थ्य का लाभ भी मिल रहा है। किसान अब अपने घरों में उगाई गई सब्जियों का उपयोग कर रहे हैं।

## न्यूज कालम



## कलेक्टर के निर्देश पर जिले मेंओवरलोड वाहनों पर की जा रही कार्रवाई

**आलीराजपुर।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने सड़क सुरक्षा बैठक में जिला परिवहन अधिकारी सुश्री कृतिका मोहटा को ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी के परिपालन में जिला परिवहन विभाग द्वारा आज जोबट क्षेत्र में ओवरलोडिंग वाहनों पर कार्रवाई की गई।कार्रवाई के दौरान परिवहन विभाग ने उन वाहनों पर विशेष ध्यान दिया जो क्षमता से अधिक सवारियां ले जा रहे थे, साथ ही गाड़ी के ऊपर एवं बाहर लटकाकर यात्रियों को ले जाने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। इस दौरान तूफान वाहन को अग्रवाल पेट्रोल पंप के पास रोक कर कार्रवाई की गई जिसने वाहन में क्षमता से ज्यादा लोगों को वाहन में बैठाया गया था। पुलिस के सहयोग से वाहन को पकड़ कर जब्त कर जोबट थाने में खड़ा कराया गया।

## श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव में किया भागवताचार्य पं. शर्मा का स्वागत



**सनावद।** सनावद नार्मदीय इकाई एवं मध्यप्रदेश नर्मदा फाउंडेशन अध्यक्ष राजेंद्र बर्वे एवं समाज जन ने।प पीयूष शर्मा द्वारा ज्ञान गंगा बहाते हुए श्रीकृष्ण रूखमणी विवाह भक्तो को सुनाया एवं झाँकी के रूप में श्रीकृष्ण रूखमणी विवाह सपंन्न कराया।सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुषों को जल जंगल जमीन व पर्यावरण संरक्षण एवं नर्मदा शुद्धिकरण का संकल्प प राजेन्द्र बर्वे द्वारा दिलाया गया।इस अवसर पर प संतोष पूरे, प कपिल करहे, डॉ संजय सोहनी, जितेन्द्र चोकड़े, जितेन्द्र गीते, प गोपाल शर्मा एवं संगठन के सदस्य उपस्थित थे।यह कार्यक्रम बड़ूद माँगलिक भवन में सम्पन्न हुआ।

## जिले में बढ़ती गर्मी के चलते कलेक्टर ने स्कूल समय १बजे तक किया

**नीमच।** इस सप्ताह प्रतिदिन तापमान में वृद्धि हो रही है गर्मी और ल से बचाव के लिए लोग उपाय कर रहे हैंद्य तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है वर्तमान में जिले में अत्यधीक नर्मी एवं बढ़ ते तापमान को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के हित में जिलान्तर्गत संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय/अनुदान प्राप्त/मान्यता प्राप्त/माध्यमिक शिक्षा मण्डल/सी.बी.एस.ई./आई.सी.एस. ई. विद्यालयों का समय प्रातः 7.30 से दोपहर 1 बजे तक नियत किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा । इस आदेश से मौसम की प्रतिकूलता और मौसम विभाग की बढ़ते तापमान की भविष्यवाणी अनुसार बच्चों के स्वास्थ्य के लिये समय संशोधन अच्छा रहेगा।

## 5 सिखों को अमृत संचार करवाया, लुधियाना वाले का गुरबाणी कीर्तन

**उज्जैन।** बैसाखी पर्व (खालसा सृजन दिवस) पांच सिखों को अमृत संचार एवं शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया। श्री गुरु सिंघ सभा दूध तलाई के अध्यक्ष इकबाल गांधी ने बताया कि प्रिंसिपल सुखवंत सिंह (लुधियाना वाले) ने गुरबाणी कीर्तन किया। संभागीय अध्यक्ष सुरजीतसिंह डंग ने बताया कि बैसाखी के दिन गुरुजी ने सभा में पूछा कि कौन अपना सिर देने के लिए तैयार है। तब पांच बहादुर व्यक्ति आगे आए और अमृत पान कर बन गए। भाई दया सिंहजी, भाई धरमसिंहजी, भाई हिम्मतसिंहजी, भाई मोहकमसिंहजी और भाई साहिब सिंहजी। इन्हें ही च्पांच प्यारेज्ज कहा जाता है। इन पांच प्यारों को खांडे से अमृत संचार के माध्यम से खालसा में शामिल किया गया, जो शुद्धता, निर्भयता और नम्रता का प्रतीक हैं। संभागीय प्रवक्ता एसएस नारंग ने बताया सर्वप्रथम गुरुजी ने खांडे से अमृत तैयार करके इन पांचों को दीक्षा दी और खालसा बनाया। फिर सबसे बड़ी बात यह हुई कि गुरुजी खुद भी इन पांच प्यारों के सामने झुके और उनसे अमृत लिया।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में निकालीमहिला रैली

उज्जैन- नगर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में शहीद पार्क से फव्वारा चौक तक रैली निकाली गई।संबोधित करते हुए नगर निगम सभापति कलावती यादव ने कहा कि १६ अप्रैल से आने वाले तीन दिन देश में महिला सशक्तिकरण के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़ा विधेयक संसद के विशेष सत्र में लाया जा रहा है। कलावती यादव ने कहा कि यह विधेयक सत्ता में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेगा। उनके अनुसार इस प्रस्ताव को वर्ष १९८६ से रोके जाने की बात कही जाती रही है, लेकिन अब मप्र और केंद्र की भाजपा सरकार इसे पारित कराने की दिशा में आगे बढ़ रही है। रैली की शुरूआत टावर पर मानव श्रृंखला बनाकर विधेयक के समर्थन में नारे लगाए गए। रैली में विभिन्न सामाजिक संगठनों और भाजपा से जुड़ी महिला नेत्रियां बड़ी संख्या में शामिल रहीं, जिनके हाथों में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित नारे लिखी तख्तियां थीं। रैली का स्वागत भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, प्रमिला यादव, अनिल वर्मा, कार्तिक मिश्रा, आनंद सिंह खींची, जगदीश पांचाल, कमल बैरवा ने किया।

## जनसहयोग से गजनीखेड़ी में तालाब की सफाई एवं गाद निकासी की गई

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश सरकार के जलगंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत जनपद बड़नगर की ग्राम पंचायत गजनीखेड़ी में जनसहयोग से तालाब की साफ-सफाई एवं गाद निकासी का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस अभियान में आसपास के 7 किसानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और कुल ४९ ट्रालियाँ (लगभग 114 घन मीटर) गाद/मिट्टी को तालाब से निकालकर अपने खेतों में परिवहन किया। इस कार्य से दोहरे लाभ प्राप्त होने की उम्मीद हैः तालाब की जल भरण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे वर्षा के पानी का बेहतर संग्रहण संभव होगा। निकाली गई मिट्टी को खेतों में डालने से भूमि की उर्वरक क्षमता बढ़ेगी, फसल उत्पादन में वृद्धि होगी और अंततः किसानों की आय में इजाफा होगा।

# जनगणना 2027 की प्रकिया, स्व-गणना पोर्टल के प्रचार-प्रसार हेतु बैठक एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस का किया गया आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



भारत की जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन एवं स्व-गणना के प्रचार-प्रसार को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान उपस्थित रहे।

बैठक में जनगणना अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार की जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी। जनगणना 2027 के प्रथम चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण फरवरी 2027 में संपन्न होगा।

इस बार विशेष रूप से आम नागरिकों को पहली बार स्व-गणना का विकल्प दिया गया है। इसके तहत 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक नागरिक स्व-गणना वेब पोर्टल एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना पोर्टल पर किस प्रकार स्वयं की गणना की जा सकती है इसके लिए एक उदाहरण भी वीडियो के माध्यम से बैठक में दिखाया गया। आगे बैठक में बताया गया कि स्व-गणना के पश्चात 1 मई से घर घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा जिसके लिए तहसील एवं नगर परिषद स्तर पर प्रगणकों और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री चौहान ने कहा कि जनगणना राष्ट्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है और इसके आंकड़ों के आधार पर ही जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई जाती हैं।

इसलिए सभी अधिकारी, कर्मचारी और जनगणना में लगे समस्त जन जनगणना कार्य को गंभीरता से करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों से अपील की कि वे स्वयं स्व-गणना करें और आम जनता को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित हो सके। बैठक में जनगणना प्रकिया से संबंधित सुझाव और समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा की गई।

## बाबा साहेब की जयंती पर डॉ. बी आर अंबेडकर यूथ फाउंडेशन ने किया पहला नगर भोज



**नेपानगर।** परम पूज्य डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर जी के १३५वें जन्मोत्सव पर डॉ. बी आर अंबेडकर यूथ फाउंडेशन नेपानगर द्वारा नगर भोज का आयोजन किया गया। सबसे खास बात यह रही कि ४० साल में पहली बार बाबा साहेब की जयंती पर सामूहिक प्रीति भोज का आयोजन हुआ, जिससे नगर के सभी समाजजनों और भीम अनुयायियों में हर्ष का माहौल रहा। फाउंडेशन के सदस्यों ने कहा कि बाबा साहेब का जन्म दिवस भीम अनुयायियों के लिए दिवाली जैसा है। इस दिन सभी समाजजनों के घर मिष्ठान बनते हैं, घरों को रंग-रोगन किया जाता है। जो बच्चे या परिजन बाहर काम करने गए हैं, वे भी परिवार के साथ जयंती मनाने लौटते हैं। डॉ. बी आर अंबेडकर यूथ फाउंडेशन नेपानगर ने १३५वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई। 13 तारीख की रात्रि आतिशबाजी, बच्चों के सांस्कृतिक नृत्य, ड्रोन कैमरे से शूटिंग, बाइक रैली इत्यादि कार्यक्रम बड़ी शालीनता से संपन्न हुए। नगर में एक मिसाल कायम करते हुए फाउंडेशन ने सभी के सहयोग से वह कर दिखाया जो 40 साल में नहीं हुआ।

## मेक्रो विजन एकेडमी ने रचा नया इतिहास
## सीबीएसई 10वीं में 49 छात्रों ने हासिल किए 95 प्रतिशत से अधिक अंक



**बुरहानपुर।** सीबीएसई द्वारा कक्षा १०वीं का रिजल्ट जारी होते ही मेक्रो विजन एकेडमी, बुरहानपुर ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। एकेडमी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत दर्ज कराया।एकेडमी के प्राचार्य जसवीर सिंह परमार ने बताया कि इस वर्ष 49 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक, 151 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक और 326 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। यह उपलब्धि अपने आप में एक कीर्तिमान है।

अक्षत श्रीवास्तव ने 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नमन पाटीदार, आरची शर्मा, अर्थव मोर ने 97.8 प्रतिशत आदित्यराज गुप्ता ने 97.6 प्रतिशत मोहि पनपालिया ने 97.4 प्रतिशत पार्थ शिवहरे, गौरांग पाटिल, खुशी वैद्यकर ने 97.2 प्रतिशत, श्रीजनगोपाल, आर्या रॉय, अबिर दवे ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में स्थान बनाया। इसके साथ परम सुखवानी 96.8 प्रतिशत, सात्वीक पाटीदार, शौर्य सुहाने, विराज खण्डेल वाल, अभिनव सिंह 96.6 प्रतिशत, सूर्यांश गुप्ता 96.4 प्रतिशत, नंदनी खण्डेलवाल, ओजस कौठारे, शक्ति शर्मा 96.2 प्रतिशत, उत्कर्ष सिंह, आकर्षी अग्रवाल, जान्वी, सान्वी छाबड़ा 96 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में शामिल रहे। गणित में 14, विज्ञान में 3, सामाजिक विज्ञान में 12 और आईटी में 5 विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। मेक्रो विजन एकेडमी के संचालक आनंद प्रकाश चौकसे, श्रीमती मंजूषा चौकसे, कबीर चौकसे, श्रीमती देवांशी चौकसे, कु. अंतरा चौकसे, प्राचार्य जसवीर सिंह परमार, आदि ने बधाई दी।

## नि:शुल्क कथक प्रशिक्षण कार्यशाला 17 अप्रैल से

**बडवानी ।** भारतीय शास्त्रीय संगीत गायन वादन नृत्य एवं लोक कलाओं को समर्पित संस्था स्पीक मैके एवं जन जातीय कार्य विभाग जिला बड़वानी द्वारा ग्रीष्म ऋतु में कथक नृत्य की निशुल्क प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 17 अप्रैल से 21 अप्रैल तक स्थानीय शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बडवानी में आयोजित किया है। यह आयोजन जिले के समस्त शासकीय अशासकीय स्कूल के छात्र छात्राओं के लिए है।स्पीक मैके के जिला संयोजक अनिल जोशी ने बताया कि कथक नृत्य कार्यशाला का समापन कार्यक्रम में 22 अप्रैल शाम 7 बजे से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक महाविद्यालय के सभागृह में अंतरराष्ट्रीय कथक नृत्य कलाकार गौरी देशमुख एवं उनकी शिष्याओं द्वारा भव्य कथक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। समर कैंप की बालिकाओं को प्रशंसा पत्र तथा गौरी देशमुख का सम्मान किया जाएगा।

## मोक्ष कल्याणक दिवस पर चढ़ाया निर्वाण लाडू

**सनावद।** श्री सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में भगवान नमिनाथ स्वामी का मोक्षकल्याणक गुरुवार को प्रातः 6 बजे मनाया गया। भगवान का जलाभिषेक, शांतिधारा तथा पूजन कर नरेश पाटनी, कमलेश भूच, प्रियम जैन, जंगलेश जैन तथा संतोष बाकलीवाल सहित श्रद्धालुओं ने निर्वाण लाडू चढ़ाकर सुख-शांति की कामना की। पार्श्व ज्योति मंच के अध्यक्ष डॉ नरेन्द्र जैन ने बताया कि जैन धर्म के 21 वें तीर्थंकर भगवान श्री नमिनाथ जी हैं। जिनका जन्म मिथिला नगरी के विजय नामक राजा के राजमहल में रानी वप्पिला के यहाँ हुआ था ।वैराग्य उत्पन्न होने पर आपने नौ वर्ष तक तपस्या कर केवलज्ञान प्राप्त किया। आपकी धर्म सभा में बीस हजार दिगम्बर मुनिराजों ने धर्म श्रवण कर धर्म के फल को प्राप्त किया था।

## संभागायुक्त और कलेक्टर ने स्व गणना पोर्टल पर स्व गणना में भाग लिया

**उज्जैन।** जनगणना प्रक्रिया को अधिक सरल, सटीक और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा स्व गणना की शुरूआत 16 अप्रैल से की गई है । स्व गणना 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक की जाएगी। स्व गणना को जिले में सकारात्मक प्रतिसाद मिल रहा है। इसी क्रम में संभागायुक्त श्री आशीष सिंह एवं कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने स्व गणना पोर्टल पर स्व गणना प्रक्रिया में भागीदारी कर नागरिकों को जनगणना में भाग लेने का संदेश दिया। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि स्व गणना के माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं, जिससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि आंकड़ों की शुद्धता भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील कि वे इस डिजिटल पहल में बढ़-चढ़कर भाग लें और जनगणना कार्य को सफल बनाने में सहयोग करें। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि स्व गणना पोर्टल उपयोग में आसान है और इसे मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से कहीं से भी एक्सेस किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस पहल से जनगणना प्रक्रिया सरल और व्यवस्थित तरीके से पूर्ण हो सकेगी। कलेक्टर श्री सिंह ने भरोसा जताया कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से जनगणना अधिक प्रभावी और आधुनिक स्वरूप में संपन्न होगी। स्व गणना के दौरान अपर कलेक्टर श्री शाश्वत शर्मा,जिला जनगणना चार्ज अधिकारी श्री तेजेंद्र सिंह, सांख्यिकी विभाग की जिला अधिकारी श्रीमती राजश्री सांकला आदि उपस्थित रहे।

# जनगणना 2027 तहसील सनवाद के नियुक्त किए प्रगणको एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण तीन चरणों में आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

भारत सरकार गृह मंत्रालय दिल्ली के कार्यक्रम अनुसार भारत की जनगणना 2027 को दो चरणों में आयोजित की गई। मध्य प्रदेश जनगणना निदेशालय भोपाल के आदेश अनुसार मध्य प्रदेश राज्य में प्रथम चरण की जनगणना 1 मई 2026 से 30 मई तक की अवधि में मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना का कार्य प्रगणको एवं पर्यवेक्षक के द्वारा संपन्न कराया जाएगा। खरगोन जिले की सनवाद तहसील ग्रामीण की गणना की जावेगी

जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल के द्वारा तीन चरणों में प्रशिक्षण आयोजित निर्देश करने के अनुक्रम में तहसील सनवाद के नियुक्त किए गए प्रगणको एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण तीन चरणों में आयोजित किया गया है प्रथम चरण का प्रशिक्षण 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी प्रकार द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिनांक 19 अप्रैल से 21 अप्रैल तक एवं तृतीय चरण का प्रशिक्षण दिनांक 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक संपन्न होगा। आज दिनांक 15 अप्रैल को प्रथम चरण के प्रगणको एवं पर्यवेक्षक को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें जिसमें अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुभाग जनगणना अधिकारी सत्यनारायण दररो एवं तहसीलदार वह चार्ज अधिकारी केशिया सोलंकी एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी नायब तहसीलदार प्रवीण सिंह चंगर और नायब तहसीलदार संतोष कुशवाह तहसील सनवाद (ग्रामीण) जनगणना प्रभारी लिपिका योगेश शर्मा, सहायक लिपिका आशीष सिंह खालसा, कुशकांत सक्सेना, नवनीत गोखले, आनंद भगोरे उपस्थति रहे ।तहसीलदार व चार्ज अधिकारी केशिया सोलंकी के द्वारा सभी बैंचो में उपस्थित होकर सभी प्रगणक व पर्यवेक्षक को जनगणना के कार्य के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया गया एवं उन्हें फील्ड में किस प्रकार समय का उपयोग कर जनगणना कार्य को समय से पूर्व करने पर प्रकाश डाला गया। सभी प्रगणक व पर्यवेक्षक को इस बात से अवगत कराया गया कि निदेशालय के जारी कार्यक्रम की समय अवधि के पहले मकान सूचीकरण का कार्य सुचारू व सही-सही कर लिया जाता है तो ऐसे प्रगणको व पर्यवेक्षकों को भारत सरकार गृह मंत्रालय जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी खरगोन के द्वारा पुरस्कार किया जाएगा सभी कर्मचारियों को भारत सरकार के जनगणना कार्य को उत्साह व उमंग से करने के लिए कहा गया।जनगणना का प्रशिक्षण नियुक्त किए गए।

# बेटी से दुष्कर्म के आरोपी ने पुलिस थाने की हवालात में पजामे के नाड़े से फांसी लगाकर दे दी जान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

नामली थाना क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात एक गंभीर घटना सामने आई, जहां दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार एक आरोपी ने थाने के बंदी गृह (हवालात) में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार मृतक नामली थाना क्षेत्र के एक गांव का निवासी था।

बुधवार शाम उसकी 16 वर्षीय बेटी ने उसके खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कराया था। एफआईआर में बेटी ने आरोप लगाया था कि उसके साथ दो बार दुष्कर्म किया गया। इसके बाद नामली थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को रात करीब 9.40 बजे गिरफ्तार कर लिया था। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार आरोपी रात करीब 3 बजे तक हवालात में बैठा हुआ दिखाई दे रहा था। सुबह करीब ४ बजे बंदी गृह के इंचार्ज नारायण जादौन ने जब सीसीटीवी देखा तो आरोपी एक ओर फांसी पर लटका हुआ बेसुध नजर आया। मौके पर पहुंचकर देखा गया कि आरोपी ने पानी के पाइप से अपने लोअर के नाड़े के सहारे फांसी लगा ली थी।

घटना की जानकारी मिलते ही एएसपी विवेक कुमार लाल, एसडीओपी किशोर पाटनवाला, डीएसपी अजय सारवान, एफएसएल अधिकारी अतुल मित्तल, ग्रामीण एसडीएम विवेक सोनकर, थाना प्रभारी गायत्री सोनी भी मौके पर पहुंचे। मामले की मजिस्ट्रियल जांच के लिए न्यायाधीश भी थाने पहुंचे। हवालात के अंदर ही डॉ. राजेश मंडलोई ने शव का मेडिकल परीक्षण किया। सुबह करीब १० बजे कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

**स्वजनों ने लगाए आरोप, पत्नी समेत तीन को पूछताछ के लिए थाने लाए**

घटना के बाद मृतक के स्वजन भी थाने पहुंचे। मृतक के अंकल के लड़के ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने और मृतक की पत्नी द्वारा बेटी से झूठा प्रकरण दर्ज कराने का आरोप लगाया है। स्वजनों का कहना है कि मृतक ने बुधवार को ही ससुराल पक्ष के खिलाफ नामली थाने में शिकायत की थी, जिसके बाद शाम को उसकी बेटी ने मां के साथ आकर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।मृतक की मां और बहन ने भी पत्नी, बेटी एवं मृतक के साले पर प्रताडना के आरोप लगाए हैं।

## मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने किया नारी शक्ति वंदन हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ

**रतलाम।** शासन द्वारा 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाडा मनाया जा रहा है। नारी शक्ति वंदन पखवाडा अंतर्गत नारी शक्ति वंदन के हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ रतलाम जिले में महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन सुश्री निर्मला भूरिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होने कक्षा 10 वी की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली बालिका एवं 12वी की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली बालिका और 8 वे राष्ट्रीय पोषण पखवाडा में उत्कृष्ट कार्य कर रही आंगवाडी कार्यकर्ता श्रीमती भाग्यवती सेन (परि. रतलाम ग्रामीण-2), श्रीमती पिंकी परमार (परि. रतलाम ग्रामीण-1) और आंगनवाडी सहायिका लीला पाण्डे (परि. रतलाम शहर-2) को सुश्री भूरिया ने सम्मानित किया। कार्यक्रम मे संयुक्त संचालक और ओएसडी डॉ. विशाल नाडकर्णी, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रामनिवास बुधौलिया, परियोजना अधिकारी श्रीमती चेतना गेहलोद, श्रीमती अर्चना माहौर, प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रियंका बैरागी, पर्यवेक्षक फिरदौस खान एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता उपस्थित थी।

# शराब दुकान को हटाने के लिए महिलाओं का उग्र धरना प्रदर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



नगर की घनी आवासीय बस्तियों के मध्य से गुजर रहे इंदौर-इच्छापुर स्टेट हाईवे से मात्र 10 फीट की दूरी पर स्थित शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर महिलाओं का संघर्ष निरंतर जारी है। शराब की दुकान के समीप वार्ड क्रमांक-1 एवं 16 की आवासीय बस्तियों की महिलाएं और नागरिक शराब की दुकान को हटाने के लिए आरपार की लड़ाई लड़ने का संकल्प ले चुके हैं।शराब दुकान के सामने टेंट लगाकर प्रतिदिन धरना प्रदर्शन का दौर जारी है।

गुरुवार को भी शराब की दुकान बंद रखने को लेकर शराब दुकान के ठेकेदार और महिलाओं के बीच लंबी जद्दोजहद चलती रही। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिरला,पूर्व पार्षद पीयूष मंडलोई,एल्डरमैन शांताबाई पंवार,भाजपा नेता सुरेश सोलंकी और सुमित शिंदे की अगुवाई में शराब दुकान के विरुद्ध उग्र धरना प्रदर्शन जारी रहा। सभी जनप्रतिनिधि,बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शराब की दुकान तत्काल हटाने को लेकर संकल्पबद्ध दिखाई दिए। क्षेत्रवासियों ने शराब दुकान को हटाने को लेकर जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन के बीच आबकारी अधिकारी,

तहसीलदार केसिया सोलंकी,थाना प्रभारी देवेंद्र यादव शराब दुकान पर पहुंचे। प्रदर्शनकारी शराब की दुकान को तत्काल बंद कराने की मांग पर अड़े रहे।तेज धूप और गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाएं,बच्चियां और नागरिक शराब दुकान के सामने डटी रहीं। आंदोलनकारी महिलाओं ने कहा कि शराब दुकान के कारण वार्ड क्रमांक-१,वार्ड क्रमांक-१६ संजय नगर और सिंचाई कॉलोनी की महिलाओं और बालिकाओं का सड़क पर आवागमन दूभर हो गया है। शराब पीकर कतिपय असामाजिक तत्व हंगामा करते हैं, महिलाओं,बालिकाओं पर फब्तियां कसते हैं और खुले में शौच भी करते हैं। शराब पीकर लोग शराब की खाली बोतलें घरों के सामने फेंक देते हैं।महिलाओं ने कहा कि इस शराब की दुकान के कारण पिछले ३ साल से उनका जीवन दूभर हो गया है। शराब की दुकान के ठीक सामने प्राचीन मंदिर भी स्थित है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा शराब की दुकान को नहीं हटाया जा रहा है। इसके बाद प्रशासनिक और आबकारी अधिकारियों के काफी समझाने के बाद आंदोलनकारी महिलाओं ने इस शर्त पर अपना आंदोलन स्थगित किया कि दस दिवस के भीतर शराब की दुकान हटा ली जाएगी। महिलाओं ने कहा कि शराब ठेकेदार से लिखित में वादा लिया जाए कि शराब की दुकान को १० दिवस के भीतर अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया जाएगा। इसके बाद शराब ठेकेदार ने आबकारी अधिकारियों के समक्ष लिख कर दिया कि शराब की दुकान दस दिन में हटा ली जाएगी। इसके बाद आंदोलनकारी महिलाओं ने अपना धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिरला,पीयूष मंडलोई,सुरेश सोलंकी तथा आंदोलनकारी महिलाओं और नागरिकों ने प्रशासन को आगाह किया कि यदि १० दिवस के भीतर शराब दुकान नहीं हटी तो शराब की दुकान पर ताला लगाया जाएगा और चक्काजाम किया जाएगा। बिरला ने कहा कि यह शराब की दुकान सनावद नगर की घनी आवासीय बस्तियों के मध्य से गुजर रहे इंदौर- इच्छापुर हाईवे से मात्र 10 फीट की दूरी पर स्थित है और शराब दुकान के ठीक सामने हाइवे पर अंधा मोड़ और चढ़ाव मौजूद है।

## न्यूज -कॉलम

### उज्जैन लोकायुक्त ने रतलाम में पकड़ा रिश्वतखोर पटवारी



**उज्जैन।** लोकायुक्त संगठन उज्जैन ईकाई की टीम ने गुरूवार को रतलाम जिले के सैलाना में नायाब नाजिर कक्ष से हल्का नम्बर 26 के पटवारी कैलाश वडखिया को 20 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा। निरीक्षक राजेन्द्र वर्मा ने बताया कि जितेन्द्र पिता ईश्वरलाल पाटीदार निवासी ग्राम अडवानिया ने 10 अप्रैल को उज्जैन लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम सैलाना और बागरियों की खेड़ी में 5 हेक्टयर कृषि भूमि है। उक्त भूमि की वास्तविक स्थिति जानने के लिये उसके पिता ने 22 जनवी को सीमाकंन के लिये लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदन किया था। इसके बाद भी सीमांकन नहीं होने पर 9 मार्च को तहसील कार्यालय गया और हल्का पटवारी से पूछताछ की तो उन्होंने कहा कि फीस जमा करा दोगे तो नपती हो जाएगी। 9 अप्रैल को पटवारी कैलाश वडखिया आवेदक के घर पहुंचा और सीमांकन के लिए रूपए 30 हजार की मांग की। 10 हजार रूपये दे चुका हूं। शिकायत की पुष्टि के बाद गुरूवार को टीम रतलाम के सैलाना पहुंची और पटवारी को रिश्वत की राशि 20 हजार रूपये लेते रंगेहाथ पकड़ा गया।

### जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर युवक को मारा चाकू

**उज्जैन।** पंवासा क्षेत्र में बुधवार-गुरूवार रात बाबा ढाबे के सामने बाइक से ओव्हर टेक करने की बात पर हुए विवाद में बालेश्वर पिता तेजाराम परमार 21 साल ग्राम जम्बुरा को चार युवकों ने रोका और जाति सूचक शब्दों को प्रयोग करते हुए चाकू मार दिये। चारों हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घायल बालेश्वर को लोगों की सूचना पर उपचार के चरक अस्पताल पहुंचाया गया। मामले की जानकारी मिलने पर पंवासा थाना पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर एससी/एसटी एक्ट के साथ गाली-गलौच करने और चाकू मारने का प्रकरण दर्ज किया है। हमलावरों के नाम युवराज पिता यशवंत राजपूत, अजय पिता फूलसिंह, तंवर पिता गोवर्धन और रंजीत निवासी रूद्राहेड़ा घट्टिया होना सामने आये है। पुलिस की एक टीम चारों आरोपियों की तलाश कर रही है।

### यात्री बस ने बाइक सवार पिता-पुत्र को मारी टक्कर

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धूलमहू मार्ग पर बाइक सवार उदयसिंह पिता हेमराज गुर्जर 30 साल निवासी सांखलीखेड़ा और उसके पुत्र आयुष को तेजगति से दौड़ती यात्री बस क्रमांक एमपी 13 पी 1091 ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में पिता-पुत्र घायल हो गये। चालक बस लेकर मौके से भाग निकला। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने घायल पिता की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दुर्घटना का एक मामला उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम पासलोद बस स्टेंड से सामने आया। नई टाटा पंच कार के चालक ने बाइक सवार हेमराज पिता कालूराम पांचाल 42 साल निवासी अमलावद कला इंगोरिया हाल मुकाम लालघाटी उन्हेल को टक्कर मार दी। हेमराज गंभीर घायल हुआ है। पुलिस ने अंकित पांचाल की शिकायत पर कार चालक की तलाश शुरू की है।

### अधिवक्ता के खाते से सायबर ठगों ने निकाले रूपये

**उज्जैन।** सायबर ठगों द्वारा लगातार ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। खाचरौद में अधिवक्ता राजेन्द्र कुमार पिता नाथुलाल पुरोहित 77 साल के खाते से ठगों ने 1 लाख से अधिक की राशि का ट्रांजेक्शन कर लिया। थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि शिकायतकर्ता अधिवक्ता ने बताया कि ना उन्होने किसी लिंक पर क्लिक किया था, ना ही किसी को ओटीपी दिया। खाते से रूपये निकले का मैसेज मिलने पर ठगी का पता चला। मामले की शिकायत ऑनलाइन सायबर हेल्पलाइन पर भी दर्ज कराई थी। 2 दिन पहले ही बड़नगर थाना पुलिस ने भी गोकुल पिता बाबूलाल माली निवासी ग्राम खारी बावड़ी की शिकायत पर खाते से 1.16 लाख रूपये का ट्रांजेक्शन बिना ओटीपी दिये होना बताया था। गोकुल का कहना था कि उसका मोबाइल कुछ घंटों के लिये हैक हुआ था। उसके बाद खाते से रूपये निकले है। पूर्व में इस तरह के मामले सामने आ चुके है। ऑनलाइन सायबर हेल्प लाइन पर शिकायत दर्ज कराने के बाद भी समाधान नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते पुलिस को मामले में प्रकरण दर्ज करना पड़ रहे है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 458-7 | 269-7 |
| मेन बाजार | 366-5 | 779-3 |
| कल्याण नाइट | 880-6 | 147-2 |
| मिलन डे | 350-8 | 788- |
| मिलन नाइट | 460-0 | 458-7 |
| मधुर डे | 460-0 | 127-0 |
| मधुर नाइट | 579-1 | 445-3 |
| शुभांक | 2 5 | 0 |

# गौरक्षकों को पीछे आता देख लोडिंग छोड़ भागा चालक

## प्याज से भरे कट्टों के नीचे छुपाकर रखे थे 7 मवेशी, एक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आगर की ओर से आ रही लोडिंग में मवेशी भरे होने की खबर मिलने पर गौ रक्षकों ने पीछा किया तो चालक उन्हेल मार्ग पर लोडिंग छो? भाग निकला। 7 मवेशियों को प्याज से भरे कट्टो के नीचे छुपाकर वध के लिये ले जाया जा रहा था।

गुरूवार को लोडिंग पिकअप एमपी 53 जीए 4279 में पशुओं को भरकर लाया जा रहा था। आगर की ओर से आ रही पिकअप की खबर गौरक्षकों को मिली तो उन्होने रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने रफ्तार तेज कर गाडी उन्हेल रोड की ओर मोड ली। पिकअप के ऊपरी हिस्से में प्याज के कट्टे भरे थे। गौरक्षकों ने पीछा नहीं छोडा। इस दौरान ग्राम चकरावदा के समीप पिकअप का एक पहिया निकल गया और पिकअप



अनियंत्रित होकर खेत में उतर गई।

चालक मौका पाकर भाग निकला। मवेशियों से भरी पिकअप की जानकारी भैरवगढ़ थाना पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची। प्याज के कट्टे सडक पर फैल गये थे। पुलिस ने पिकअप को चैक किया तो उसमें क्रूरता पूर्वक भरे गये 7 केडे मिले। जिन्हे बाहर निकालने पर सामने आया कि एक केडे की मौत हो चुकी है।

एसआई शोभाराम किरार ने बताया कि मामले में पशु क्रूरता अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है। सभी मवेशियों को मुक्त करा गया है। जिन्हे गौशाला भेजा जायेगा। पिकअप नम्बर के आधार पर चालक और मालिक का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है। जिस तरह से मवेशियों को भरा गया था, उससे प्रतित हो रहा है कि वध के लिये ले जाया जा रहा था।

### इधर पा? काटने का हुआ खुलासा

महाकाल थाना पुलिस ने अवैध रूप से बूच?खाना संचालित करने और पाडे काटने के मामले का खुलासा किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि महाकाल मंदिर क्षेत्र के कोट मोहल्ला में बम्बईया वाली गली में हाजी मुस्तकीन और उसका भाई वसीम पाडे काटने का काम कर रहे है। पुलिस टीम ने सूचना पर दबिश मारी। मकान हाजी मुस्तकीम अपने मकान में भाई के साथ मिलकर पाडा काट रहा था। दोनों पुलिस को देख पीछे के रास्ते से भाग निकले। पुलिस को मौके से पाडे के कटे चार पैर के साथ मांस और क्रूरता पूर्वक बांध कर रखे 2 पाडे के बछडे मिले। अवैध बूचडखाने से पुलिस ने धारदार चाकू, तराजू, इलेक्ट्रिक तोल कांटा सहित अन्य उपकरण बरामद किये है। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि मामले में दोनों भाईयों के खिलाफ म. प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के साथ पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण और आयुध अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया है। दोनों भाई पूर्व में पाडे काटने के मामले में पकडे जा चुके है। जिनकी तलाश जारी है।

# बदमाश ने गरोठ ब्रिज के नीचे छुपाया था 12 बोर का कट्टा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हीरामिल की चाल में युवक को गोली मारने के बाद बदमाश ने गरोठ ब्रिज के नीचे कपड़े में लपेटकर कट्टा छुपा दिया था। रिमांड अवधि में 12 बोर का कट्टा बरामद होने पर गुरूवार दोपहर बदमाश को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

देवासगेट थाना क्षेत्र में सोमवार-मंगलवार रात विष्णुपुरा में रहने वाला लव पिता चंद्रकांत निर्मल को 3 बदमाशों ने घेरकर गोली मार दी थी। पुलिस ने गोली मारने वाले बदमाश जय उर्फ बच्चा पिता मंगल चौहान निवासी शांतिनगर हाल मुकाम हीरा मिल की चाल को गिरफ्तार कर लिया था। जिसे न्यायालय में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया था। एसआई राधेश्याम आवलिया ने बताया कि जय उर्फ बच्चा गोलीकांड का मुख्य आरोपी था, जिससे रिमांड अवधि में कट्टा बरामद करने के प्रयास किये गये। पूछताछ में उसने 12 बोर के कट्टे से गोली चलाना बताया और कालियादेह महल के पास से गुजरे गरोठ ब्रिज के नीचे छुपा कर रखा होने की बात कहीं। पुलिस टीम उसे गरोठ ब्रिज के नीचे लेकर पहुंची, जहां निशानदेही पर कपडे में लपेटकर रखा गया कट्टा बरामद कर लिया गया। गुरूवार को रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

जय उर्फ बच्चा के साथ गोली चलाने में गुर्जर गैंग का बदमाश अनमोल और अन्य बदमाश भी शामिल था। दोनों फरार हो गये है। अनमोल गुर्जर कुछ माह पहले भी नीलगंगा थाने के पास मल्टी में गोली चला चुका था। उक्त मामले में भी उसकी गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई थी। अनमोल गुर्जर की बढ़ती अपराधिक गतिविधियों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर दोनों मामलों में 10 हजार का इनाम घोषित किया गया है।

### इधर रौनक गुर्जर की तलाश

गुर्जर गैंग के कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर की तलाश चिमनगंज थाना पुलिस को है। 11 अप्रैल को ढांचा भवन में अतिक माहूरकर को गोली लगी थी। पुलिस जांच में अतिक को लगी गोली का मामला षडयंत्र साबित हुआ था। जिसमें रौनक गुर्जर द्वारा घायल को झूठी शिकायत दर्ज कराने के लिये प्रेरित किया था। उक्त मामले में चिमनगंज पुलिस ने अतिक और उसके एक साथी राहुल चौहान को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं षडयंत्र की घटना में रौनक गुर्जर, बंटी मालवीय, दीपक परमार को आरोपी बनाया था। रौनक के साथ दोनों आरोपियों की तलाश जारी है।

# 45 लाख की 2 कारों में भरी मिली 5.31 लाख की शराब

## फर्जी नम्बर प्लेट के साथ 4 युवक हिरासत में

**उज्जैन।** लग्झरी कारों में अवैध शराब तस्करी करते 4 युवकों को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया है। दोनों कारों से 5.31 लाख की अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। वहीं कारों की कीमत 45 लाख रूपये होना सामने आई है। चारों से पूछताछ की जा रही है। आज रिमांड पर लिया जायेगा।

नानाखेडा थाना पुलिस को गुरूवार शाम खबर मिली थी कि इंदौर की ओर से एक्सयूवी क्रमांक सीजी 10 सीबी 2098 में अवैध शराब भरी हुई है। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने लग्झरी गाडी से अवैध शराब की तस्करी का पता चलते ही एसआई हेमंतसिंह जादौन, अनिल ठाकुर, प्रधान आरक्षक चंद्रपालसिंह मंडलोई, दिग्विजयसिंह, मुकेश मुनिया, अनिल सिसौदिया, आरक्षक श्यामबरणसिंह, मुकेश मालवीय की टीम बनाई और घेराबंदी शुरू की। इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर के पास से उक्त एक्सयूवी को रोका गया। जिसमें सचिन पिता गोपाल राव 25 साल निवासी झुग्गी झोपडी चिमनगंज और यश पिता विनोद चित्तौ?ा 21 साल न्यू इंदिरानगर नागझिरी होना सामने आये। दोनों को हिरासत में लिया गया और गाडी की तलाशी ली गई। जिसमें 23 पेटी अंग्रेजी शराब की भरी होना सामने आया। यहीं नहीं तलाशी में एक ही नम्बर जीजे 18 एफसी 1058 की 2 फर्जी नम्बर प्लेट भी बरामद हो गई। पूछताछ में पता चला कि स्कार्पियों क्रमांक एमपी 09 ए क्यू 5267 से भी शराब लाई जा रही है। पुलिस टीम ने तत्काल स्कार्पियों की तलाश में सर्चिंग शुरू की। उक्त कार को शनि मंदिर ब्रिज के नीचे से पकडा गया। जिसमें 21 पेटी अंग्रेजी शराब की मिली। स्कार्पियों में साहिल उर्फ मनीष पिता संतोष माली 23 साल निवासी गिरीराज रतन कालोनी कानीपुरा रोड और चंद्रशेखर उर्फ कालू उर्फ मेडिकल पिता नंदकिशोर भोई निवासी विधायक नगर पंवासा सवार थे। थाना प्रभारी यादव के अनुसार दोनों कारों से 44 पेटी शराब कीमत 5.31 लाख बरामद की गई है। एक्सयूवी की कीमत 25 लाख और स्कार्पियों की 20 लाख रूपये है। चारों शराब तस्करों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया है। शुक्रवार दोपहर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा।

**उज्जैन-गुजरात में लगाते थे ठिकाने-** थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव के अनुसार चारों युवकों से पूछताछ में पता चला कि उज्जैन नगर निगम सीमा और गुजरात में शराब प्रतिबंध होने पर इंदौर से अवैध तरीके से लाकर दोनों जगह महंगी कीमत में बेचने का काम करते है। चारों का रिकार्ड खंगालने पर चंद्रशेखर के पूर्व में भी आबकारी अधिनियम के मामले दर्ज होना सामने आये है। रिमांड अवधि में तस्करी से जुडें कई राज सामने आ सकते है, वहीं आरोपियों की संख्या भी बरू सकती है।

# देवास-बदनावर बायपास पर हादसा,बाइक सवार की मौत

**उज्जैन।** देवास-बदनावर बायपास पर गुरूवार शाम हादसा हो गया। बाइक सवार की मौत हो गई। उसके पास मिले मोबाइल और दस्तावेजों से पहचान ग्राम खवासा पेटलावद झाबुआ के रूप में हुई है। परिजनों के आने पर शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के देवास-बदनावर बायपास मार्ग पर बाइक सवार की ट्रेक्टर-ट्राली से टकराकर गंभीर घायल होने की खबर 108 एम्बुलेंस को मिली तो पायलेट महेश अहिरवार और ईएमटी मुकेश वाघेला मौके पर पहुंचे। बाइक सवार की मौत हो चुकी थी। जिसे चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेजा गया। एम्बुलेंस पायलेट ने बताया कि मृतक के पास मिले मोबाइल और दस्तावेजों के आधार पर सामने आया कि झाबुआ के पेटलावद स्थित ग्राम खवासा का रहने वाला संजय पिता विजय व्यास 45 साल है। अस्पताल स्टॉफ की ओर से नानाखेड़ा थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। बताया जा रहा है कि परिजनों के आने पर मृतक के संबंध में जानकारी सामने आ पायेगी कि वह उज्जैन बायपास मार्ग से कहां जा रहा था।

**बड़नगर हाइवे पर भी हुई दुर्घटना**-इंगोरिया थाना क्षेत्र के बड़नगर हाइवे शैल पब्लिक स्कूल के सामने भी दुर्घटना होना सामने आया। बाइक सवार परिवार को अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में प्रेमबाई की मौत हो गई। वहीं राहुल, हिमांशु घायल हो गये। इंगोरिया पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मृतक प्रेमबाई का गुरूवार को पोस्टमार्टम कराया।

# मुंह से फाडा कीटनाशक पाऊच, युवती की मौत

**उज्जैन।** ग्राम घट्टिया की रहने वाली युवती को बुधवार-गुरूवार रात परिजन मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जताई और उपचार के लिये भर्ती किया। युवती की गुरूवार दोपहर को मौत हो गई। चिमनगंज थाना एएसआई दिनेश सारोठिया ने बताया कि घट्टिया की रहने वाली अंजली पिता भगवान सोलंकी 18 वर्ष की आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत होने की सूचना पर मर्ग कायम किया गया था। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि परिवार फेरी लगाकर सामान बेचने का काम करता है। अंजली घर पर थी, शाम को लौटने पर उसने चक्कर आने की बात कहीं। अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने जहरीला पदार्थ खाने की बात कहीं। अंजली से पूछने पर उसने बताया कि गेहूं में रखने के लिये मुंह से कीटनाशक पाऊच फा?ा था। कुछ देर बाद चक्कर आने लगे थे। एएसआई दिनेश सारोठिया के अनुसार मामला घट्टिया थाना क्षेत्र का है। मर्ग डायरी जांच के लिये भेजी जायेगी।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी 1- राजप्रकाश शर्मा पिता स्व. श्री ओमप्रकाशजी शर्मा आयु 50 वर्ष, व्यवसाय-व्यापार निवासी 40, मिर्जानईमबेग मार्ग, बड़ा तेलीवाड़ा चौराहा, उज्जैन म.प्र. 2-श्रीमती प्रेमलता शर्मा पति श्री राजप्रकाशजी शर्मा उम्र 46 वर्ष व्यवसाय गृहणी निवासी 40, मिर्जानईमबेग मार्ग, बड़ा तेलीवाड़ा चौराहा, उज्जैन म.प्र. से उनके स्वत्वाधिपत्य के पक्ष कमांक 01 के स्वामित्व एवम् आधिपत्य का एक भवन म्युनिसिपल क्रमांक 17. पुराना क्रमांक 6/252, का पश्चिम दिशा वाला भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 94-60 वर्गमीटर स्थित वराह मिहिर मार्ग, माधवनगर, फ्रीगंज उज्जैन। जो आवासीय एवं व्यवसायिक उपयोग का है। भवन दो मंजिला आर.सी.सी. की छत का निर्मित होकर भवन की तल मंजिल में 66-44 वर्गमीटर पर छ: दुकाने व्यवसायिक उपयोग की एवं आने जाने हेतु पेसेज निर्मित है। भवन की प्रथम मंजिल पर 66-44 वर्गमीटर पर दो कमरे, किचन, लेटरिंन बाथरूम एवं द्वितीय मंजिल पर ऊपर जाने का जीना निर्मित है। जो फ्री होल्ड हैं जिसे पक्ष क्रमांक 01 ने रजिस्टर्ड विकय पत्र कमांक एमपी 432022018ए 1073918 दिनांक 02/02/2018 के द्वारा कय किया हैं तथा इसी प्रकार पक्ष कमांक 02 के स्वामित्व एवम् आधिपत्य का एक भवन म्युनिसिपल क्रमाक 17 पुराना क्रमांक 6/252, का पूर्व दिशा वाला भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 37-80 वर्गमीटर स्थित वराह मिहिर मार्ग, माधवनगर, फ्रीगंज उज्जैन जो आवासीय एवं व्यवसायिक उपयोग का हैं भवन में पूर्व दिशा की ओर पोर्च निर्मित है जिसका कुल क्षेत्रफल 33-63 वर्गमीटर है। भवन दो मंजिला आर.सी. सी. की छत को निर्मित होकर भवन की तल मंजिल में 26-90 वर्गमीटर पर दो दुकाने व्यवसायीक उपयोग की एवं आने जाने का पेसेज एवं उपर जाने की चढाव निर्मित है (भवन की प्रथम मंजिल पर 26-90 वर्गमीटर पर दो कमरे, किचन, लेटरिंन बाथरूम एवं द्वितीय मंजिल पर ऊपर जाने का जीना निर्मित है जो फ्री होल्ड हैं जिसे पक्ष क्रमांक 02 ने रजिस्टर्ड विकय पत्र क्रमांक एमपी 432022018ए 1060135 दिनांक 25/01/2018 के द्वारा कय किया हैं को मय जमीन तला व उसमे किये हुए कुल निर्माण उसमें लगे मटेरियल फिटिंग फिक्कर्स बिजली कनेक्शन एवं हवाई हक सहित खाली हालत में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में क्रय करने का लिखित अनुबंध किया है और अनुबंध अनुसार नियत अवधि में मेरे पक्षकार द्वारा शेष विकय धनराशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक: 16-04-2026 उज्जैन

**आशीष भदौरिया एडव्होकेट**
**उज्जैन कार्यालय 2, द्रविड मार्ग कुशलपुरा, उज्जैन**
**मो.99812-60727**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामि राकेशकुमार शर्मा पिता श्री उमेशचन्द्र शर्मा निवासी 11, गोपाल मंदिर मार्ग, सती गेट, उज्जैन से उनके स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 164/2/3 रकबा 0.22 हेक्टर व सर्वे नं0 165/1/1/3 रकबा 0.46 हेक्टर व सर्वे नं. 165/1/2/3 रकबा 0.24 हेक्टर कुल कीता 3 कुल रकबा 0.92 हेक्टर ग्राम रूणजी तहसील घटिटया जिला उज्जैन में स्थित है तथा भूमि स्वामि राकेशकुमार शर्मा पिता श्री उमेशचन्द्र शर्मा निवासी 11, गोपाल मंदिर मार्ग, सती गेट, उज्जैन से उनके स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 164/2/6 रकबा 0.21 हेक्टर व सर्वे नं0 165/1/1/6/2 रकबा 0.17 हेक्टर व सर्वे नं0 165/1/2/6 रकबा 0.23 हेक्टर कुल कीता 3 कुल रकबा 0.61 हेक्टर ग्राम रूणजी तहसील घटिटया जिला उज्जैन में स्थित है तथा भूमि स्वामि राकेशकुमार शर्मा पिता श्री उमेशचन्द्र शर्मा निवासी 11, गोपाल मंदिर मार्ग, सती गेट, उज्जैन से उनके स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं0 164/2/4 रकबा 0.21 हेक्टर व सर्वे नं. 165/1/1/4/2 रकबा 0.19 हेक्टर व सर्वे नं0 165/1/2/4 रकबा 0.24 हेक्टर कुल कीता 3 कुल रकबा 0.64 हेक्टर ग्राम रूणजी तहसील घटिटया जिला उज्जैन में स्थित है तथा भूमि स्वामि राकेशकुमार शर्मा पिता श्री उमेशचन्द्र शर्मा निवासी 11, गोपाल मंदिर मार्ग, सती गेट, उज्जैन से उनके स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं0 164/2/1 रकबा 0.21 हेक्टर व सर्वे नं0 165/1/1/1 रकबा 0.44 हेक्टर व सर्वे नं0 165/1/2/1 रकबा 0.24 हेक्टर कुल कीता 3 कुल रकबा 0.89 हेक्टर ग्राम रूणजी तहसील घटिटया जिला उज्जैन में स्थित है तथा भूमि स्वामि राकेशकुमार शर्मा पिता श्री उमेशचन्द्र शर्मा निवासी 11, गोपाल मंदिर मार्ग, सती गेट, उज्जैन से उनके स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं0 164/2/2 रकबा 0.21 हेक्टर व सर्वे नं0 165/1/1/2 रकबा 0.44 हेक्टर व सर्वे नं. 165/1/2/2 रकबा 0.24 हेक्टर कुल कीता 3 कुल रकबा 0.89 हेक्टर ग्राम रूणजी तहसील घटिटया जिला उज्जैन में स्थित है तथा भूमि स्वामि राकेशकुमार शर्मा पिता श्री उमेशचन्द्र शर्मा निवासी 11, गोपाल मंदिर मार्ग, सती गेट, उज्जैन से उनके स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं0 164/2/5 रकबा 0.21 हेक्टर व सर्वे नं0 165/1/1/5/2 रकबा 0.19 हेक्टर व सर्वे नं. 165/1/2/5 रकबा 0.24 हेक्टर कुल कीता 3 कुल रकबा 0.64 हेक्टर ग्राम रूणजी तहसील घटिटया जिला उज्जैन में स्थित है तथा भूमि स्वामि श्रीमती बबीता पति श्री अलीहुसैन निवासी ग्राम पोटलोद तहसील सांवेर जिला इंदौर म.प्र. से उनके स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं0 165/1/1/5/1 रकबा 0.25 हेक्टर ग्राम रूणजी तहसील घटिटया जिला उज्जैन में स्थित है तथा भूमि स्वामि अफजल अली पिता श्री अली हुसैन निवासी ग्राम पोटलोद तहसील सांवेर जिला इंदौर म.प्र. से उनके स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं0 165/1/1/4/1 रकबा 0.25 हेक्टर ग्राम रूणजी तहसील घटिटया जिला उज्जैन में स्थित है तथा भूमि स्वामि अलीहुसैन पिता श्री ईशाक पटेल निवासी ग्राम पोटलोद तहसील सांवेर जिला इंदौर म.प्र. से उनके स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं0 165/1/1/6/1 रकबा 0.30 हेक्टर ग्राम रूणजी तहसील घटिटया जिला उज्जैन में स्थित है को मय जमीन तला व हवाई हक सहित कय करने का लिखित अनुबंध किया हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विकय धनराशि अनुबंधकर्ता को अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि की विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। दिनांक: 16-04-2026 उज्जैन

**आशीष भदौरिया एडव्होकेट**
**उज्जैन कार्यालय 2. द्रविड मार्ग, कुशलपुरा, उज्जैन**
**मो. 99812-60727**

## जाहिर सूचना

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि सर्वे कमांक 371/2 रकबा 1.00 आरे जो कि घटिया घोंसला रोड पर लवखेड़ी मंदिर के आगे पटवारी हल्का न. 51. ग्राम घट्टिया तहसील घटिया जिला उज्जैन में स्थित है। सिंचित कृषि भूमि जो राजस्व अभिलेखों में कालूराम पिता मोहनलाल जाति बागरी निवासी 122, घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन का नाम दर्ज है। उपरोक्त कृषि भूमि मुझे अपने पिता मोहनलाल जी से छंटनी बंटवारे से दिनांक 13.12.2014 को प्राप्त हुई है। जिसके पूर्व में शेष भूमि स्वामी पश्चिम में घट्टिया घोसला रोड उत्तर में आलम साहब की कृषि भूमि, दक्षिण में शेष भूमि स्वामी की कृषि भूमि लगी है। उपरोक्त कृषि भूमि में से मेरे पक्षकार द्वारा 0.20 आरे अर्थात् 1 बीघा को क्रय करने का सौदा किया गया है जिसका अनुबंध पत्र संपादित हो चुका है। जिसका विक्रय पत्र संपादन होना शेष है। यदि किसी आम या खास को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उपरोक्त कृषि किसी बैंक, सहकारी, साहूकारी साख, भार से भारित हो तो या किसी आम या खास का कोई हित निहित हो तो वह इस प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि के अंदर मय दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय पर प्रस्तुत करे। अन्यथा वाद मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी। एतद सूचित हो। दिनांक 17.04.2026

**श्रीमती समता पटेल एडवोकेट**
**कार्यालय: 6 मीणा काम्पलेक्स काजीपुरा, अंकपात मार्ग, उज्जैन म.प्र. मो.न. - 9301322699**

## खुद को जिम्मेदार मानिए



ज्यादातर लोग जिम्मेदारी का नाम सुनते ही उसे दोष लगाने के अर्थ में लेते हैं, यानी वे अर्थ लगाते हैं कि गलती की जिम्मेदारी इन पर या उन पर होनी चाहिए। यह मिथ्या धारणा है। आपके जीवन में इस तरह की घटनाएं हुई हों, तो उनके कई कारण हो सकते हैं। उसके निर्माण में कई लोगों की साझेदारी हो सकती है। जिम्मेदारी का मतलब है, आपकी उत्तर देने की क्षमता। उत्तर देने की क्षमता का मतलब यही नहीं है कि कक्षा में टीचर द्वारा पूछे गए किसी सवाल का मुंह खोलकर जवाब दिया जाए। अपनी जिंदगी के प्रत्येक पल में आप विश्व की घटनाओं पर अपनी संवेदना व्यक्त करते रहते हैं, उसका उत्तर देते हैं। है न? यहीं उत्तर का मतलब है रेस्पॉन्स। आप जिस कमरे में रहते हैं, वह ठंडा है। आप चादर उठाकर ओढ़ लेते हैं। यही है, उस ठंडी हवा के लिए आपका उत्तर।

आपके बच्चे ने बड़े प्यार से आपके गले लगकर चुंबन दिया। उस समय आपके गालों पर ढुलकते आनंद के आंसू थे- आपके तन-मन द्वारा दिया गया उत्तर। आप जो सांस लेते हैं, वह पेड़ द्वारा बाहर निकाली गई हवा है। आप और पेड़ हरदम एक-दूसरे को उत्तर देते हुए ही तो जी रहे हैं? इस जगत में होने वाली प्रत्येक घटना के लिए आप अपने शरीर के स्तर पर, मन के स्तर पर, संवेदना के स्तर पर, शक्ति के स्तर पर उत्तर देते ही रहते हैं। आपकी जिंदगी का मतलब है, सिलसिलेवार दिया जाने वाला उत्तर। जिम्मेदारी का अर्थ है आपकी उत्तर देने की क्षमता। हर परिस्थिति में, जब आप महसूस करते हैं कि मैं जिम्मेदार हूं, तब उस परिस्थिति का उत्तर देने की क्षमता आपके अंदर मौजूद रहती है। अगर आप मैं जिम्मेदार नहीं हूं कहते हुए टाल देंगे, तो उसे उत्तर देने की क्षमता आपके अंदर नहीं रह जाती। जीवन में आने वाली परिस्थितियां सुविधाजनक हो सकती हैं, असुविधापूर्ण भी हो सकती हैं, अपेक्षा के अनुरूप हो सकती हैं या अपेक्षा के एकदम विपरीत भी हो सकती हैं। उस परिस्थिति का उत्तर देने की क्षमता को अपने हाथ में रखने की इच्छा है या गंवा देने की इच्छा है? यदि आप कहते हैं, हर तरह की परिस्थिति में उसका उत्तर देने की इच्छा है, तो आपके अंदर उसके लिए मैं ही जिम्मेदार हूं का बोध होना चाहिए, तभी उत्तर देना संभव होगा।

दूसरे को जिम्मेदार ठहराने का मतलब है कि आप अपनी जिंदगी को हाइजैक (अपहरण) करने की अनुमति किसी और को दे चुके हैं। इसी तरह आप रोज कितने लोगों को अपनी खुशी, अपनी शांति, और अपने प्रेम को हाइजैक करने की अनुमति दे रहे हैं। मेरे जीवन की घटनाओं के लिए मैं ही जिम्मेदार हूं यह हृदय में अनुभव करेंगे, तो आपके जीवन में प्रेम और आनंद का साम्राज्य छा जाएगा।

**सम्पादकीय**

## महिलाओं के लिए

महिला आरक्षण विधेयक या नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा और राजनीति का तेज होना स्वाभाविक है। यह एक बहुत बड़ा बदलाव है और इसके लिए गुरुवार से संसद का तीन दिवसीय सत्र शुरू हुआ। संसद का यह विशेष सत्र इसलिए ऐतिहासिक होगा, क्योंकि यह विधायी निकायों में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण प्रदान करेगा। इस बड़े बदलाव के लिए तीन कानूनों में संशोधन की जरूरत पड़ रही है। केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन के संख्या बल को अगर देखा जाए, तो बदलाव तय लग रहा है। पहले के कानून के अनुसार, 33 प्रतिशत महिला आरक्षण अगली जनगणना के बाद लागू होना था, लेकिन अब नई जनगणना वाली बाध्यता समाप्त की जा रही है। लक्ष्य यही है कि अगले लोकसभा चुनाव 2029 में महिला आरक्षण लागू हो सके। यह भारतीय राजनीति में एक बहुत बड़ा बदलाव है, इससे भारतीय राजनीति का चरित्र भी बदल जाएगा। अतः इस मोड़ पर सियासी सरगर्मी अगर बढ़ गई है, तो आश्चर्य नहीं। उत्तर भारत में विपक्ष के पास जो दलीलें हैं, वास्तव में, उनमें कोई खास दम नहीं है और यह बदलाव संविधान के अनुरूप ही होने जा रहा है।

हां, एक बार विपक्षी गठबंधन की प्रमुख चिंता पर गौर जरूर करना चाहिए। क्या दक्षिणी राज्यों के साथ अन्याय होने जा रहा है? तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने तो इस बदलाव के खिलाफ बिगुल बजा दिया है। वह इसे दक्षिण के राज्यों के साथ सीधे षड्यंत्र बता रहे हैं और इसे रोकने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। वैसे, तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव हैं और स्टालिन की उग्रता को समझा जा सकता है। अगर स्टालिन अपनी नाराजगी का सियासी लाभ ले पाए, तो महिला आरक्षण के पक्ष में केंद्र सरकार का ताजा अभियान भाजपा और उसके गठबंधन को नुकसान पहुंचा सकता है। वस्तुस्थिति का पता तो बाद में चलेगा, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से संकेत यह है कि किसी भी राज्य के साथ अन्याय नहीं किया जाएगा। एक संभावना यह है कि लोकसभा की सीटों में आनुपातिक बढ़ोतरी की जाएगी। मतलब, राज्यों की वर्तमान सीटों की संख्या में दोगुने तक का इजाफा होगा। अभी तमिलनाडु में 39 सीटें हैं, जो बढ़कर 78 हो जाएंगी। अगर ऐसा होता है, तो दक्षिण के राज्यों को किसी तरह की शिकायत न होगी। वैसे तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का यह सुझाव है कि सीटों में आधी वृद्धि आनुपातिक तौर पर हो और बाकी आधी वृद्धि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को देखते हुए हो।

**संदर्भः अमेरिका और ईरान के बीच इस्लामाबाद में चर्चा**

# परमाणु युद्ध में न बदल जाए होर्मुज का टकराव

अमेरिका और ईरान के बीच इस्लामाबाद में 21 घंटे चली शांति समझौते की वार्ता विफल रही। आशंकाएं भी यही थीं कि जब तीन राष्ट्रों के बीच संप्रभुता के प्रश्न खड़े हों, तो फिर शांति समझौता कैसे संभव है ? अब तो युद्ध विराम के भविष्य को लेकर भी अनिश्चितता के बादल गहरा गए हैं। होर्मुज में अमेरिका द्वारा की गई नाकाबंदी के बाद इस उम्मीद पर पानी फिरता दिख रहा है कि एक बार फिर शत्रु देश समझौते के लिए बातचीत को तैयार होंगे। अमेरिका और ईरान जिस तरह का हठ दिखा रहे हैं, उससे तो लगता है कि इस जंग का अंतिम निर्णय घातक हथियारों से ही होगा ? इजराइल तो वार्ता के दौरान भी बम फोड़ता रहा। हालांकि संघर्श विराम के दो सप्ताह बीतने के बाद जब यह युद्ध फिर से आरंभ होगा तो इसका असर व्यापक दिखाई देगा ? दुनिया तीसरे युद्ध का सामना भी करने को विवश हो सकती है ? ऐसा हुआ तो इस युद्ध के परिणाम शत्रु संहार के ऐसे कारण भी बन सकते हैं कि युद्ध में जापान की तरह अमेरिका परमाणु हथियारों से भी ईरान पर हमला बोल दे ?



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

वार्ता में विवादित मुद्दों को लेकर हठ दृढ़ता से कायम रहा। नतीजतन अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद गालिबाफ अपने-अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ स्वदेश लौट गए। वार्ता में ईरान जहां होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग नियंत्रण मुक्त नहीं करने पर अड़ा रहा, वहीं अमेरिका ईरान को इस बात के लिए भी राजी नहीं कर पाया कि वह यूरेनियम संवर्धन परमाणु कार्यक्रम रोकने को तैयार दिखाई दे रहा है। ये दोनों ही प्रष्न ईरान के लिए सामरिक और आर्थिक सुरक्षा से जुड़े सवाल बन गए हैं। अतएव सैन्य दबाव के बावजूद ईरान ने अमेरिकी शर्तों के आगे घुटने टेकने से इंकार कर दिया। उसने होर्मुज पर अपना अधिकार बनाए रखा है, जो इस युद्ध में एक मुख्य हथियार के रूप में उभरकर सामने आया है। हालांकि अब अमेरिका ने इस जल क्षेत्र में आर्थिक नाकेबंदी शुरू कर दी है। ईरान ने इस जल क्षेत्र में छोटी पनडुब्बियों, टारपीडो, तेज नावों और समुद्री बारूद के जरिए यह साबित कर दिया है कि वह दुनिया की तेल आपूर्ति को बाधित कर सकता है। टारपीडो स्वचालित एक ऐसा सिगार के आकार की पानी के भीतर चलने वाला बारूदी मिसाइल है, जिसे दुश्मन के जहाजों को नष्ट करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। अमेरिका ने दावा किया है कि जल-तल में छिपी बारूद को निष्क्रिय करने में ब्रिटेन मदद करेगा। किंतु ब्रिटेन ने किसी भी प्रकार की मदद करने के वादे से इंकार किया है। हालांकि स्वयं यूएस के पास होर्मुज जल क्षेत्र को बारूद मुक्त करने के लिए मानवरहित ड्रोन तकनीक मौजूद है। लेकिन ईरान ने कुटिलता बरतते हुए इस जल क्षेत्र में ह्यइंफ्लुएंस माइनिंगह्य का जाल बिछाया हुआ है। यह जहाजों के भार और चुंबकीय तरंगों के प्रभाव से विस्फोट के साथ फटती हैं और तेल से भरे जहाज को आग के हवाले करने में सक्षम होती हैं।

इस बेनतीजा रही वार्ता से नाराज अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी नौसेना को जलडमरूमध्य में नाकाबंदी करने के निर्देश दे दिए हैं। ट्रंप ने दुनिया के देशों को यह चेतावनी भी दी है कि जो भी देश होर्मुज स्ट्रेट पार करने के लिए ईरान को शुल्क देगा उसे आगे नहीं जाने दिया जाएगा। केवल उन जहाजों को छूट मिलेगी, जो अमेरिका के मित्र देशों से तेल खरीदेंगे। अमेरिका का यह इकतरफा प्रतिबंध भी दुनिया की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने का हठ है। इस हठ के चलते जहां अंतरराश्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ेंगी, वहीं दुनिया में ऊर्जा संकट गहराने लग जाएगा। लिहाजा अमेरिका को इस तरह के बेजा प्रतिबंध से मुक्त रहने की जरूरत है। अमेरिका को यह भी सोचने की जरूरत है कि ईरान की अर्थव्यवस्था अब केवल तेल के निर्यात पर निर्भर नहीं रह गई है। पिछले दो दशक में उसने विनिर्माण और उपभोक्ता वस्तुओं का निर्यात करके भी अपनी जीडीपी को मजबूत किया है। ईरान की कुल जीडीपी में तेल की भूमिका मात्र एक चौथाई रह गई है। बावजूद ईरान का होर्मुज पर जबरन कब्जा और शुल्क वसूली पूरी तरह अवैध है। क्योंकि जलडमरूमध्य दुनिया के अनेक उन समुद्री मार्गों जैसा है, जिन पर किसी देश विशेश का अधिकार नहीं है। समुद्री मार्गों से सभी देशों के जहाज और नौकाओं को आवागमन का स्वतंत्र अधिकार है। ईरान इस पर बेजा अधिकार जमाया तो यह उसके शुभचिंतक देशों के लिए भी ठीक नहीं लगेगा। परंतु ईरान ने ईंट का जवाब पत्थर से देते हुए कहा है कि शत्रु देश की अनुचित कार्यवाही के घातक परिणाम निकलेंगे। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) अमेरिकी नाकाबंदी पर चौतरफा निगरानी रखे हुए हैं। अतएव यह आशंका प्रबल है कि जब भी अमेरिकी युद्धपोत होर्मुज स्ट्रेट से गुजरेंगे तो उनपर ईरान बम वर्शा किए बिना नहीं चूकेगा। दोनों देशों में समझौते की्स्थिति तभी निर्मित होगी, जब वे अपनी-अपनी हठवादिता को शिथिल करें।

ईरान की बाधाओं से समुद्री व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। क्योंकि युद्ध के क्षेत्र में बीमा कंपनियां जहाजों पर हमले होते हैं, तो वे बीमा की राशि नहीं चुकातीं। इस कारण व्यापारिक सामान से लदे जहाजों की आवाजाही लगभग ठप हो जाती है। इस जलमार्ग पर स्थिति इसलिए और चिंताजनक हो गई है, क्योंकि अब ईरान कह रहा है कि उसने जो समुद्री माइंस बिछाईं थीं, अब उसे खुद ही उनकी सटीक जानकारी नहीं है, कि वे कहां बिछाई गई हैं। परंतु इसे एकाएक ईरान की भूल नहीं कहा जा सकता है ? यह झूठ फैलाना उसकी सोची-समझी रणनीति का हिस्सा भी हो सकती है ? इस सिलसिले में विशेषज्ञों का मानना है कि यह मामला जितना दिख रहा है, उससे कहीं ज्यादा जटिल हो सकता है। अतएव यह दावा ईरान का अमेरिका को झुकाने के लिए शतरंज की बिसात पर चला दांव भी हो सकता है ? ईरान की मंशा यह भी हो सकती है कि इन बारूदी सुरंगों की वास्तविक स्थिति की चूक का बहाना बनाकर अमेरिका और इजरायल पर वैश्विक दबाव बनाकर भविष्य की शांति वार्ता में अपनी शर्तें मनवा ली जाएं ? लेकिन तात्कालिक परिस्थितियां ऐसे संकेत दे रही हैं कि अमेरिका और इजरायल मिलकर युद्ध की रणनीति को और उकसाने का काम कर रही हैं। इस समूचे घटनाक्रम का अह्म पहलू यह भी है कि युद्ध का प्रभाव सीमाओं का उल्लंघन करते हुए दुनिया को संकट में डाल सकता है।

## सावधान! यहाँ यादें वर्जित हैं

उस पुराने मकान की ढहरी हुई मुंडेर पर बैठी वह गौरैया अब घर की मालकिन नहीं, बल्कि एक अनधिकार चेष्टा थी। पिता की मृत्यु के बाद घर की चौखट अचानक ऊँची हो गई थी और माँ की अर्थी के साथ ही वे तमाम स्मृतियाँ भी विदा हो गईं जो ईंट-गारे के इस ढाँचे को 'मायका' कहती थीं। अब वहाँ नीम का वह पेड़ मात्र एक लकड़ी का लट्ठा था, जिसके नीचे बचपन की सिसकियाँ दफन थीं। भाई की आँखों में अब ममत्व की जगह खतौनी के नंबर चमकते थे और भौजाई की मुस्कुराहट में उस बासी बची हुई चाय की कड़वाहट थी, जो औपचारिकता के चूल्हे पर खौल रही थी। वह घर, जो कभी फेफड़ों की तरह साँस लेता था, अब एक निर्जीव अजायबघर बन चुका था जहाँ उसकी गुड़िया के टूटे हाथ और पुरानी कापियाँ 'अतिक्रमण' की श्रेणी में डाल दी गई थीं। वह अपनी ही जड़ों से उखड़े हुए उस गमले की तरह थी जिसे अब बरामदे के कोने में जगह मिलने पर अहसान मानना था।

सम्बन्धों की इस ढहती हुई सल्तनत में प्रतीक अब बदल चुके थे। पिता के चश्मे का शीशा जो कभी नैतिकता का लेंस था, अब धूल की परतों में सुबक रहा था। जिस कमरे में वह कभी बेखौफ होकर पैर फैलाती थी, वहाँ अब संदूक और फालतू सामान का पहरा था–मानो घर ने अपनी बेटी को पहचानने से इनकार कर दिया हो। मायका अब उस पुराने कोट की तरह था जिसे सहेजने का मन तो सबका था, पर पहनने का साहस किसी में नहीं। भाई के शब्द अब शहद में डुबाए हुए नश्तर थे, जो बार-बार यह अहसास दिलाते थे कि संभ्रांत परिवारों में विवाहित बेटियाँ केवल 'अतिथि' होती हैं, और अतिथि का अधिक ठहरना शास्त्र सम्मत नहीं। वह घर अब एक ऐसा भूगोल बन गया था जिसकी सीमा रेखाएं उसकी विदाई के दिन ही खींच दी गई थीं, बस सूचना का प्रेषण माता-पिता की अंतिम सांसों तक रुका हुआ था।

मायका एक मानसिक अवस्था थी, जो भौतिक देह के पंचतत्व में विलीन होते ही लुप्त हो गई। अब वहाँ केवल स्मृतियों का एक कबाड़खाना था जहाँ वह अपनी पहचान ढूँढने आई थी, पर उसे मिला केवल सन्नाटा और दीवारों पर जमी हुई सीलन। जिस आंगन को वह अपना ब्रह्मांड समझती थी, वह अब एक विवादित भूखंड मात्र था।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 17 अप्रैल 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:08 सूर्यास्त 18:45
वैशाख मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - अमावस्या 17:21 उपरांत एकम
नक्षत्र - रेवती 12:02 उपरांत अश्विनी
योग - वैधृति 07:22 उपरांत विष्कुंभ 03:45 उपरांत प्रीति
करण - चतुष्पद
चन्द्रमा - मीन में है। 12:02 पर मेष में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 28 तारिख

**मेष-** मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा।

**वृषभ-** किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय बढ़ेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा।

**मिथुन-** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क-** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। नए मित्र बनेंगे।

**सिंह-** नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बन सकती है। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शुभ समय।

**कन्या-** कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। कारोबार में वृद्धि पर विचार हो सकता है। नौकरी में अधिकारीगण प्रसन्न रहेंगे।

**तुला-** मातहतों का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में मनोनुकूल लाभ होगा। उत्साह व प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक-** चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। लापरवाही न करें। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है।

**धनु-** मानसिक क्लेश होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**मकर-** आय में कमी हो सकती है। व्यापार ठीक चलेगा। लोगों से अधिक अपेक्षा न करें।

**कुंभ-** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। कोई मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**मीन-** स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**व्यंग्य**

## गोटी बैठाने की राजनीति.....



वैसे तो सैद्धांतिक तौर पर सक्रिय राजनीति एक प्रकार से घर फूंक तमाशा देखने के समकक्ष हुआ करती है, लेकिन व्यावहारिक रूप से इसका आर्थिक महत्व वर्णनातीत है। जो शख्सियत राजनीति के मैदान में अपनी गोटी बैठाने में पारंगत होती है, उसी का पारिवारिक आर्थिक कल्याण हो सकता है। अन्यथा केवल ₹ जिंदाबाद मुदार्बाद ₹ करने से सुखी एवं समृद्ध जीवन शैली की अपेक्षा नहीं की जा सकती। चतुर सुजान कहते हैं कि व्यापारिक बुद्धि रखने वालों को ही सक्रिय राजनीति में भागीदारी करनी चाहिए। अब यदि कोई राजनीति का कारोबार करता है, तो उसके लिए गोटी बैठाना अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

गोटी कैसे बैठाई जाए ? यह सब आपकी अपनी चतुराई पर ही निर्भर करता है। इसके लिए अतिरिक्त रूप से कोई फामूर्ला देने की आवश्यकता नहीं होती। जब जो जहां है, वहां वह मनचाहा कर सके - इसके लिए अपने आप में ही विवेक जागृत करना होता है। इस नजरिये से जो जितना शातिर हुआ करता है उसकी तकदीर उसी अनुपात में चमकने लगा करती है। वैसे भी आजकल का जमाना ₹ इस हाथ दे और उस हाथ ले ₹,का है। जमाने में अनेक विषय क्षेत्र ऐसे भी होते हैं जहां लौकिक व्यवहार के अनुरूप परस्पर व्यवहार हुआ करता है, लेकिन जाहिर तौर पर नीति और सिद्धांतों की जमकर दुहाई दी जाती है।

वैसे भी यदि स्वर्ग की अवधारणा नहीं होती, तो भला कोई धर्म के मार्ग को अपनाता भी कैसे ? जमाने का दस्तूर है कि कभी एक हाथ से ताली नहीं बजा करती। यदि कोई किसी के लिए कुछ या बहुत कुछ करें, तो यह सहज स्वाभाविक होता है कि प्रथम पक्ष को द्वितीय पक्ष से उसका प्रतिसाद भी मिलें। संसार में अपनी भूख मिटाने के लिए कोरा हाथ मुंह में नहीं डाला जा सकता। हाथ में निवाला जरूर चाहिए, अन्यथा काम करने या कराने के लिए ऊर्जा कहां से आएगी ? दरअसल बिना गोटी बैठाएं मुंह मांगी मुराद कभी पूरी नहीं हो सकती। ऐसा नहीं है कि केवल राजनीति में ही गोटी बैठाना पड़ती है, तब मक्खन निकलता है।

सच तो यह है कि हर किसी को कहीं न कहीं गोटी बैठाना पड़ती है, तब जाकर सुखचैन की जिंदगी बसर की जा सकती है। जो शख्सियत गोटी बैठाने में पारंगत नहीं होती, वह दूसरों के द्वारा उपकृत किए जाने पर ही उपकृत हुआ करती है। इसलिए हर किसी को अपने-अपने क्षेत्र में गोटी बैठाने की धुन में रहना चाहिए। वरना कोई होकर तो आपके पास नहीं आएगा कि आपको क्या तकलीफ है ? यही कारण है कि चतुर सुजान इस बात पर विशेष बल देते हैं कि बिना उंगली टेढ़ी किए कभी किसी कनस्तर से घी निकालने के सपनों को साकार नहीं किया जा सकता।

मुद्दे की बात यह है कि जो जहां हैं, यदि वह गोटी बैठाने में सक्षम नहीं है, तो फिर मैं क्या कहूं , उनका तो भगवान ही मालिक है ! दरअसल गोटी बैठाना एक ऐसी अद्भुत कला है जिसके आधार पर नकारात्मक को सकारात्मक और सकारात्मक को नकारात्मक सिद्ध किया जा सकता है। केवल जरूरत इस बात की होती है कि आप कितने चतुर हैं ! आप जितने चतुर होंगे, उतने ही प्रचुर मात्रा में धन-धान्य से परिपूर्ण होंगे। मैं क्या कहूं ? अरे भाई, जमाने की रीत ही कुछ ऐसी है।



राजेंद्र बज
(दैनिक अवन्तिका)

# 40 की उम्र के बाद महिलाओं को इन बीमारियों का खतरा अधिक



जैसे-जैसे इंसान की उम्र बढ़ती है, शरीर में कई प्रकार के परिवर्तन होने लगते हैं। शरीर को ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है, क्योंकि उम्र बढ़ने के साथ ही शरीर में कई तरह की बीमारियां भी घर करने लगती हैं, जिसपर समय रहते ध्यान देना अति आवश्यक होता है। चूंकि लोगों की जो मौजूदा जीवनशैली है, उनमें बीमारियां होने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं, क्योंकि लोग इस उम्र में ज्यादातर लोग खुद के स्वास्थ्य पर ध्यान देना भूल जाते हैं।

विशेषज्ञ कहते हैं कि 40 की उम्र के बाद, खासकर महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर, हृदय रोग और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी कई बीमारियां विकसित हो सकती हैं। ऐसे में उन्हें नियमित रूप से कुछ मेडिकल टेस्ट जरूर कराने चाहिए, जिससे समय रहते बीमारियों का पता लगाया जा सके।

### मेमोग्राम टेस्ट

आजकल महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर एक गंभीर समस्या बनी हुई है। इसके मामले देर से पता लगने पर मृत्यु दर काफी बढ़ रही है, लेकिन शुरूआती स्टेज में ही अगर इसका पता लगा लिया जाए तो जान बचाई जा सकती है। विशेषज्ञ कहते हैं कि 40-55 साल की उम्र वाली महिलाओं को हर साल डॉक्टर की सलाह पर मेमोग्राम टेस्ट करवाना चाहिए।

### ब्लड प्रेशर की जांच

उम्र बढ़ने के साथ-साथ ब्लड प्रेशर के बढ़ने का खतरा भी अधिक हो जाता है। इसपर समय रहते ध्यान देने की जरूरत होती है, नहीं तो हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है। इसलिए 40 के बाद महिलाओं को जरूर बीपी चेक करते रहना चाहिए।

### कोलेस्ट्रॉल टेस्ट

कोलेस्ट्रॉल का उच्च स्तर अक्सर कोरोनरी धमनी की बीमारी, हृदय रोग और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ा देता है। ऐसे में कोलेस्ट्रॉल परीक्षण करवाना जरूरी होता है। कोलेस्ट्रॉल टेस्ट अधिकतर सुबह के समय खाली पेट किया जाता है। इस टेस्ट के दौरान शरीर से रक्त का नमूना लिया जाता है। 40 की उम्र के बाद महिलाओं को यह टेस्ट जरूर कराना चाहिए।

### ब्लड शुगर लेवल की जांच

डायबिटीज एक गंभीर समस्या है, जो आजकल हर उम्र के लोगों को अपनी चपेट में ले रही है, लेकिन खासकर 40 से अधिक उम्र के लोगों को तो अधिक सावधान रहने की जरूरत होती है और अपने खानपान का विशेष ध्यान रखना पड़ता है। यह बीमारी महिलाओं को भी हो सकती है। इसलिए अगर आप 40 से अधिक उम्र की हैं, तो यह जरूरी है कि नियमित रूप से अपने ब्लड शुगर लेवल की जांच कराएं।

**धर्म-आस्था**

# भगवान को क्यों अर्पित किये जाते हैं फूल? फूलों को धोकर भगवान को क्यों नहीं चढ़ाना चाहिए?



पूजा-पाठ में शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है। यही कारण है कि पूजा में प्रयोग होने वाले या भगवान को चढ़ाए जाने वाले लगभग हर चीज को धोकर या साफ करके उन्हें अर्पित किया जाता है। लेकिन फूलों के मामले में ऐसा देखने को नहीं मिलता। असल में, शास्त्रों और परंपराओं के अनुसार, फूलों को धोकर भगवान को अर्पित नहीं किया जाता। इसके पीछे कुछ तार्किक और शास्त्रीय कारण बताए गए हैं। लेकिन उसे जानने से पहले ये जानते हैं कि भगवा‌न को फूल क्यों अर्पित किये जाते हैं...भगवान को फूल क्यों अर्पित किया जाता है?

प्राचीन युगों से हिन्दू धर्म में देवी-देवताओं की पूजा की परम्परा प्राकृतिक चीजों से करने की रही है। फूल उनमें से एक है। भगवा‌न को फूल अर्पित करना कई उद्देश्यों की पूर्ति करता है। फूल कोमलता और पवित्रता का प्रतीक है, जिस कारण इन्हें अर्पित करना भक्त के उस प्रेम को दशार्ता है, जिसमें वो अपने भगवा‌न को सबसे सुन्दर और पवित्र चीज अर्पण करना चाहता है। इसके अलावा फूलों की प्राकृतिक सुगंध सकारात्मक ऊर्जा फैलाती है, जिससे देवता भी आकर्षित होते हैं। शास्त्रों में कहा गया है कि भगवान को वही अर्पण करना चाहिए जो प्रकृति से शुद्ध और ताजगी भरा हो। फूल इसका सबसे सुंदर उदाहरण है।

हमेशा से बिना फूलों के पूजा को अधूरा माना जाता रहा है। केवल इतना ही नहीं, फूलों के अलग-अलग रंग, गंध और उपयोगिता के कारण अलग-अलग देवी-देवताओं को अलग-अलग फूल अर्पित किये जाते रहे हैं। इसका कारण यह है कि अलग-अलग फूलों के रंग अलग-अलग भावनाओं और ऊर्जाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, जैसे कि लाल रंग शक्ति का, सफेद शांति का, पीला ज्ञान का। इसलिए, जो फूल जिस देवी-देवता के गुणों से जुड़ा है, उन्हें वो फूल अर्पित किये जाते हैं। यही कारण है कि कुछ फूल पूजा में वर्जित भी हैं, जैसे कि शिवजी को केतकी का फूल नहीं चढ़ाया जाता।

### भगवान को फूल धोकर क्यों नहीं चढ़ाना चाहिए?

पूजा में फूल चढ़ाना भक्ति और श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है। फूल एक प्राकृतिक वस्तु होने के साथ-साथ एक सुगन्धित चीज भी है। फूलों के सुगंध, रंग और प्राकृतिक खूबसूरती को ध्यान में रखते हुए ही उसे भगवा‌न को अर्पित किया जाता है। जब हम उन्हें धोते हैं, तो उनकी प्राकृतिक शक्ति और सुगंध कम हो जाती है। शास्त्रों में कहा गया है कि भगवान को वही अर्पण करना चाहिए, जो प्रकृति ने जैसा दिया है। फूलों की ताजगी ही उनकी सबसे बड़ी पवित्रता है। फूल धोने से उनकी कोमलता और सौंदर्य नष्ट हो सकता है। उन्हें धोने से फूलों की पंखुड़ियाँ जल्दी टूटने या मुरझाने लगती हैं। साथ ही पानी से धुलने पर फूल की सुगंध और पराग कम हो जाते हैं, जो पूजा में वातावरण को पवित्र और सुगंधित बनाते हैं, जबकि पूजा में हमेशा ताजे और खिले हुए फूल ही चढ़ाने चाहिए।

हिंदू परंपराओं में यह माना गया है कि भगवान को वही वस्तु अर्पित करनी चाहिए जो स्वच्छ हो लेकिन कृत्रिम रूप से बदली न गई हो। फूल अगर गंदे हों, तो उन्हें हल्के से साफ करना चाहिए, लेकिन धोना उचित नहीं माना जाता। अगर आप फूलों को धोकर उसकी ऊर्जा नष्ट कर देते हैं, तो फूल को भगवा‌न को अर्पित करने का उद्देश्य भी समाप्त हो जाता है। फूल पहले से ही प्रकृति द्वारा शुद्ध माने जाते हैं। भगवान को फूल उनकी प्राकृतिक अवस्था में ही अर्पित करना चाहिए क्योंकि वही उनकी वास्तविक पवित्रता और ऊर्जा है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,53,700, रवा- 1,53,300 चांदी- टंच- 2,46,000 पाट- 2,45,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## विधायक भैरोसिंह बापू ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

**सुसनेर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इसी कड़ी में बुधवार को क्षेत्रीय विधायक भेरो सिंह बापू आस्था स्कूल पहुंचे जहां उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का स्वागत कर उन्हें बधाई दी। विधायक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहने की प्रेरणा देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा विधायक का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बाबूलाल बंसिया, अर्जुन सिंह (गोपालपुरा), विष्णु पाटीदार, विद्यालय संचालक शैलेन्द्र पाटीदार एवं प्राचार्य गिरिराज पाटीदार सहित समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय में आयोजित इस सम्मान समारोह से छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल देखा गया और उन्होंने आगे और बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया।

## राज राजेंद्र विद्या मंदिर में 10वीं एवं 12वीं का परीणाम उत्कृष्ट निकला

**खाचरोद।** श्री शीतला माता मार्ग स्थित श्री राज राजेंद्र विद्या मंदिर के छात्र छात्राओं ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नगर का नाम रोशन किया। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की परीक्षा में कुमारी कुसुम किलोरिया ने 93.6 प्रतिशत अंक विज्ञान संकाय में एवं कुमारी योगिता संगीतला ने 93% अंक प्राप्त कर वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया । साथ ही माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं बोर्ड की परीक्षा में मोहम्मद उजैर खान ने 95% अंक प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया । छात्र-छात्राओं की महती सफलता पर प्राचार्य श्री जितेंद्र जैन एवं अध्यापकों ने हर्ष व्यक्त किया एवं सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं व्यक्त की ।

## कलेक्टर ने किया उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण अव्यवस्थाओं पर संबंधितों को नोटिस जारी



**ब्यावरा-राजगढ़।** राजगढ़ कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले के फुलखेड़ी, माचलपुर, खंडियापूरा एवं पीपलबेह उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपार्जन कार्य, व्यवस्थाओं एवं किसानों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपार्जन केंद्रों पर अनुपस्थित पाए गए, जिस पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही माचलपुर उपार्जन केंद्र पर पाई गई अव्यवस्थाओं के कारण समिति प्रबंधक मदन तंवर को भी नोटिस जारी किया गया। नोटिस प्राप्त करने वाले अधिकारियों में उपार्जन केंद्र माचलपुर के नोडल अधिकारी दुले सिंह चौहान ग्राम पंचायत सचिव, फुलखेड़ी के कृषि विस्तार अधिकारी शीतल बिरला एवं पीपलबेह के ग्राम पंचायत सचिव हेमंत सोंधिया शामिल हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी उपार्जन केंद्रों पर अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर किसानों को सुचारू सेवाएं उपलब्ध कराएं। लापरवाही की पुनरावृत्ति होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

## द वर्धमान हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन



**खाचरौद।** स्थानीय द वर्धमान हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम जिला न्यायाधीश नीतुकान्ता वर्मा एवं द्वितीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा उपस्थित रहे। साथ ही अतिरिक्त अभियोजन अधिकारी रजनीश उपाध्याय एवं एडवोकेट हर्षित चोरड़िया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में स्कूल की प्रिंसिपल येशा भंसाली ने अतिथियों का स्वागत किया और शिक्षा के साथ कानूनी ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान, दैनिक जीवन में उपयोगी कानूनों, पोक्सो एक्ट एवं समाचारों पत्रों की मौलिकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय प्रबंधन ललित कांकरिया, वैभव बुपक्या एवं बालेश बुपक्या ने अतिथियों द्वारा दी गई इस महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी की सराहना की। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन अनिता धाकड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर वाइस प्रिंसिपल राजकुमार सेजवार ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

# शासकीय सांदीपनि की छात्रा शैली ने प्रदेश की प्रवीण्य सूची में आठवां स्थान पाया

### परिणाम देखकर खिले छात्रों के चेहरे, इस बार भी छात्राओं ने मारी बाजी









**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर.**

एमपी बोर्ड ने कक्षा 10वी और 12वी का परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी किया। इस परीक्षा परिणाम को देखकर छात्रों के चेरहे खिल गए। शहर स्थित शासकीय सांदीपनि विद्यालय की छात्रा शैली अजय नेमा ने वाणिज्य संकाय में 500 में से 483 अंक प्राप्त कर 96 प्रतिशत के साथ प्रदेश की प्रवीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया। गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी छात्राओं ने बाजी मारी। मां शारदा सांदीपनि विद्यालय शुजालपुर मंडी ने एक बार फि र उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण प्रस्तुत किया है। विद्यालय ने कक्षा 5वीं एवं 8वीं के साथ-साथ माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफ लता हासिल की है। कक्षा 10वीं में विद्यालय का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा। परीक्षा में शामिल 284 विद्यार्थियों में से 248 प्रथम श्रेणी तथा 30 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विशेष उपलब्धि के रूप में 16 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं में कुल 317 विद्यार्थियों में से 279 प्रथम श्रेणी एवं 20 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। उल्लेखनीय है कि 126 विद्यार्थी लैपटॉप के लिए पात्र घोषित हुए। संकायवार परिणाम में विज्ञान वर्ग का परिणाम शत प्रतिशत, वाणिज्य वर्ग का 96 प्रतिशत तथा कला वर्ग का 81 प्रतिशत रहा। वहीं 18 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। प्राचार्य डॉ. रजनीश त्रिवेदी, उपप्राचार्य मुकेश नेमा, माध्यमिक प्रधानाध्यापक पीएस राठौर, प्राथमिक प्रधानाध्यापक भगवान सिंह मेवाड़ा, परीक्षा प्रभारी संजय नेमा सहित समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सफल विद्यार्थियों का सम्मान किया गया, जिसका संचालन अनिल विजयवर्गीय ने किया।

शहर की टैलेंट एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। कक्षा 10वीं में राजवीर राठौड़ ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अंजलि मालवीय ने 88 प्रतिशत, दीपक सूर्यवंशी 80, संजना परमार 78, आयुषी परमार 77, गौरव शाक्यवार 76, आयुष सूर्यवंशी 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उधर कक्षा 12वीं में लायबा मेमन एवं मनीष मीणा ने 86.86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विवेक मेवाड़ा ने 85 प्रतिशत, दीक्षा सेन 81, निकिता मेवाड़ा 76 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। संस्था की प्राचार्य हेमलता खत्री एवं संचालक ब्रजेश सक्सेना ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

### बिना कोचिंग के पाया शैली स्थान

12वी बोर्ड परीक्षा परिणाम में शासकीय सांदीपनि विद्यालय शुजालपुर की छात्रा शैली अजय कुमार नेमा ने प्रदेश की प्रवीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त कर शहर का गौरव बढ़ाया। शैली ने चर्चा में बताया वह लगभग 11 घंटे नियमित पढ़ाई को देती थी और उसने यह सफलता बिना किसी कोचिंग के प्राप्त की। पढ़ाई के दौरान डाउट होने पर ऑनलाईन की मदद ली, विद्यालय के शिक्षकों ने भी अच्छा सहयोग किया। सोशल मीडिया से दूरी बनाते हुए पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित किया। अपनी इस सफलता का श्रेय परिजनों व शिक्षकों को दिया।

### कानड़

नेताजी सुभाष पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल कानड़ के कक्षा 10वी के छात्र विवेक खजुरिया पिता हरिनारायण खजुरिया ने मा.शि.मं. द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में 96.6% अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।कविता चौहान ने 95%अंक व अल्फिजा शिशगर ने 94.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार विशाल खजूरिया ने 92.8% ,वंशिका मुकाती ने 91.4% ,अमित राठौर ने 90.2% निशा चौहान ने 88%,सलोनी पाठक ने 87.6% ,पायल झलाया ने 85.8% व मोहम्मद साद ने 83.6% अंक प्राप्त कर अपना दबदबा कायम रखा। इसी प्रकार कक्षा 12वी साइंस ग्रुप में अंजलि आर्य व गोविंद पंवार ने 79.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शुभम पटेल ने 77.8% अंक प्राप्त कर दूसरा व रोशन शर्मा 77.2% अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर प्राचार्य कृष्ण चंद्र शर्मा , प्र. अ. राधेश्याम बरेठा,दीपक बोस ,प्रगणेश दुबे,राजेश बीजापारी,दीपक सेन,अर्जुन झलाया, मनीष विश्वकर्मा,जीवन नरवरिया,ज्योति शर्मा ,लता पाठक व विद्यालय परिवार ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### तराना

शिक्षा के क्षेत्र में स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता सिद्ध की है। हाल ही में घोषित हाईस्कूल परीक्षा परिणामों में विद्यालय के प्रतिभावान छात्र भैया महेश कुशवाह ने संपूर्ण मध्यप्रदेश की मेरिट लिस्ट में 10वां स्थान प्राप्त कर नगर और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। महेश की इस उपलब्धि पर नगर में हर्ष का माहौल है। विद्यालय परिवार द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। महेश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन, माता-पिता के आशीर्वाद और नियमित अध्ययन को दिया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के अनुशासित वातावरण और शिक्षकों द्वारा कराए गए सतत अभ्यास ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया।

### विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल

सरस्वती शिशु मंदिर तराना के प्रधानाचार्य और प्रबंध समिति ने महेश की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। प्रधानाचार्य जी ने कहा, यह केवल महेश की सफलता नहीं है, बल्कि हमारे विद्यालय की शिक्षण पद्धति और भैया-बहनों के समर्पण की जीत है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय का छात्र प्रदेश स्तर पर चमका है। दशम कक्षा का 100% परीक्षा परिणाम रहा जिसमे प्रथम स्थान -. (98%) महेश कुशवाह, द्वितीय स्थान -. ( 92.6%) आरोही घटोदा, तृतीय स्थान - (92%) सलोनी प्रजापति 26 भैया/ बहिनो ने प्रथम श्रेणी मे परीक्षा उत्तीर्ण की 06भैया /बहिनों ने द्वितीय श्रेणी मे परीक्षा उत्तीर्ण की।

### खाचरोद

श्री राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ, खाचरोद के विद्यार्थियों ने कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सत्र 2026-27 में कुल 57 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 41 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन एवं प्रथम श्रेणी प्राप्त की, 10 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की तथा शेष विद्यार्थी पास श्रेणी में रहे। एक बार फिर श्री राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ की गौरवशाली परंपरा कायम रही, क्योंकि इस वर्ष टाउन टॉपर मिस अमोली संगमनरकर ने 94.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। द्वितीय स्थान पर काव्या मेहता एवं लक्षिता चंद्रावत ने 88% अंक प्राप्त किए। तृतीय स्थान पर अवनी नामदेव ने 85.6% अंक प्राप्त किए।विद्यालय के प्राचार्य, प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ को विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व है तथा उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी।

### भाजपा नगर मंडल प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान संपन्न

# भाजपा का लक्ष्य हर व्यक्ति तक पहुचे शासन की योजनाओं का लाभ-धाकड़

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व अनुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जाना है। नगर मंडल प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान स्थानीय स्वास्तिक गॉर्डन पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष आकाश बोड़ाना की अगुवाई में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ताराचंद गोयल, रोडमल राठोर, मंडल प्रभारी यशोदा बैरागी, जिला कोषाध्यक्ष ज्योति पलोड़,वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश मूंदडा, पूर्व मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर,जयनारायण पालोत्रा एवं मंडल प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी प्रवीण पालोत्रा का स्वागत पुष्पमाला एवं दुपट्टा पहनाकर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ द्वारा किया गया।स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष आकाश बोड़ाना ने प्रस्तुत किया एवं अतिथि परिचय करवाया।प्रशिक्षण वर्ग सात सत्र में संपन्न हुवा। सर्वप्रथम सत्र के मुख्य वक्ता अजा मोर्चा प्रदेश मंत्री डॉ जगदीश चौहान थे एवं सत्र की अध्यक्षता भाजपा नेता सतीश मूंदडा ने की सत्र में चौहान ने भाजपा का इतिहास एवं विकास विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुवे जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य भारत को वैभवशाली भारत बनाना बताया।इस हेतु कई क्रांतिकारी एवं कार्यकर्ताओ द्वारा अपने प्राणों की आहुति तक दे दी।दीपक से कमल तक का सफर त्याग बलिदान एवं सर्वस्य समर्पण के भाव के कारण तय हो पाया जिसका परिणाम ही भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में बन के उभरी है। द्वितीय एवं तृतीय सत्र की अध्यक्षता जयनारायण पालोत्रा ने की ।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील बड़नगर जिला उज्जैन**

**क्रमांक/क्यू/री-2/2025/** **बड़नगर दिनांक 13.04.2026**
**प्र.क्र. 1809/अ-6/2025-26**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है- आवेदक जानकीलाल पिता ओमप्रकाश जाति कुलम्बी निवासी नावदा ने मृतक बगदीराम पिता पन्नालाल मृत्यु दिनांक 11.10.2025 के स्थान पर फोती वसियत के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है. जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

**1. भूमि का विवरण**

| स. क्र. | पटवारी हल्का क्रमांक/ सेक्टर क्रमांक | सर्वेक्षण संख्यांक/ ब्लॉक संख्यांक/ भू खण्ड संख्यांक | क्षेत्रफल हेक्टर/वर्ग मीटर में |
|---|---|---|---|
| 1 | नावदा | 462/2/1, 473/1/1, 480, 523, 555, 557, 558, | 0.0420, 0.25, 0.45, 0.38, 2.02, 0.06, 0.94, |

जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक 22.04.2026 को स्थान तहसील न्यायालय बडनगर में 11.00 बजे नियत किया गया है।

उक्त भूमि में हित रखनें वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित को या तो स्वंय या किसी अभिभाषक या प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्ति यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

**तहसीलदार**
**तहसील बड़नगर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण आम जन को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आशीषसिंह पिता नवलेश्वरसिंह जी व अशोक पिता बद्रीलाल जी निवासी हातोद जिला इंदौर द्वारा ग्राम खड़ोतीया तहसील बडनगर जिला उज्जैन स्थित भुमि सर्वे न. 446/3 रकबा 0.53 है0 की भुमि स्वामी सुरेश पिता गिरधारीलाल जी निवासी ग्राम खड़ोतीया तहसील बड़नगर से भुमि क्रय करने का सौदा तय कर बयाना राशी प्रदान कर दी है तथा एक सोदा चिठठी मेरे पक्षकार के पक्ष मे उपरोक्त भुमि स्वामी द्वारा सम्पादीत की है तथा शीघ्र ही उक्त भुमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष मे पंजीकृत होना है यदि उक्त भुमि के सबंध मे किसी भी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह संम्पत्ति किसी के पक्ष मे रहन हो , अथवा किसी के पक्ष मे कोई अनुबंध पत्र या भुमि सबंधीत किसी प्रकार का मुखत्यारनामा आम ,या मुखत्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ती मे उपरोक्त भुमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित , स्वत्व, अधिकार हो तो इस जाहीर सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे लिखीत रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी। सुचित हो- दिनांक- 17/04/2026

**रवि रावल सर्विस प्रोवाइडर बडनगर**
**जिला उज्जैन (मप्र)**
**मो -9981226537**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान क्रमांक 15, तिलक मार्ग, गली नंबर 7, उज्जैन को 1. सीमा नीमा पत्नि मुकेश नीमा, 2. मुकेश नीमा पिता श्री कमलकांतजी नीमा के द्वारा क्रय किया गया था। श्री मुकेश नीमा की मृत्यु दिनांक 14/05/2019 को हो गई है तथा उनकी मृत्यु पर उनकी पत्नि श्रीमती सीमा नीमा तथा पुत्रीया 1. आशी नीमा, 2. दिशीता नीमा ने अपने आपको मुकेश नीमा के उत्तराधिकारी होना बताते है तथा उनके द्वारा अपना नामांतरण भी करा लिया है। स्वर्गीय मुकेश नीमा के उक्त उत्तराधिकारीयों के अलावा अन्य कोई उत्तराधिकारी हो जो उक्त मकान में हित रखते हो तो वह इस जाहीर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा एल. आई. सी. हाउसींग फाईनेंस लिमिटेड, उज्जैन के द्वारा उक्त मकान क्रमांक 15, तिलक मार्ग, गली नंबर 7, उज्जैन क्षेत्रफल 47.25 वर्गमीटर को बंधक कर वर्तमान स्वामी पवन पिता लक्ष्मीनारायणजी पोरवाल निवासी 174/3, भूरी का अड्डा, उज्जैन को ऋण प्रदान कर दिया जावेगा व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। इति दिनांक- 16/04/2026 ई., स्थान उज्जैन

**(मदनलाल दुग्गड़) अभिभाषक**
**1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**फोन 2554829, 94253-80339**

**भारतीय भूचुंबकत्व संस्थान, मुंबई**
Indian Institute of Geomagnetism, Mumbai
(विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय)
An Autonomous Body under Dept. of Science & Technology, Government of India)

विज्ञापन संख्याः 02/IIG/HRD/2026

दिनांकः अप्रैल 15, 2026 आईआईजी मुंबई द्वारा भौतिकी (स्पेस फिजिक्स) में एकीकृत एमएस (आर)-पीएचडी कार्यक्रम 2026 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया वेबसाइटदेखेंः https://iigm.res.in/admissions/integrated-msr-ph-

रजिस्ट्रार
cbc36127/12/0002/2627

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि रौनक माथुर पिता श्री मयंक माथुर, निवासी 22, महाकाल सिंधी कॉलोनी, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन/भूखण्ड क्रमांक 311 का उत्तरी दिशा वाला भाग, त्रिवेणी हिल्स, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित होकर भवन/भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 49.20 वर्गमीटर है। उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का अनुबंध कर लिया है तथा अनुबंध पैटे आंशिक राशि का भुगतान भी संपत्ति के वर्तमान स्वामि को कर दिया है तथा शिघ्र की मेरे पक्षकार अपने पक्ष में उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र संपादित करवा लेंगे। उपरोक्त उल्लेखित क्षेत्रफल की संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति अथवा वित्तदायी संस्था का कोई हित-अधिकार स्वत्व कब्जा, इत्यादी अथवा किसी बैंक या वित्तदायी संस्था का कोई भार-बोझ हो या उक्त संपत्ति पर किसी न्यायालय अथवा कार्यालय में कोई कार्यवाही विचाराधिन हो तो ऐसा व्यक्ति जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भितर मेरे कार्यालय में कार्यालयिन समय प्रातः 10 से संध्या 6 बजे के मध्य संपर्क कर मय दस्तावेजी प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करा देवे। बाद गुजरने मियान किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जवेगी तथा मेरे पक्षकारगण विकय पत्र का संपादन अपने पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र हो जावेंगे। सूचित हो।

दिनांकः-14.04.2026

**कलीम एहमद खान, एड्व्होकेट**
**कार्यालय 123 सी-21 रेस्कोम, फस्ट फ्लोर, नानाखेड़ा, उज्जैन मो. नं. 9926027099**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती ममता बाई आंजना पति श्री कमल सिंह आंजना, निवासी 264, शीतला माता मोहल्ला, ग्राम तालोद तहसील व जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य स्वामित्व का एक भवन क्रमांक 42 साकेत नगर, उज्जैन में स्थित है। उक्त भवन तीन मंजिला पक्का आर.सी.सी. का निर्मित है। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल 54.75 वर्गमीटर है,। जिसकी लंबाई- पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर दक्षिण 15.00 मीटर चौड़ाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व पश्चिम 3.65 मीटर जिसके पूर्व में सड़क कालोनी, पश्चिम में भवन क्रमांक 48, उत्तर में भवन क्रमांक 41, दक्षिण में - भवन शर्मा जी का मिला है, को क्रय करने का अनुबन्ध किया है और इसके सम्बन्ध में बयाना राशि प्राप्त कर अनुबन्ध-पत्र मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया है, उक्त अनुबन्ध के पालन में मेरे पक्षकार उक्त भवन के विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भवन में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भवन का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नहीं होगी।

दिनांक 16.04.2026

**अखिलेश बाफना, एडवोकेट**
**कार्यालय-111, प्रथम तल, हर्षदीप टॉवर,**
**नानाखेडा पेट्रोल पम्प के पास, उज्जैन**
**मो.न. 9826266570**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि 1. भावना पिता अम्बाराम जी, 2. गोपी पिता अम्बाराम जी एवं 3. सजनबाई पति अम्बाराम जी, सर्वगण जाति जाट, निवासी ग्राम बकानिया, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का कृषि भूमि खाता भूमि सर्वे क्रमांक 919 रकबा 0.2800 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 924/1 रकबा 0.0900 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 925 रकबा 0.0500 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 958 रकबा 0.7900 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 959/1 रकबा 0.6400 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 965 रकबा 0.5300 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 968/1/2 रकबा 1.0000 हेक्टेयर एवं सर्वे क्रमांक 973/2 रकबा 0.6700 हेक्टेयर, कुल सर्वे नंबर 8, कुल रकबा 4.0500 हेक्टेयर स्थित ग्राम बकानिया, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) एवं जितेन्द्र सिंह पिता भैरूसिंह सिसौदिया, जाति राजपुत, निवासी ग्राम नरवर, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का कृषि भूमि खाता भूमि सर्वे क्रमांक 2550/2 रकबा 1.6500 हेक्टेयर एवं सर्वे क्रमांक 2550/3 रकबा 1.7500 हेक्टेयर, कुल सर्वे नंबर 2, कुल रकबा 3.4000 हेक्टेयर स्थित ग्राम बकानिया, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) स्थित ग्राम पानबिहार, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) है। उक्त संपत्तियों को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का अनुबंध कर लिया है तथा अनुबंध पैटे आंशिक राशि का भुगतान भी संपत्ति के वर्तमान स्वामी को कर दिया है तथा शिघ्र की मेरे पक्षकार अपने पक्ष में उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र संपादित करवा लेंगे। उपरोक्त उल्लेखित क्षेत्रफल की संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति अथवा वित्तदायी संस्था का कोई हित-अधिकार स्वत्व कब्जा, इत्यादी अथवा किसी बैंक या वित्तदायी संस्था का कोई भार-बोझ हो या उक्त संपत्ति पर किसी न्यायालय अथवा कार्यालय में कोई कार्यवाही विचाराधिन हो तो ऐसा व्यक्ति जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के मितर मेरे कार्यालय में कार्यालयिन समय प्रातः 10 से संध्या 6 बजे के मध्य संपर्क कर मय दस्तावेजी प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करा देवे। बाद गुजरने मियान किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जवेगी तथा मेरे पक्षकारगण विक्रय पत्र का संपादन अपने पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र हो जायेंगे। सूचित हो। दिनांकः-14.04.2026

**कलीम एहमद खान, एड्व्होकेट**
**कार्यालय 123 सी-21 रेस्कोम, फस्ट फ्लोर,**
**नानाखेड़ा, उज्जैन मो. नं. 9926027099**

## स्वस्थ मां और सुपोषित बच्चे से ही बनेगा सशक्त समाज

**शाजापुर।** एक स्वस्थ और सशक्त समाज की नींव तभी रखी जा सकती है, जब माताएं जागरूक हों और बच्चों को सही पोषण मिले। इसी उद्देश्य को साकार करने और भारत सरकार के कुपोषण मुक्त भारत अभियान को गति देने के लिए शाजापुर के वार्ड क्रमांक 5 में गुरूवार को पोषण पखवाड़ा के तहत एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं को गर्भावस्था की देखभाल से लेकर शिशु के पोषण तक के व्यावहारिक और महत्वपूर्ण तरीके समझाए गए। परियोजना अधिकारी नेहा चौहान और पर्यवेक्षक प्रिया गोस्वामी के मार्गदर्शन में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने संवाद का मोर्चा संभाला। कार्यकर्ता रेणुका गौर ने मौजूद गर्भवती माताओं को सुरक्षित मातृत्व का मूलमंत्र देते हुए कहा कि 9 माह के गर्भकाल में चार अनिवार्य जांचें और समय पर टीकाकरण जच्चा-बच्चा दोनों के लिए सुरक्षा कवच हैं। उन्होंने इस दौरान माताओं के आहार में आयरन, कैल्शियम और दूध से निर्मित पौष्टिक चीजों को अनिवार्य रूप से शामिल करने पर विशेष जोर दिया। नवजात शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ता चंचल केम ने स्पष्ट किया कि जन्म से लेकर छह माह तक शिशु के लिए केवल मां का दूध ही अमृत के समान है, इस दौरान भूलकर भी पानी या कोई अन्य ऊपरी आहार नहीं देना चाहिए। वहीं, बच्चों के सर्वांगीण विकास में पूरक आहार की अहमियत बताते हुए कार्यकर्ता कामिनी सिंह ने कहा कि बच्चा जैसे ही 6 माह का पूरा हो जाए, उसकी शारीरिक जरूरतों को पूरा करने के लिए ऊपरी आहार तुरंत प्रारंभ कर देना चाहिए। आंगनवाड़ी केंद्रों को महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य का मुख्य केंद्र बताते हुए कार्यकर्ता शहीन मेव ने सभी माताओं से अपील की कि वे केंद्रों पर आयोजित होने वाले मंगल दिवस में नियमित रूप से आएं और शासकीय योजनाओं का लाभ लें।

## मां राजराजेश्वरी के चरणों से मां नर्मदा की गोद में जा रहा हूं-न्यायाधीश नोटिया

**शाजापुर।** शाजापुर की शाम, न्यायालय में आप सबका साथ और मां राजराजेश्वरी का आशीर्वाद यह मेरे जीवन के वो पल हैं जिसे भुलाना संभव नहीं है। यहां जो रिश्ता बना है उसे मैं सारी उम्र निभाउंगा। स्थानांतरण तो एक प्रक्रिया है जो हर सेवक के जीवन में आती है। यहां मां राजराजेश्वरी का आशीर्वाद मिला अब मां नर्मदा की गोद में जा रहा हूं। यह बात न्यायाधीश दिनेशकुमार नोटिया ने गुरूवार को अभिभाषक संघ द्वारा आयोजित अपने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में जब मेरा स्थानांतरण शाजापुर हुआ। इस नगर को लेकर सभी ने कहा कि यह बहुत अच्छा शहर है, जिसे मैने अनुभव भी किया। इस वर्ष भी वही ट्रांसफर का इंतजार था लेकिन जब लिस्ट आई तो समझ आया कि ये ट्रांसफर मेरा नहीं है, ये तो निर्वासन है। निर्वासन उस घर का, जिसके कमरे में फाईल पढकर मैने कई अहम फैसलों की तैयारी की है, उस घर से निर्वासन जिसमें न केवल मेरा बल्कि मेरे बच्चों के जीवन का महत्वपूर्ण समय व्यतीत हुआ है, जहां सिर्फ इसकी तैयारी रहती थी कि मैं समय से कोर्ट पहुंच सकूं। ये ट्रांसफर है मेरे बच्चों की उस कराटे क्लास का, उस बचपन का, जिनके साथी बिना इजाजत घर में आ जाते थे, और उस शाम का जो वॉक करते समय, साई मंदिर तथा मां राजेश्वरी के दर पर झुककर पूरी होती थी। यह पीड़ा है उस हनुमान मंदिर की जहां न्याय आसन पर बैठने से पहले सिर्फ एक ही प्रार्थना थी कि प्रभु, आज मेरी कलम से कोई अन्याय न हो। उन्होंने कहा कि मुझे शाजापुर ने केवल पद नहीं दिया बल्कि पहचान भी दी है।

## उच्च माध्यमिक शिक्षकों ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन

**गुना।** शहर में पदस्थ समस्त उच्च माध्यमिक शिक्षकों जनगणना कार्य 2027 में प्रगणक बना दिया गया जो कि बिल्कुल नियम विरुद्ध है। इसमें प्रथम दृष्ट्या नगरपालिका की बहुत बड़ी लापरवाही सामने नजर आयी है। ज्ञात हो कि जनगणना 2027 की गाइडलाइन अनुसार पर्यवेक्षक प्रगणक से कम से कम एक रेंक ऊपर का होना चाहिए। किन्तु नगरपालिका कार्यालय द्वारा जारी किये गये प्रशिक्षण आदेश में कनिष्ठ लोकसेवकों को अपने से वरिष्ठ पद वाले लोकसेवकों का पर्यवेक्षक बना दिया गया जो कि न्याय संगत नहीं है। उक्त आदेशों के विरुद्ध शहर के एक दर्जन से अधिक उच्च माध्यमिक शिक्षक अपनी न्यायोचित माँग लेकर कलेक्ट्रेट पहुँचे और उनके द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन लेने आये अपर कलेक्टर संजीव खेमरिया ने आश्वासन दिया है कि उक्त प्रकरण को कलेक्टर के संज्ञान में लाया जायेगा। वहीं दूसरी और नगरपालिका का सी.एम.ओ. का प्रभार देख रही डिप्टी कलेक्टर मंजूषा खत्री ने पीड़ित उच्च माध्यमिक शिक्षकों का ज्ञापन लेने से साफ इनकार कर दिया।

### नाम परिवर्तन सूचना

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक पूरा नाम मयूर सिंह सिसौदिया पिता मोहन सिंह सिसौदिया है। मेरी दसवीं की अंकसूची एवं पुराने पासपोर्ट क्रमांक N 3291411 में मेरा नाम मयूर सिसौदिया पिता मोहन सिंह सिसौदिया उल्लेख है। कृपया भविष्य में मुझे मयूर सिंह सिसौदिया पिता मोहन सिंह सिसौदिया के नाम से ही जाना और पहचाना जाए।**

**मयूर सिंह सिसौदिया**
**पिता मोहन सिंह सिसौदिया**
**06, गायत्री नगर, आगर रोड, उज्जैन 456001**

## उत्कृष्ट विद्यालय में लगा पुस्तक-गणवेश मेला, एक ही छत के नीचे वाजिब दामों पर बिकी सामग्री

**शाजापुर।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही अभिभावकों पर स्कूल की महंगी किताबों और यूनिफॉर्म का आर्थिक बोझ पड़ने लगता है। इसी समस्या को दूर करने और अभिभावकों को बाजार की मनमानी कीमतों से बचाकर उचित मूल्य पर शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, गुरुवार को शाजापुर में पुस्तक-गणवेश मेला आयोजित किया गया। इस सराहनीय पहल से अभिभावकों को बड़ी राहत मिली और उन्होंने उत्साह के साथ अपने बच्चों के लिए जरूरी सामग्री खरीदी। जिला कलेक्टर ऋजु बाफना के विशेष निर्देशन में इस विकासखंड स्तरीय मेले का आयोजन बस स्टैंड स्थित उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल के हॉल में किया गया। सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस मेले में शहर भर से विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने अपनी सुविधानुसार पहुंचकर स्कूल सामग्री की खरीदारी की।

**12 से अधिक स्टॉल्स पर उपलब्ध थी हर जरूरी सामग्री**-मेले में पाठ्यपुस्तकें, गणवेश (यूनिफॉर्म), स्टेशनरी, स्कूल के जूते और बैग के 12 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे। इस आयोजन की खास बात यह रही कि विभिन्न स्कूलों के प्रबंधन ने भी मेले में हिस्सा लिया और अपने-अपने विद्यालयों में लगने वाली गणवेश और किताबों का स्टॉल लगाकर प्रदर्शन किया, ताकि अभिभावकों को सही सामग्री पहचानने और खरीदने में आसानी हो।

### अधिकारियों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

विकासखंड साक्षरता समन्वयक लोकेश राठौर ने बताया कि मेले को सफल बनाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) राजेंद्रसिंह शिप्रे ने सोमवार को ही स्कूल संचालकों और विक्रेताओं के साथ बैठक कर उनसे स्टॉल लगाने की अपील की थी। मेले के दौरान व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करने के लिए कई अधिकारियों ने अनुवीक्षण (मॉनिटरिंग) किया। इस अवसर पर प्रभारी डाइट प्राचार्य मुरलीधर शर्मा, उत्कृष्ट उमावि के प्राचार्य हेमेंद्र यादव, डीपीसी धीरज बीरथरे, एपीसी मेहरबान सिंह गुर्जर, बीआरसीसी योगेश भावसार, जिला योजना अधिकारी दीपक शर्मा, बीएसी एवं पुस्तक प्रभारी प्रमोद गुप्ता, बीएसी देवेंद्र पाठक सहित जनशिक्षक, स्कूल संचालक और विक्रेता मौजूद रहे।

## बिजली कर्मियों के हालात बंधुआ मजदूरों से भी बद्तर

**गुना।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत कार्यरत आउटसोर्स लाइन कर्मियों के हालात बंधुआ मजदूरों से भी ज्यादा बद्तर हैं। फील्ड अधिकारी उप महाप्रबंधक महाप्रबंधक आदि, मध्य प्रदेश शासन के एवं कंपनी प्रशासन के श्रम कानूनों को ताक पर रखकर आम कर्मचारियों से जबरिया कार्य करवा रहे हैं जो की बंधुआ मजदूरों की श्रेणी में आता है। मध्य प्रदेश विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन के प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेंद्र भदोरिया ने एक 10 सूत्रीय मांग पत्र बिजली कंपनी गुना के महाप्रबंधक को प्रस्तुत कर शीघ्र निराकरण की मांग की है। श्री भदौरिया ने बताया कि कंपनी प्रबंधन मनमाने तरीके से आउटसोर्स कर्मियों के स्थानांतरण, उनकी मनमानी पदस्थापनाएं, मानवाने तरीके से जांच और आउटसोर्स कर्मियों को नौकरी से निकाला जाना, आउटसोर्स कर्मियों को शासकीय छुट्टियों से वंचित करना, गलत भुगतान रोपित कर जबरन वेतन से कटोत्रा करना आदि कंपनी प्रबंधन की तानाशाही एवं मनमानी हुकूमत है।

### न्यायालय श्रीमान मध्यप्रदेश राज्य वक्फ अधिकरण भोपाल

**एम.जे.सी प्रकरण क्रमांक-51 / 2022**
**अताउर्रहमान असारी पिता हबीबउर्रहमान अंसारी मृतक द्वारा वारिसान..... आवेदकगण**
**विरूद्ध**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी म.प्र. वक्फ बोर्ड भोपाल एवं अन्य.... अनावेदकगण**

प्रति,
1) कलेक्टर
नवीन प्रशासनिक संकुल भवन, कोठी पेलेस के पास उज्जैन (म.प्र)
2) तहसीलदार नवीन तहसील भवन, प्रशासनिक संकुल भवन, के सामने उज्जैन
3) सैय्यद कासिम अली काजमी पिता सैय्यद जुल्फीकार हुसैन
4) मोहम्मद रजा काजमी पिता सैय्यद जुल्फीकार हुसैन
5) हसन रजा काजमी पिता पिता सैय्यद जुल्फीकार हुसैन
निवासीगण 54, बेगमबाग कॉलोनी, उज्जैन (म.प्र.)
-00-

उपरोक्त आवेदकगण द्वारा अनावेदक क्रमांक 1 लगायत 7 के विरूद्ध एक आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 9 नियम 9 एवं धारा 151 सी.पी.सी. का प्रस्तुत किया है जिस पर आप अनावेदक क्रमांक 2, 3 एवं 5 लगायत 7 को इस न्यायालय में दिनांक 29/06/2026 को सुबह 11:00 बजे सुनवाई की जावेगी।

अत: आप प्रतिवादी/अनावेदक क्रमांक 2,3 एवं 5 लगायत 7 को सूचित किया जाता है कि, आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में उपरोक्त दिनांक को स्वयं (व्यक्तिगत रूप से) अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा प्रस्तुत करने के लिये समन्स प्रकाशित किया जाता है। अत: नियत दिनांक 29/06/2026 को आप स्वयं अपने पक्ष के समर्थन में लिखित कथन / दस्तावेज जो भी हों जिन पर अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्वाह करते हों, इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि उपरोक्त दिनांक को एवं समय पर इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए तो आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण की सुनवाई की जाकर निराकरण किया जाएगा। उक्त दिनांक को यदि किसी कारणवश न्यायालय में कार्यवाही स्थगित हो जाती है या अवकाश घोषित हो तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जाएगी। न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से दिनांक 07/07/2026 को जारी किया गया।

**(हरिओम अतलसिया)**
**जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष**
**मध्यप्रदेश राज्य वक्फ अधिकरण भोपाल मप्र**

### न्यायालय श्रीमान मध्यप्रदेश राज्य वक्फ अधिकरण भोपाल

**साम्पत्तिक. प्रकरण क्रमांक: 07ए/2023**
**अताउर्रहमान असारी पिता हबीबउर्रहमान अंसारी मृतक द्वारा वांरिसान ...वादीगण**
**विरूद्ध**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी म.प्र. वक्फ बोर्ड भोपाल एवं अन्य ...प्रतिवादीगण**

प्रति,
1) शाहरूख अली पिता शरीफ अली
2) अब्दुल जुबेर पिता नामालूम
3) नदीम नूर पिता मोहम्मद नूर
4) फैजन खान पिता सरदार खान
5) अकरम अली पिता मोहम्मद अली
समस्त निवासीगण मीना बाजार, दुकान नं. 1 लगायत 26 बेगम बाग, जामे शाकिब परिसर अहिल्याबाई मार्ग, उज्जैन (म.प्र.)

उपरोक्त वादी द्वारा. प्रतिवादी क्रमांक 1 लगायत 10 के विरूद्ध एक वाद मध्यप्रदेश वक्फ अधिनियम की धारा 83 (2) के तहत वाद पत्र बाबत घोषणात्मक सहायता एवं निष्कासन व कब्जा प्राप्ति हेतु प्रस्तुत किया है जिस पर आप अनावेदक क्रमांक 6 लगायत 10 को इस न्यायालय में दिनांक 29/06/2026 को सुबह 11:00 बजे सुनवाई की जावेगी। अत: आप प्रतिवादी/अनावेदंक क्रमांक 6 लगायत 10 को सूचित किया जाता है कि, वादी द्वारा प्रस्तुत वाद पत्र के संबंध में उपरोक्त दिनांक को स्वयं (व्यक्तिगत रूप से) अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा प्रस्तुत करने के लिये समन्स प्रकाशित किया जाता है। अत: नियत दिनांक 29/06/2026 को आप स्वयं अपने पक्ष के समर्थन में लिखित कथन / दस्तावेज जो भी हों जिन पर अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्वाह करते हों, इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि उपरोक्त दिनांक को एवं समय पर इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए तो आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण की सुनवाई की जाकर निराकरण किया जाएगा। उक्त दिनांक को यदि किसी कारणवश न्यायालय में कार्यवाही स्थगित हो जाती है या अवकाश घोषित हो तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जाएगी। न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से दिनांक 07/04/2026 को जारी किया

**(हरिओम अतलसिया)**
**जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष**
**मध्यप्रदेश राज्य वक्फ अधिकरण भोपाल मप्र**

# शाजापुर जिले में ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा

**शाजापुर।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ में संगठन विस्तार के तहत सभी ब्लाक अध्यक्षों की घोषणा की गई है। प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देश एवं संभागीय अध्यक्ष मनोज जैन की अनुशंसा पर शाजापुर जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना (चिंटू) द्वारा जिले के सभी 9 ब्लॉकों के अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। जिला महासचिव राजा राठौर ने बताया जिला अध्यक्ष सक्सेना द्वारा शुजालपुर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर कमल पुष्पद, शाजापुर ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत आर्य, मक्सी ब्लॉक अध्यक्ष राधेश्याम देवड़ा, मोहन बड़ोदिया ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र बिसानी, गोलाना ब्लॉक अध्यक्ष सलीम शेख, कालापीपल ब्लॉक अध्यक्ष अनिल शर्मा, पोलायकलां ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश शर्मा, अकोदिया ब्लॉक अध्यक्ष लखन राणा एवं बेरछा ब्लॉक अध्यक्ष मनोज यादव को मनोनीत किया गया है। संगठन द्वारा सभी नव-नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 7 दिनों के भीतर अपनी-अपनी ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन कर जिला इकाई को सूचित करें।

### न्यायालय तहसीलदार तहसील महिदपुर जिला उज्जैन

**क्र./री./2026/0030 महिदपुर दिनांक 13.04.2026**

**विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सर्वसाधारण जगती को सूचित किया जाता है कि आवेदिका लीलाबाई पति रमेशचंद्र जाति मीणा निवासी गांधी मार्ग महिदपुर द्वारा ग्राम ताजपुरा स्थित भूमि सर्वे क्र 189/2/1 रकबा 0.007 हेक्टर पर भूमिस्वामी श्यामसुंदरबाई पति मेहरबानसिंह जाति राजपूत के स्थान पर रजिस्ट्री नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अत: उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो वह न्यायालय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर दिनांक 28.04.2026 के पूर्व अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात् आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा एवं आदेश कर दिया जावेगा।

**तहसीलदार**
**महिदपुर जिला उज्जैन**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेतागण लालसिंह पिता भारतसिंहजी राजपूत एवं अनिल पिता गिरधारीलालजी चौहान निवासी पचलानाबील तहसील बड़नगर जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम पचलानाबील तहसील बड़नगर जिला उज्जैन स्थित भूमि सर्वे नं0 467/1/2, 467/3, 468/1 कुल रकबा 37.32है0 को क्रय करने का सोदा दिनांक 13/04/2026 को तय कर लिया है तथा बयाना राशी भी मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेतागण लालसिंह पिता भारतसिंहजी राजपूत एवं अनिल पिता गिरधारीलालजी चौहान को अदा कर दी है। तथा अतिशीघ्र ही मेरा पक्षकार, विक्रेतागण से उपरोक्त वर्णित सर्वे नम्बरान की कृषि भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित एवं निष्पादित करवा रहा है। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उपरोक्त वर्णित सर्वे नम्बरान की कृषि भूमि के स्वत्व अथवा कब्जे के सम्बंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती अथवा भार आदि हो तो उक्त व्यक्ति अथवा संस्था, विज्ञप्ति प्रकाशन से 07 दिवस की अवधी में मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें अन्यथा अवधी पश्चात की गई की गई आपत्ती अमान्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। तथा मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा। अत: एतद् जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त वर्णित सर्वे नम्बरान की कृषि भूमि के सम्बंध में कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था विक्रेता से किसी भी प्रकार का कोई व्यवहार न करे तथा यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ती अथवा भार हो तो मय दस्तावेज वह विज्ञप्ति प्रकशन से 07 दिवस की अवधी में मेरे कार्यालय आकर आपत्ती प्रस्तुती करें अवधी पश्चात की गई आपत्ती अमान्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। तथा मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा। दिनांक-15/04/2026

**अम्बर स्वर्णकार एडवोकेट**
**जूना शहर बड़नगर जिला उज्जैन**
**मो.9575214746**

### जाहिर सुचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने कैलाश मीणा पिता नानक निवासी- शिवांश पेराडाईज कॉलोनी उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व स्वत्व तथा आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 16/1 रकबा 0.20 हेक्टेयर तथा सर्वे क्रमांक 16/2 रकबा 0.40 हेक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 0.60 हेक्टेयर स्थित ग्राम बदरखा बाबा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि दी है तथा अब उक्त भूमिस्वामी को शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन राशि अदा कर उनसे अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करवाया जाना है, यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो, या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो वा उक्त वर्णित भूमि में किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन अदा किया जाकर भूमिस्वामी से अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विकय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायेगा सो सूचित हो।

दिनांक - 16/04/2026

**अजय कुमावत एडवोकेट**
**कार्यालय-पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन**
**मो. 9993364312**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेश दुबे पिता मोहनलाल दुबे, निवासी उज्जैन के स्वामित्व एवम् आधिपत्य का भवन क्रमांक 40/4 का भाग (कुल क्षेत्रफल 50.66 वर्ग मीटर) चन्द्रशेखर आजाद मार्ग, गली नं. 6, भट्ट गली, मोहल्ला वानी दरवाजा, उज्जैन में स्थित है। उक्त भवन को श्री सुरेश दुबे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र वस्तावेज नं. ए1/633-क दिनांकित 28-05-1985 के माध्यम से उसके पूर्व स्वामीगण जीवन वल्व चंदरसिंह तथा मन्नु वल्द निर्भयसिंह, द्वारा संरक्षक दादा ऊकारजी पिता लालजी से क्रय की थी तथा आधिपत्य प्राप्त किया था। उक्त भवन को क्रय करने का सौदा श्रीमती यामिनी गर्ग पति श्री दिनेश गर्ग तथ्था श्री अनमोल गर्ग पिता श्री दिनेश गर्ग, निवासी-99, दानीगेट, उज्जैन द्वारा वर्तमान स्वामी एवम् अधिपति श्री सुरेश दुबे से किया गया है तथा उक्त भवन को क्रय करने हेतु श्रीमती यामिनी गर्ग और श्री अनमोल गर्ग मेरी पक्षकार बैंक युको बैंक, शाया सब्जी मण्डी, तेलीवाड़ा चौराहा, उज्जैन से ऋण प्राप्त करना चाहते हैं तथा उनके पक्ष में होने वाले विक्रय-पत्र अन्य मूल दस्तावेज सहित उपरोक्त भवन मेरे पक्षकार बैंक में साम्यिक बंधक रख्या जावेगा। ऐसी स्थिति में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त सम्पत्ति में किसी भी पक्ष का किसी प्रकार से कोई हक/हित अथवा हिस्सा निहित हो अथवा उपरोक्त हस्तांतरण व्यवहार और मेरी पक्षकार बैंक से होने वाले ऋण संव्यवहार पर किसी भी पक्ष को कोई आपत्ति हो तो ऐसा व्यक्ति/संस्था आदि इस जाहिर सूचना से 07 दिवस की अवधि में मेरी पक्षकार बैंक में मय दस्तावेज के आपत्ति दर्ज करावें, बाद मियाद यदि मेरी पक्षकार बैंक द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति को क्रय करने हेतु श्रीमती यामिनी गर्ग और श्री अनमोल गर्ग को ऋण अदा कर देवेगी तथा उक्त ऋण की सुरक्षा हेतु उपरोक्त सम्पत्ति अपने पक्ष में साम्यिक बंधक रख लेवेगी और उसके पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं रहेगी और मेरी पक्षकार बैंक द्वारा प्रदत्त ऋण का प्रथम भार उक्त सम्पत्ति पर रहेगा, जो सर्वसाधारण पर बंधनकारक होगा व किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। उज्जैन, दिनांक 16-04-2026

**विरेन्द्रसिंह तोमर, एडवोकेट**
**88-ए, मंगल कॉलोनी, सेठी नगर के पास, उज्जैन, मो. 7987694036, 9993813101**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई. बैंक की ओर से इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि श्री फारूक खान पिता श्री कलीम खान, निवासी- 69/4, फाजलपुरा, उज्जैन के स्वामित्व का एक भूखण्ड क्रमांक 6-ए जो कि नर्मदानगर कालोनी. सेंटपाल स्कूल रोड़, एमआर-5 रिंग रोड़, उज्जैन में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 97.47 वर्गमीटर है, जिसकी चर्तुसीमा में पूर्व में कालोनी रोड़, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक 6, उत्तर में- कालोनी रोड़ तथा दक्षिण में भूखण्ड कमांक 13 मिला है। श्री फारूक खान ने उक्त सम्पत्ति को इसके पूर्व स्वामी श्रीमती राधा प्रजापत पति श्री जितेंद्र प्रजापत एवं श्री जितेंद्र प्रजापत पिता स्व. श्री कैलाश प्रजापत से ई-पंजीयन कमांक एमपी432022019आ1751989 दिनांक 07.11.2019 के माध्यम से क्रय किया था तथा श्रीमती राधा प्रजापत पति श्री जितेंद्र प्रजापत एवं श्री जितेंद्र प्रजापत पिता स्व. श्री कैलाश प्रजापत ने उक्त सम्पत्ति को इसके पूर्व स्वामी श्री गौरव जोशी पिता श्री ओमप्रकाश जोशी से ई-पंजीयन कमांक एमपी 432022016 आ 1166387 दिनांक 21.03.2016 के माध्यम से विधिवत क्रय किया था एवं श्री गौरव जोशी पिता श्री ओमप्रकाश जोशी ने उक्त सम्पत्ति को इसके मूल स्वामी श्रीमाया गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित से ई-पंजीयन कमांक एमपी 432022015 आ 1006718 दिनांक 26.03.2015 द्वारा विधिवत कय किया था। श्री फारूक खान द्वारा बताया गया है कि उक्त लिंक रजिस्ट्री ई-पंजीयन कमांक एमपी 432022015 आ 1006718 दिनांक 26.03.2015 उनके पास से गुम हो चुकी है तथा इसके संबंध में उनके द्वारा इसकी विधिवत सूचना भी पुलिस थाना चिमनगंज मण्डी उज्जैन में दिनांक 13.04.2026 को दी जा चुकी है। चूंकि उक्त लिंक रजिस्ट्री गुम हो जाने पर बैंक द्वारा सर्टिफाईट कॉपी / फोटोकॉपी के आधार पर उक्त सम्पत्ति को बंधक बनाना प्रस्तावित है। अत: सूचित किया जाता है कि यदि उक्त मूल रजिस्ट्री किसी के पास जमा हो या किसी का कोई दावा या आपत्ति हो या सर्टिफाईट कापी / फोटोकॉपी के आधार पर बंधक बनाये जाने में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 3 दिवस के अंदर अनिवार्यत: मुझे फोन पर आपत्ति दर्ज कराकर उसके पश्चात सप्रमाण लिखित में आपत्ति पेश करें ताकि उसका निराकरण किया जा सके इसके अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार से ली गयी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति का टाईटल क्लीयर मानते हुए उक्त रजिस्ट्री की सर्टिफाईड कापी / फोटोकॉपी के आधार पर बैंक के पक्ष में बंधक बनाने की कार्यवाही को पूर्ण कर लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य एवं स्वीकार्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 16-04-2026

**प्रकाशचंद्र कुरील, एडव्होकेट**
**शॉप नं. 24, सी-21 मॉल, नानाखेड़ा उज्जैन**
**मो. 70679-09621**

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.स्वा.यां. संधारण खण्ड नगर पालिक निगम उज्जैन

**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संधारण खण्ड नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन निविदाओं का आमंत्रण लोक निर्माण विभाग में सी श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी एस.ओ.आर. दिनांक 02.08.2021 से प्रतिशत आधार, आईटम रेट आधार एवं लमसम आधार पर किया जाता हैं।

| चि.एस.नं. | प्रपत्र का प्रकार | कार्य का विवरण लागत | कार्य की अनु. | प्रतिभूति राशि निविदा | ऑन लाईन प्रपत्र का मूल्य | समय अवधि | निविदा कय की अंतिम तिथि | दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_uda_496990_1 | 2.10 | नागझिरी / पार्श्वनाथ टंकी क्षेत्र लाईन जोडनें का कार्य। 2.10 अंतर्गत गेप फिलिंग कर पाईप | 1045345/- | 20906/- | 2000/- | 03 माह | 08.05.2026 | 08.05.2026 |
| 2026_uda_497988_1 | 2.10 | गंभीर, गऊघाट, उण्डासा एवं फेरिक एलग का प्रदाय कार्य। साहिबखेडी जलयंत्रालय हेतु | 25794440/- | 50000/- | 5000/- | 12 माह | 08.05.2026 | 08.05.2026 |
| 2026_uda_498187_1 | 2.10 | दशहरा मैदान, लक्ष्मी नगर एवं गऊघाट टंकी क्षेत्र में विभिन्न साईजों के स्लूस वाल्वों का आईलिंग ग्रिसिंग कार्य। | 174400/- | 3500/- | 1000/- | 01 माह | 28.04.2026 | 28.04.2026 |

लाईन दर्शाई गई हैं। निविदा संबंधित अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा सूचना की जानकारी वेब साईट https://mpte»»fders.gov.i»»f ˊfSX Afg³f

**कार्यपालन यंत्री**
लो.स्व.यान. यूनियन ब्लॉक नगर पालिका. उज्जैन

**आयुक्त**
नगर पालिक निगम उज्जैन

# पुलिस ने पटवारी को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



जिले के सैलाना में गुरुवार दोपहर उज्जैन लोकायुक्त की टीम ने पटवारी कैलाश बड़ख्या को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पटवारी ने किसान से 5 हेक्टेयर कृषि भूमि के सीमांकन (नपती) के एवज में यह राशि मांगी थी। वर्तमान में लोकायुक्त की टीम सैलाना तहसील कार्यालय के नायब नाजिर कक्ष में आरोपी पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई कर रही है।

लोकायुक्त निरीक्षक राजेंद्र वर्मा के अनुसार, ग्राम अडवानिया (तहसील सैलाना) निवासी जितेंद्र पाटीदार ने 10 अप्रैल को उज्जैन कार्यालय में एसपी आनन्द कुमार यादव को लिखित आवेदन दिया था। जितेंद्र ने शिकायत में बताया था कि उसके पिता ईश्वर लाल पाटीदार के नाम पर सैलाना और बागरियों की खेड़ी में करीब 5 हेक्टेयर कृषि भूमि है। इस भूमि की वास्तविक स्थिति और सीमा जानने के लिए 22 जनवरी 2026 को लोकसेवा केंद्र के माध्यम से सीमांकन के लिए आवेदन किया गया था।

**घर आकर मांगे 30 हजार, 10 अप्रैल को लिए थे 3 हजार रुपए**

आवेदन के काफी दिन बाद भी सीमांकन नहीं होने पर जितेंद्र 9 मार्च 2026 को तहसील कार्यालय गया। वहां हल्का पटवारी कैलाश बड़ख्या से पूछताछ की, तो उसने कहा कि फीस जमा करा दोगे तो नपती हो जाएगी। इसके बाद 9 अप्रैल को पटवारी शिकायतकर्ता के घर पहुंचा और सीमांकन के लिए 30 हजार रुपए की मांग की। शिकायतकर्ता के निवेदन पर 10 अप्रैल को पटवारी ने 7 हजार रुपए कम कर दिए और उसी दिन 3 हजार रुपए नकद ले लिए।

**तहसील कार्यालय के नाजिर कक्ष में रंगे हाथों पकड़ाया**

उज्जैन लोकायुक्त एसपी ने शिकायत का सत्यापन कराया, जो सही पाई गई। इसके बाद गुरुवार 16 अप्रैल को लोकायुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। दोपहर में जैसे ही जितेंद्र ने सैलाना तहसील कार्यालय के नायब नाजिर कक्ष में पटवारी कैलाश को रिश्वत के शेष 20 हजार रुपए दिए, लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया।

## प्रदेश में नीमच जिला बोर्ड परीक्षा परिणाम में दसवें स्थान पर रहा

**नीमच ।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल,एमपी बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों ने इस वर्ष नीमच जिले को गौरव से भर दिया है। शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले ने न केवल उच्च सफलता प्रतिशत दर्ज किया, बल्कि प्रदेश की मेरिट सूची में भी अपने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का परचम लहराया। मेहनत, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के समन्वय ने नीमच को प्रदेश के अग्रणी जिलों में स्थापित कर दिया है। नीमच ने प्रदेश में 10 वां स्थान प्राप्त कि इस वर्ष मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ( बोर्ड की कक्षा 10वीं में जिले का परिणाम 83.40 प्रतिशत रहा, जिससे नीमच ने प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं में 87.36 प्रतिशत परिणाम के साथ जिले ने प्रदेश में ७वां स्थान हासिल कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण दिया।

## कलेक्टर ने डिजिटल माध्यम से स्वयं भरा जनगणना फॉर्म

**मन्दसौर।** मंदसौर कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने एक अनुकरणीय उदाहरण पेश करते हुए डिजिटल माध्यम से अपना जनगणना फॉर्म स्वयं भरा है। उन्होंने आधिकारिक जनगणना पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर स्व-गणना प्रक्रिया की शुरूआत की। कलेक्टर ने नागरिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह सुविधा जनगणना को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और समयबद्ध बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। श्रीमती गर्ग ने अपील की कि आधुनिक तकनीक का लाभ उठाते हुए नागरिक घर बैठे ही ऑनलाइन पोर्टल पर लॉगइन कर अपनी जानकारी दर्ज करें। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि डेटा की शुद्धता और विश्वसनीयता भी बढ़ेगी।

## शहर के ग्वालटोली मैदान से लहूलुहान युवक मिला

**नीमच।** शहर के सिटी थाना के ग्वालटोली इलाके में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई द्य एक दर्दनाक घटना में एक 30 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते कांच की बोतल फोड़कर अपना ही गला काट लिया। इस घटना से क्षेत्र लोग व परिजन स्तब्ध रह गए। परिजन बड़े भाई राहुल जयसवाल के अनुसार मृतक पंकज जायसवाल (30) पिता मदनलाल जायसवाल, निवासी ग्वालटोली,बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ था।परिजनों ने बताया कि उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था जिसे एक दिन पूर्व ही अस्पताल से छुट्टी मिली थी। घटना की रात करीब 3 बजे के आसपास परिजनों की आंख लग गई, इसी दौरान पंकज घर से निकल गया। सुबह करीब 11 बजे लोगों ने घर वालों को सूचना दी कि लाल मैदान के पास युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ है।सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पंकज को तत्काल जिला अस्पताल लेकर आए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## पचमढ़ी एडवेंचर कैंप के लिए रवाना हुआ विद्यार्थियों का दल

**मन्दसौर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर के बी.पी.ई.एस. तृतीय वर्ष के 32 विद्यार्थियों का दल च्एडवेंचर एंड लीडरशिप कैंपज् के लिए पचमढ़ी रवाना हुआ। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने हरी झंडी दिखाकर दल को प्रस्थान कराया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कैंप विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और आत्मविश्वास का विकास करते हैं।सतपुड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ रॉक क्लाइंबिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित इस कैंप में विद्यार्थी ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग और जंगल सफारी जैसी साहसिक गतिविधियों में भाग लेंगे।

## मोगिया-बावरी समाज की बैठक सम्पन्न

**पिपलिया मंडी।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को श्यामाप्रसाद मांगलिक भवन में मोगिया-बावरी समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही परेशानियों सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## महिला आरक्षण अधिनियम एक क्रांतिकारी कदम - प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया

### मंदसौर में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन और भव्य रैली का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



जिले में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जन जागरूकता और समर्थन को लेकर मंदसौर नगर में एक पैदल रैली और कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले की प्रभारी मंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप बस स्टैंड से एक विशाल महिला पैदल रैली के साथ हुआ। यह रैली श्री कोल्ड चौराहा होते हुए कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम तक पहुँची।

रैली के समापन के पश्चात ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश के इतिहास में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को मिलने वाला 33 प्रतिशत आरक्षण न केवल उन्हें राजनीतिक प्रतिनिधित्व देगा, बल्कि नीति निर्माण में भी उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करेगा। मंत्री महोदय ने १६ से १८ अप्रैल तक संसद में आयोजित होने वाले विशेष सत्र को सुनने का आह्वान करते हुए बताया कि वर्तमान में महिलाएं स्वयं सहायता समूहों और उद्योगों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनकर दूसरों को रोजगार प्रदान कर रही हैं। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बेटियों की सफलता की सराहना करते हुए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से प्रतिभाशाली छात्राओं को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। सम्मेलन के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार ने इस अधिनियम को महिलाओं के सम्मान की दिशा में ऐतिहासिक बताया, जबकि नपाध्यक्ष रमादेवी ुर्जर ने कहा कि यह कानून मातृशक्ति की प्रतिभा निखारने का बड़ा अवसर है। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी मंत्री ने 10वीं और 12वीं कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली मेधावी बालिकाओं और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया।

## 10 एवं 12 वीं में मॉडल स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार रहा

**जावरा ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा दसवीं व बारहवीं के परीक्षा परिणाम में मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार परिणाम दिए ।





विद्यालय की प्राचार्य निर्मला बैरागी ने बताया कि कक्षा 12वीं का परिणाम 86 प्रतिशत और कक्षा दसवीं का परिणाम 89 प्रतिशत कक्षा १२वीं में आशीष मंडवार 89 प्रतिशत योगिता पाटीदार ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं पर संदीप रावत ने 88.6 पर्तिशत अंक प्राप्त का दूसरा स्थान तथा निलेश प्रजापत ने 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त का तीसरा मयंक नीमा ने 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा तथा रिद्धि जैन ने 86 प्रतिशत अक प्राप्त कर विद्यालय में पांचवा स्थान प्राप्त किया प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में सिद्धार्थ कारपेंटर 91.4प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथमऔर मोहित जेतवार ने 91 प्रतिशत अक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा दर्शन डोंगरे ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा प्रतिज्ञा पाटीदार ने 89.6 प्रतिशत अक प्राप्त कर चौथा और परिधि जैन ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धी पर विद्यालय की उप प्राचार्य अलका पगारिया, मनुदेव सिंह चंद्रावत , मनोज चतुर्वेदी ,मनोहर सिंह सिसोदिया ,डूंगर सिंह खन्ना,महेश कुमार नोटिया, हेमंती रानी, जगपाल सिंह चंद्रावत राकेश राठौर ,दीपक जैन, जितेन पाटीदार ,लखन राठौर ,दीपक परमार ,शेर सिंह सिसोदिया, मांगीलाल डडिंग,मनीष जाजोंदिया ,जितेंद्र सोनी, पंकज सोनी ,अविनाश शर्मा ,फहीम अख्तर ,मुकेश दास बैरागी ,प्रीती मेहता, रानेश त्रिवेदी, सलमा खान, शिक्षा सोनी, मैरियन वर्मा, विनायका धनोतिया,सारिका प्रजापत, प्रियंका पटवा ,प्रियंका डाबिया,महक मंसूरी, दिव्या टी नायर,ममता शर्मा,नंदनी जोशी,चंचल राठौर,योगिता दुबे आदि ने हर्ष व्यक्त कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## सकल स्थानक श्राविका संघ द्वारा सामायिक सूत्र परीक्षा संपन्न

**मंदसौर।** सकल स्थानकवासी श्राविका संघ द्वारा धार्मिक ज्ञान और संस्कारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामायिक सूत्र परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। संघ की अध्यक्ष रेखा रातडिया ने बताया कि संघ द्वारा हर माह कक्षाओं का आयोजन किया जाता है, जिसमें जैन धर्म के सिद्धांतों और विवेकपूर्ण जीवन शैली के बारे में सिखाया जाता है। इसी क्रम में गुलाबपुरा स्वाध्याय संघ के सहयोग से ओपन बुक सामायिक सूत्र परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें लगभग 65 महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मीनाक्षी मेहता और शशि मारू द्वारा प्रतिक्रमण, 25 बोल और 32 आगम जैसे विषयों का ज्ञान दिया गया। कार्यक्रम में संघ की वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी, डॉ. देवेन्द्र पुराणिक बने संयोजक

**मन्दसौर।** सकल ब्राह्मण समाज मंदसौर द्वारा आगामी 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। श्री बालाजी धाम साईं मंदिर में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. देवेन्द्र पुराणिक को इस वर्ष के आयोजन हेतु संयोजक नियुक्त किया गया है। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा ने की, जिसमें समाज के वरिष्ठ जन और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। जन्मोत्सव के कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार, 19 अप्रैल को सुबह राम टेकरी स्थित परशुराम वाटिका में विशेष पूजन, अर्चन और हवन का आयोजन होगा। शाम 5 बजे से इसी स्थान से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो संजय उद्यान स्थित पं. मदनलाल जोशी सभागार पहुंचेगी। यहाँ समाज की महिलाओं और बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उल्लेखनीय है कि समाज ने ईंधन की बचत का संदेश देने के उद्देश्य से इस वर्ष वाहन रैली नहीं निकालने का निर्णय लिया है।

## चोरों के हौसले बुलंद, बटालियन में पुलिस कर्मी के घर से ले गए ज्वेलरी एवं नगदी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

बदमाशों का खोफ शहर में बढ़ता जा रहा जो अब सीधे पुलिस को चुनौती दे रहे। गत रात्रि में विशेष सशक्त पुलिस बल की 24वीं बटालियन परिसर में घुसकर चोरों ने एक आरक्षक के घर से नगदी एवं ज्वेलरी चुरा ली। परिसर में ही तीन-चार अन्य खाली क्वार्टर के तालों को भी चटकाया गया।

उक्त चोरी की घटना से सनसनी फैल गई ।आश्चर्य है कि इसके पूर्व भी बटालियन परिसर में ही अक्टूबर 2022 की रात में एक आरक्षक के क्वार्टर से पिस्टल एवं 35 जिंदा कारतूस चोरी हो गए थे वैसे कई मर्तबा परिसर में चोरी के प्रयास हुए फिर भी परिसर में कोई पुख्ता रोकथाम नहीं हुई ।

24 वी बटालियन परिसर में अज्ञात चोरों ने बाउंड्री को लाधकर अंदर प्रवेश किया। तीन-चार अन्य क्वार्टर को निशाना बनाया गया ।बटालियन आरक्षक अनिल अटोलिया के क्वार्टर से चोरों ने लाखों रुपए की ज्वेलरी एवं करीब 80 हजार रुपए नगद चोरी कर ले गए ।आरक्षक अटोलिया परिवार के साथ समीप नगरी गांव गए हुए थे लौटने पर मालूम पड़ा की चोरी हो गई। शहर पुलिस थाना प्रभारी एवं अन्य घटना स्थल का मुआवना किया ।

उल्लेखनीय की इसके पूर्व भी बटालियन परिसर में आरक्षक लक्ष्मण भूरिया की पिस्टल वह 35 जिंदा कारतूस चोरी हो गए थे ।पुलिस की तत्परता से धार जिले से गैंग को पड़कर पिस्तौल व कारतूस तो बरा मद कर लिए थे। परंतु बटालियन में ही आए दिन चोरियां होना क्या दशार्ता है? बटालियन परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करना अति आवश्यक है।

## एकीकृत बालक उमावि में प्रवेश उत्सव मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी

एकीकृत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन में आज नवीन शिक्षण सत्र 2025-26 का प्रवेश उत्सव कार्यक्रम गरिमा में ढंग से आयोजित किया गया.. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सिंह सोनगरा उपाध्यक्ष नगर परिषद पिपलिया मंडी, विशेष अतिथि माननीय मुकेश नीडर पार्षद विष्णुबाला कराड़ा वरिष्ठ पार्षद महोदया, एवं उपस्थित अभिभावक गण के आतिथ्य व विद्यालय के प्राचार्य श्री बी.आर. सिसोदिया की अध्यक्षता में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती एवं माता सावित्रीबाई फुले के चित्रों पर माल्यार्पण कर अतिथि सत्कार किया गया, तत्पश्चात सभी उपस्थित छात्रों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का सेट प्रदान कर उनका अभिषेक करते हुए पुष्प मालाए पहनाकर सम्मानित किया गया, स्टाफ के सभी शिक्षकों द्वारा नवीन शिक्षण सत्र में ईमानदारी और निष्ठा से कर्तव्य पालन करने का संकल्प लेते हुए अधिक अधिक छात्रों को प्रवेश दिलाने हेतु गृह संपर्क अभियान की शुरूआत की गई.. विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों की अलग-अलग टीम बनाकर पिपलिया नगर एवं आसपास के कैचमेंट एरिया के ग्रामों में गृह संपर्क करके अधिक से अधिक छात्रों को शासकीय विद्यालय में प्रवेश दिलवाने हेतु कार्य करेंगे इस हेतु भी प्राचार्य श्री सिसोदिया के द्वारा एक नवीन कार्य योजना बनाई गई, शान द्वारा छात्रों को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न प्रकार की सुविधा विभिन्न छात्रवृतियां गणमेश वितरण साइकिल वितरण टेबलेट मोबाइल एवं स्कूटी तथा प्रतिभावान छात्रों के लिए भिन्न-भिन्न योजनाओं के बारे में भी छात्रों को अवगत करवाया।

## कनघट्टी की दो बालिकाओं ने अपने गुल्लक की राशि माताजी को अर्पित की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी



कनघट्टी की दो बालिकाओं जया कुंवर और संजना कुंवर ने अपने गुल्लक के पैसे मा भैंसासुरी माता जी के शिखर निर्माण में सहयोग राशि के रूप में अपने गुल्लक को आगे करके समस्त राशि को सहयोग राशि के रूप दे दी।खुशी बात थी और उससे भी ज्यादा खुशी तब हुई की दोनों बालिकाओं के गुल्लक से कुल 17350 रुपए निकले।बड़ी हैरानी वाली बात रही कि रविवार को मां भैंसासुरी माता जी एक सामान्य बैठक आयोजित की गई थी जिसमें ये दोनों बालिकाएं अपने दादा जी यानी दाता के साथ भैंसासुरी माता गाडगिल बांध पर पहुंची थी।जहां उन्होंने अपना पूरा ध्यान बैठक की तरफ रखा और फिर घर आने के बाद अपने दादा जी को अपने सारे पैसे गुल्लक वाले मा आदिशक्ति भगवती भैंसासुरी माता जी के शिखर निर्माण में देने के लिए जिद पड़ अड़ गई।माता स्वरूपा दोनों बालिकाओं ने अपने दादा जी को लगातार इस बात के लिए परेशान किया और अंत में अपने दादा बहादुर सिंह (पप्पू उस्ताद) के साथ रावले में दोनों छोटे ठाकुर साहब की उपस्थिति में अपने गुल्लक को सामने किया जिसको खोलने पर दोनों बालिकाओं के गुल्लक से 17350 रुपए निकले जिसमें दोनों छोटे ठाकुर साहब ने निर्णय लिया कि 2100 रुपए 2100 रुपए दोनों बालिकाओं के गुल्लक में वापस किए जावे और 13150 रुपए मा आदिशक्ति भगवती स्वरूपा दोनों बालिकाओं के नाम से रसीद बनाई गई।

वाकई बड़ा ही रोचक लगा की आज की इस 21 वि सदी में मां भैंसासुरी माता जी भगवती आदिशक्ति जगतजननी राजराजेश्वरी के कई स्वरूप को इन दोनों बालिकाओं ने साक्षात माता जी के रूप में शिखर निर्माण की टोली को अपने दर्शन स्वरूप को दिखाया है।ऐसा लगा जैसे मा आदिशक्ति भैंसासुरी माता जी खुद आकर कह रही हो आप तो निर्माण कार्य शुरू करो बाकी सारे काम हो जाएंगे।जिसका एक जीवित प्रमाण आज इन दोनों बालिकाओं ने बताया है।इस दौरान दोनों बालिकाएं जया कुंवर और संजना कुंवर इनके पिता अतुल सिंह साथ में दादा जी बहादुर सिंह (पप्पू उस्ताद) साथ में छोटे ठाकुर साहब हरपाल सिंह शक्तावत, छोटे ठाकुर साहब जितेंद्र सिंह शक्तावत, आदि उपस्थित थे।

## न्यूज कालम




## आदित्य बिड़ला स्कूल खोर बोर्ड परीक्षा परिणाम में,सभी विद्यार्थियों को सफलता

**नीमच।** जिले के विक्रम नगर, खोर स्थित प्रसिद्ध आदित्य बिड़ला हायर सेकेंडरी स्कूल ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर एक बार फिर उत्कृष्टता का परिचय दिया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक हासिल किए। कक्षा 12वीं में भेरुलाल धाकड़ ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, कुमारी अंजली धाकड़ ने 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं कविता गायरी ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं (हाई स्कूल) परीक्षा में 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, शिवानी प्रसाद ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं अजीत सिंह ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान हासिल किया।

## शासकीय पीजी महाविद्यालय में अंबेडकर जयंती मनाई




**नीमच।** भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 135वी जन्मजयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के तत्वाधान में पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नीमच, शासकीय रामचंद्र विश्वनाथ महाविद्यालय मनासा, शासकीय महात्मा गांधी महाविद्यालय जावद, शासकीय महाविद्यालय जीरन, श्री वीरेंद्र कुमार सकलेचा शासकीय महाविद्यालय सिंगोली में महाविद्यालय स्टॉफ एवं विद्यार्थियों ने संविधान निमार्ता के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी । उक्त अवसर पर वक्ताओं ने बाबासाहेब द्वारा किए गए समाज सुधार कार्य , सामाजिक भेदभाव के खिलाफ किए गए आंदोलन उनकी विशेष भूमिका पर प्रकाश डाला 7 प्रबोधन में समाज से जात-पात सामाजिक भेदभाव को दूर कर-के राष्ट्र हित में कार्य करने का संदेश महाविद्यालय के विद्यार्थियों को दिया और निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्र के लिए मिलजुल कर कार्य करने का संकल्प दिलाया।

## डेफोडिल्स स्मार्ट स्कूल पिपलियामंडी का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा



**पिपलिया मंडी।** स्थानीय डेफोडिल्स स्मार्ट स्कूल के विद्यार्थियों का सीबीएसई बोर्ड 10वीं परिणाम शतप्रतिशत रहा। जिसमें परिमल पाटीदार 90.4 प्रतिशत अपेक्षा चौधरी 90.2 प्रतिशत डेफोडिल्स की छात्रा प्रांजल पोरवाल 97.6 प्रतिशत के साथ मल्हारगढ़ तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त किया।विद्यालय परिवार ने उपरोक्त उपलब्धि पर सभी होनहार छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## शासकीय आईटीआई कॉलेज में मनाई डा. भीमराव अंबेडकर जयंती



**जावरा ।** शासकीय आईटीआई कॉलेज में मेरा युवा भारत द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें वक्ता कॉलेज प्राचार्य मनोहर महावर द्वारा बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके द्वारा किए गए अमूल्य कार्य जैसे पिछड़ों को सम्मान अधिकार दिलाना महिला सशक्तिकरण पर कार्य करना अन्य सभी उपलब्धियां के बारे में बताया एवं युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने की सीख दी। मास्टर ट्रेनर दशरथ भारती द्वारा किस प्रकार देश की आजादी में उनका मूल्य योगदान बताएं एवं श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शिक्षक योगेश दंडोतिया ,प्रीति पटेल एवं बडी संख्या में युवा भी उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन सागर बरसोलिया द्वारा किया गया आभार अब्बास बोहरा ने माना ।

## संतूर की धुनों पर बच्चों ने सीखा मेडिटेशन



**मन्दसौर।** स्पिक मैके की विरासत श्रृंखला के तहत मंदसौर के वात्सल्य पब्लिक स्कूल में एक विशेष व्याख्यान और प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रसिद्ध संतूर वादिका डॉ. वर्षा अग्रवाल और तबला वादक पं. ललित महंत ने अपनी जुगलबंदी से विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने राग चारुकेशी के माध्यम से आलाप, जोड़ और झाला की प्रस्तुति दी।इस संगीत सत्र की खास बात यह रही कि बच्चों को संतूर वादन के साथ-साथ मेडिटेशन का अभ्यास भी कराया गया। संगीत और ध्यान के इस मेल ने विद्यार्थियों को मानसिक शांति और एकाग्रता का अनुभव कराया। विद्यालय के प्राचार्य अविनाश श्रीवास्तव और स्पिक मैके की जिला समन्वयक चन्दा डांगी ने कलाकारों का सम्मान किया।

## हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा 86 प्रतिशत




**तराना।** पीएम श्री शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम 86% रहा । जिसमें 137 छात्राएं प्रथम श्रेणी और 27 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण रही । विद्यालय की विज्ञान संकाय की छात्रा किरण गंगवाल विद्यालय की टॉपर रही जिसने 500 में से 480 अंक प्राप्त कर 96% पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है ।इसी प्रकार कला संकाय में रोशनी चौहान ने 91%एवं कॉमर्स में भूमिका नेरनिया ने 85%से उतीर्ण अपने-अपने संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।इसी प्रकार कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 86% रहा143 छात्राओं में से 122 छात्राएं उत्तीर्ण हुई जिसमें 98 छात्राएं प्रथम स्थान तथा 24 द्वितीय स्थान पर रही ।कक्षा दसवीं में छात्रा अर्पिता बड़ाल ने 500 में से 468 अंक लाकर 94% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।विद्यालय के प्राचाय अशोक कुमार गहलोत छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी । इस अवसर पर विद्यालय परिवार के शिक्षक जगदीश पवार , सुषमा पाल ,माधुरी पलिया ज्योति सोमानी, दीपक कारपेंटर दिनेश चंद्र गोयल, संदीप विजयवर्गीय बत्ती लाल जी बेरवा, पुष्पेंद्र वर्मा,कोमलचंद कुंभकार, सुनीता लंजावर आदि सभी शिक्षको ने हर्ष व्यक्त किया ।जानकारी परीक्षा प्रभारी महेश गोस्वामी ने दी।

## कला संकाय की छात्रा अंतिम तथा विज्ञान संकाय के मनीष को मिलेगी स्कूटी



**महिदपुर रोड।** नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी श्रेष्ठ रहा कला संकाय की छात्रा अंतिम पिता बालू सिंह ने 84.4% तथा विज्ञान संकाय की मनीष हिम्मतलाल ने 83.2% अंक हासिल कर प्रदेश शासन की लोकप्रिय योजना की स्कूटी योजना का लाभ मिलेगा विद्यालय में सभी संकाय से छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर 14 लैप टॉप हासिल करने के पात्रता प्राप्त की परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा अन्य विषयों का परीक्षा परिणाम भी संतोषजनक रहा सफलता पर छात्रों तथा पालकों में उत्साह रहा हाईस्कूल परीक्षा का परिणाम 90% रहा छात्र संदीप पिता राधेश्याम सौलंकी 500 में से 446 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहा छात्रों की सफलता पर प्रभारी प्राचार्य बामनिया सहित सभी शिक्षकों ने छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई ,साथ ही विद्यालय परिवार द्वारा लैपटॉप प्राप्त सुनील नरवरिया एवं भारत भीमावत का माला पहनाकर सम्मान किया गया ।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा समाज जन गोष्ठी का आयोजन

## डॉ. विवेक दुबे ने पंच परिवर्तन और संघ के ध्येय पर डाला प्रकाश



**सुसनेर।** आगर रोड स्थित होटल शिवाय में मंगलवार दोपहर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रमुख समाज जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों ने सहभागिता की और संघ की कार्यपद्धति व सामाजिक सरोकारों पर चर्चा की। भारत माता के पूजन से शुभारंभ कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि और वक्ताओं द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। मंच पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत संपर्क प्रमुख डॉ. विवेक दुबे एवं खंड संघचालक द्वारकीलाल पाटीदार उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ. विवेक दुबे ने अपने उद्बोधन में संघ की रीति-नीति और कार्यपद्धति को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा की संघ में निर्णय किसी एक व्यक्ति के आधार पर नहीं, बल्कि सामूहिक रूप से लिए जाते हैं क्योंकि संघ व्यक्तिनिष्ठ न होकर तत्वनिष्ठ है। डॉ. दुबे ने संघ की 100 वर्षों की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे संघ निरंतर राष्ट्र निर्माण में लगा है। उन्होंने प्रार्थना में ईश्वर से मांगे जाने वाले पाँच गुणों की व्याख्या करते हुए कहा कि इन गुणों का एकमात्र ध्येय भारत माता को परम वैभव के शिखर पर स्थापित करना है। सांस्कृतिक मूल्यों पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि जो सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना रखता है, वही सच्चा हिंदू है।डॉ. दुबे ने वर्तमान समय में समाज के लिए 'पंच परिवर्तन' को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने इसके पाँच मुख्य स्तंभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समरसता के अंतर्गत समाज में ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त करना। पर्यावरण के तहत प्रकृति का संरक्षण और संवर्धन। कुटुंब प्रबोधन में परिवार में संस्कारों का बीजारोपण। नागरिक अनुशासन में देश के प्रति नागरिक कर्तव्यों का पालन। स्व का बोध में अपनी संस्कृति और गौरवशाली इतिहास की पहचान। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी को सामूहिक रूप से मिलकर समाज में इन परिवर्तनों का विस्तार करना चाहिए। उद्बोधन के पश्चात समाज बंधुओं द्वारा पूछी गई जिज्ञासाओं और प्रश्नों का उत्तर डॉ. दुबे द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रचार प्रमुख योगेंद्र रावत ने किया तथा आभार प्रदर्शन खंड कार्यवाह कमल पाटीदार द्वारा व्यक्त किया गया। वन्दे मातरम के गान के साथ कार्यक्रम का गरिमामय समापन हुआ।

## शासकीय नवीन हाई स्कूल तराना का 95 प्रतिशत परिणाम रहा

**तराना।** बुधवार को घोषित किए गए हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में शासकीय नवीन हाई स्कूल तराना का 95% परिणाम रहा। परीक्षा में कुल 40 नियमित विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे जिसमें 38 छात्र उत्तीर्ण रहे। उत्तीर्ण छात्रों में 20 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 18 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। विद्यालय में प्रथम स्थान तुषार पिता राकेश बमनावत ने 86 प्रतिशत, द्वितीय स्थान विशाल पिता घनश्याम परमार 73% प्रतिशत, तृतीय स्थान अर्पण पिता माखन गुर्जर 73 प्रतिशत बनाकर प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय प्राचार्य बृजेश शर्मा एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया।

### हादसे का खतरा: रात में ट्रैक्टर-ट्रॉली बन रही हादसों का कारण, ग्रामीण नहीं हो रहे जागरूक

# मंडी आ रही 90 फीसदी ट्रॉलियों में बैक लाइट एवं रेडियम संकेत नहीं, हादसों को आमंत्रण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर



सारंगपुर कृषि उपज मंडी प्रांगण में उपज लेकर पहुंच रहे करीब 90 फीसदी वाहनों में बैकलाइट और रेडियम संकेत नहीं हैं। अंधेरी रात में ये वाहन दूर से दिखाई नहीं देते। पीछे से तेज गति में आ रहे दोपहिया और चारपहिया वाहनों के टकराने का खतरा बढ जाता है। इन दिनों रबी फसल सीजन चल रहा है। गांव-गांव से किसान उपज बेचने मंडी पहुंच रहे हैं। गर्मी के चलते अधिकांश किसान रात में ट्रैक्टर-ट्रॉली में उपज भरकर सुबह की नीलामी में शामिल होने के लिए निकलते हैं। ट्रॉलियों में अधिक लोड रहता है। टायर पुराने और कमजोर रहते हैं। रास्ते में कई बार पंचर हो जाता है। ऐसी स्थिति में किसान ट्रॉली को सडक पर खडा कर टायर मरम्मत के लिए ले जाते हैं। कई बार सुबह होने का इंतजार करते हैं। रात में सडक पर खडी ट्रॉलियां दूर से दिखाई नहीं देतीं। पीछे से आने वाले वाहन चालक जब तक इन्हें देखते हैं, तब तक स्पीड कंट्रोल करना मुश्किल हो जाता है। हादसे हो जाते हैं। पहले भी ऐसे कई बडे सडक हादसे हो चुके हैं।

### चलाया जाए व्यापक अभियान

समाजसेवी संजय विजयवर्गीय ने कहा कि रात में होने वाले सडक हादसों को रोकने के लिए पुलिस को सामाजिक संगठनों के सहयोग से व्यापक स्तर पर स्टिकर अभियान चलाना चाहिए। ट्रॉलियों के पीछे स्टिकर लगाए जाना जरूरी है क्योंकि रात में वाहन दूर से दिखाई देते है वर्तमान में भी अभियान की आवश्यकता है क्योंकि ये केवल सांकेतिक रहते हैं। इन्हें बडे स्तर पर लगातार चलाया जाना चाहिए। इधर पुलिस का कहना है कि कृषि मंडी से इसी सप्ताह ट्रॉलियों के पीछे रेडियम पट्टी लगाने का अभियान प्रारंभ किया जाएगा। अधिक से लगाए जाएंगे।

### बिना सुरक्षा के हादसो का खतरा बड़ा

मंडी में आने वाले अधिक वाहनों में सुरक्षा संकेत ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे रेडियम संकेत नहीं होने से हादसे का खतरा बढा। मंडी में रोजाना सैकड़ो वाहन आते है। वर्तमान रबी सीजन में मंडी में रोजाना लगभग हजारो क्विंटल उपज लेकर वाहन पहुंच रहे हैं। इनमें लगभग 90 फीसदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां हैं। 10 फीसदी छोटे लोडिंग वाहन हैं। ये किराए पर किसानों की उपज लाते हैं। इनमें से ज्यादातर ट्रॉलियों के पीछे कोई रेडियम पट्टी या संकेत नहीं होता। अधिकांश ट्रॉलियों में पुराने टायर और बेरिंग का उपयोग किया जाता है। ये जल्दी खराब हो जाते हैं।

### रात में सफर करने से समस्या

रबी और खरीफ दोनों सीजन में किसान समय पर मंडी पहुंचने और सुबह की नीलामी में शामिल होने के लिए रात में सफर करते हैं। सेकंड हैंड ट्यूब, टायर और बेरिंग का उपयोग होता है। ओवरलोडिंग भी रहती है, जिससें ट्रॉलियां अक्सर खराब हो जाती हैं। कई बार मोड पर या सडक के बीच खडी ट्रॉली दुर्घटना का शिकार हो जाती है। इसलिए सुरक्षा के इंतजार होना जरूरी है।

एडवोकेट दिलीप जाधव और जहीर खान ने कहा कि किसान ट्रॉलियां कृषि यंत्र निमार्ताओं से खरीदते हैं। प्रशासन को जिला परिवहन अधिकारी और जिला उद्योग विभाग के माध्यम से निमार्ताओं की बैठक बुलानी चाहिए। निमार्ताओं को अधिकृत कर यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वे ट्रॉली के पीछे रेडियम पेंट या स्थायी संकेत अनिवार्य रूप से लगाएं। उन्होंने कहा कि रेडियम पट्टी धुलाई में हट जाती है। रेडियम पेंट लंबे समय तक टिकता है। बेहतर रिफ्लेक्शन देता है। इससे इससे दुर्घटनाओं में काफी कमी लाई जा सकती है।

> **बोले जिम्मेदार**
> ट्रॉली के पीछे रेडियम पेंट या स्थायी संकेत होने चाहिए, इसके लिए जिलेभर में अभियान के तहत **कार्रवाई की जाएगी।**
> **ज्ञानेंद्र वैश्य, डीटीओ, राजगढ़।**

### महिदपुर पब्लिक हा.से. स्कूल का 31 वें वर्ष में परंपरागत शानदार प्रदर्शन

## हायर सेकंडरी 92 प्रतिशत विद्यार्थी सफल 90 फीसदी अंक प्राप्त कर चार विद्यार्थी अव्वल रहे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर






महिदपुर एजुकेशनवेल सोसाइटी, एम.पी.एस. ग्रुप की एम.पी. बोर्ड संस्था महिदपुर पब्लिक हा.से. स्कूल ने सतत तीन दशक, 31 वें वर्ष में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपनी गौरवशाली गुणवत्ता परंपरा का निर्वहन किया। घोषित हायर सेकेंडरी परिणामों में 92 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए और 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चार छात्र-छात्राएं अव्वल रही ।

संस्था के विद्यार्थी चिन्मय नरेश पालीवाल अंग्रेजी माध्यम वाणिज्य समूह के साथ उच्च गणित विषय के परीक्षार्थी के रूप मे 90 प्रतिशत अंक (500 में से 450 अंक) अर्जित किए। वाणिज्य संकाय मे हार्दिक राजेश पाटीदार ने अंग्रेजी माध्यम इन्फॉर्मेटिक्स प्रैक्टिसेस (आई पी) विषय के साथ 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय गणित विषय कु. सुरभि सर्वेश शर्मा अंग्रेजी माध्यम ने 89.2 प्रतिशत अंक अर्जित किए।

उक्त तीनों विद्याथीयों ने 90 प्रतिशत तक सफलता अर्जित की वहीं वाणिज्य संकाय हिन्दी माध्यम के मनीष बजरंगदास ने 81.4 प्रतिशत अंक अर्जित किए । ऋषिका कुन्दन पंवार वाणिज्य संकाय 80 प्रतिशत अंक, अविका राजेश शर्मा विज्ञान बायोलॉजी अँग्रेजी माध्यम मे 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था मे अव्वल स्थानो पर नाम दर्ज कराने का अवसर प्राप्त किया, संस्था के सफल 80 फीसदी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण हुए ।

घोषित हाई स्कूल परिणामो मे अँग्रेजी माध्यम मे 90 प्रतिशत एवं हिन्दी माध्यम मे 80 प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम मुख्य परीक्षा मे सफल हुए । विद्यालय स्तर पर आतीफ सईद एहमद 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, प्रदीप श्यामसिंह द्वितीय एवं नरेंद्र देवीसिंग तृतीय स्थान पर रहे । संस्था प्राचार्य शाहिद खान ने सभी सफल असफल विद्यार्थियों से आह्वान किया की माद्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा इस वर्ष अपने प्रदर्शन को अभिवर्धन करने के लिए द्वितीय परीक्षा अवसर दिया है उसके माध्यम से अपना प्रदर्शन बड़ा सकते है। शीघ्र आवेदन हेतु विद्यालय में संपर्क करे ।

संस्था के सतत श्रेष्ठ प्रदर्शन पर एम.पी.एस. ग्रुप विज्ञान प्रभाग समन्वयक आर सी मिश्रा, वाणिज्य प्रभाग समन्वयक पूजा कोचर, वरिष्ठ व्याख्याता राजेश तिवारी, सुरेश गांधी, एम.पी.एस. ग्रुप एक्सिक्यूटिव डाइरेक्टर अभिवर्धन स्तुत्य छजलानी ने बधाइयाँ प्रेषित की है । उक्त जानकारी माहिदपुर पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल मीडिया प्रभारी वंदना चोपड़ा ने दी ।

इसी प्रकार सी बी एस ई सम्बद्ध एम पी एस ग्रुप की संस्था एम पी एस एकेडमी का पश्चात घोषित हाई स्कूल (सेकेंडरी) परिणाम में 93 प्रतिशत सफलता अर्जित हुई। संस्था के दो विद्यार्थियों के अतिरिक्त सभी विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए, सफल विद्यार्थियों को बधाई के साथ उक्त जानकारी कैंपस कोऑर्डिनेटर श्रीमति मोनिका सिसोदिया ने दी।

## कालवा बालाजी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महामहोत्सव की शुरूआत

### कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

समीपस्थ ग्राम श्यामपुरा स्थित श्री कालवा बालाजी मंदिर परिसर में रामदरबार, नवग्रह एवं माँ दुर्गा की प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा महामहोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। महोत्सव के पहले ही दिन क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और आस्था का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। बड़ी संख्या में ग्रामीणों सहित आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए। महोत्सव की शुरूआत प्रातःकाल विधि-विधान के साथ गणेश पूजन से हुई। इसके पश्चात जनेऊ धारण, मंडप प्रवेश सहित अन्य वैदिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इसके बाद ग्राम में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 301 जोड़ों ने सहभागिता निभाई। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में भाग लिया वहीं पुरुष श्रद्धालु भी भक्ति भाव से शामिल हुए। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा के पश्चात मंदिर परिसर में दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दोपहर के समय भव्य जुलूस भी निकाला गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई थीं, जिससे सभी ने सहजता से कार्यक्रम में भाग लिया। दिनभर चले अनुष्ठानों के बाद शाम को श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस महोत्सव के यज्ञाचार्य आचार्य केदारदत्त व्यास द्वारा सभी धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान के साथ संपन्न कराए जा रहे हैं।

### अनियंत्रित ट्रक ने मारी टक्कर

## शॉर्ट सर्किट से बिजली कार्यालय में लगी आग

**शुजालपुर।** मंडी क्षेत्र स्थित एमपीईबी कार्यालय एवं ट्रांसफार्मर रिपेरिंग वर्कशॉप परिसर में मंगलवार देर रात भीषण आगजनी की घटना हुई। यह स्थिति अनाज मंडी से निकले अनियंत्रित ट्रक के कारण निर्मित हुई। ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी कार और पिकअप वाहन को टक्कर मार दी, जिससे बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गया और शॉर्ट सर्किट के कारण विद्युत कार्यालय में आग लग गई। घटना में लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। इस आगजनी के कारण रात लगभग 10.30 बजे मंडी क्षेत्र की बिजली गुल हो गई।

## कलेक्टर ने मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को दी बधाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सत्र 2025-26 के लिये घोषित कक्षा, 10वी का परीक्षा परीणाम शत प्रतिशत तथा कक्षा 12वी का परीक्षा परीणाम 99 प्रतिशत रहा है। कक्षा 10वी की परीक्षा में सम्मिलित समस्त 82 छात्रध्छात्राएं उत्तीर्ण हुवें जिसमें से 71 प्रथम श्रेणी तथा 11 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुवें है। इसी प्रकार विधालय में प्रथम स्थान नव्या 93.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान प्रतिष्ठा 93.4 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान निदा रंगरेज 92.4 प्रतिशत अंक अर्जित किये है।

इसी प्रकार कक्षा 12वी में सम्मिलित समस्त 78 छात्रध्छात्राएं उत्तीर्ण हुवे है जिनका प्रतिशत 99 रहा है। जिसमें प्रथम स्थान सुमन जोशी 89.6 प्रतिशत द्वितीय स्थान प्रघुमन्न यादव 87.2 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप सें कमल सुर्यवंशी ओर मुजीबुर्रेहमान 85.8 प्रतिशत का रहा है। जिला कलेक्टर रोशनसिंह एवं जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्रेयांश कुमट और एसडीओ राजस्व माहिदपुर अजय हिंगे व सुश्री संतुष्टिपाल तहसीलदार ने शासकीय मॉडल स्कूल महिदपुर का भ्रमण कर शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर हर्ष व्यक्त करते हुवे विद्यार्थियों एवं शिक्षको को बधाई दी गई है साथ ही स्कूल भ्रमण के दोरान जिला कलेक्टर श्री रोशनसिंह ने शाला की कृषि एवं स्वास्थ केयर प्रयोगशाला का लोकार्पण किया । स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में अपना परचम लहराया है।

विद्यालय के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम और छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कलेक्टर रोशन सिंह ने मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया। एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने बोर्ड परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न भेंट किए।

# कौटिल्य अकादमी, मक्सी के विद्यार्थियों ने रचा स्वर्णिम इतिहास

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मक्सी




जब सपनों में जुनून हो, मेहनत में निरंतरता हो और लक्ष्य स्पष्ट हो–तब सफलता सिर्फ परिणाम नहीं, एक प्रेरणा बन जाती है। ऐसा ही प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है कौटिल्य एजुकेशनल अकादमी, मक्सी के कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने, जिन्होंने उइरए बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन कर नया इतिहास रच दिया।

इस वर्ष विद्यालय ने 100% परिणाम के साथ न केवल उत्कृष्टता का परिचय दिया, बल्कि पूरे मक्सी नगर में हर तरफ कौटिल्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने सफलता का सर्वश्रेष्ठ मानदंड स्थापित किया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी: इशिका शिवहरे- 93% (प्रथम स्थान), आयुष कुमार- 91%, निकुंज अग्रवाल- 90%, पारस जाधव- 89%, मोहित एवं ईशान इन्द्रिया- 88%। इन होनहार विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन से विद्यालय के साथ-साथ अपने परिवार का भी नाम रोशन किया है।

विद्यालय के प्राचार्य जे.डी. फर्नान्डिस ने इस सफलता को विद्यार्थियों की अथक मेहनत, अभिभावकों के अटूट सहयोग और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम बताया। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा, ये सिर्फ अंक नहीं हैं, बल्कि हमारे बच्चों के सपनों और संघर्ष की जीवंत तस्वीर हैं।

परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल छा गया। मिठाइयों की खुशबू, तालियों की गूंज और चेहरे पर मुस्कान–हर तरफ सफलता का उत्सव नजर आया।

विद्यालय की निर्देशिका सुश्री आशा बरुआ ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं चेयरमैन मिथलेश यादव ने भी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

कौटिल्य अकादमी की यह सफलता न केवल एक उपलब्धि है, बल्कि यह संदेश भी है कि सही मार्गदर्शन, कड़ी मेहनत और विश्वास से हर सपना साकार किया जा सकता है। हम सभी विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी।



## सेनजी महाराज की जयंती मनाई

**महिदपुर।** लक्ष्मीनारायण एवं सैनाचार्य मंदिर भीमाखेड़ा पर सैनाचार्य सेनजी महाराज की जयंती मनाई गई। समाजजनों की उपस्थिति में सेनजी महाराज की महाआरती कर महाप्रसादी वितरित की गई। आरती पंडित मनोहरदास द्वारा उतारी गई। इस अवसर पर समाज सेवक का कचरूलाल सेन, युवा अध्यक्ष कैलाशचंद्र सेन, सुरेश कलजी, बद्रीलाल वर्मा, शरद परमार, रोडूलाल सेन, भादरलाल सेन, ईश्वरलाल सेन, बबलू सेन, मोहनलाल, राहुल, जगदीश, बसंतीलालजी आदि उपस्थित थे।

## श्री गुरु संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726 वी जयंती मनाई



**उन्हेल।** श्री सकल पंच सेन समाज उन्हेल द्वारा श्री गुरु संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726 वीं जयंती पर पंडित धीरज उपाध्याय द्वारा एवं सभी समाज जन द्वारा श्री गुरु सेन जी महाराज की महाआरती के साथ महाप्रसादी वितरण की गई, इस शुभ अवसर पर सेन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी अध्यक्ष श्री बाबूलाल चौहान, पूर्व पार्षद दिनेश सोलंकी एडव्होकेट, रमेशचंद्र सेन, उज्जैन मंदिर ट्रस्ट उपाध्यक्ष सुरेश सोलंकी, रामगोपाल चौहान, युवा अध्यक्ष धर्मेंद्र सेन, अमृत वर्मा बेडावन, सरपंच राकेश परमार धूमाहेडा, लखन वर्मा रूपाखेड़ी, राहुल सोलंकी, प्रकाश सेन, कमल सेन, नितिन वर्मा, विजय बोस, भय्यू वर्मा , कुलदीप सोलंकी आदि सभी समाजजन महाआरती एवं महाप्रसादी में उपस्थित रहे।

## बैसाखी पर्व धूम धाम से मनाया



**महिदपुर।** पंजाबी महिला विकास समिति महिदपुर द्वारा बैसाखी पर्व धूम धाम से मनाया गया जिसमें महिलाओं और बच्चों ने पंजाबी गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए जिसका संचालन दीप्ति मल्होत्रा द्वारा पंजाबी में किया गया। रेखा मल्होत्रा द्वारा बैसाखी थीम पर तंबोला भी खिलाया गया तथा अन्य मनोरंजक खेल खेले गए,साथ ही सभी सदस्यों ने पंजाबी भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर पंजाबी समाज की 70 महिलाएं उपस्थित थी। संचालन रजनी गुलाटी और राखी उथरा द्वारा किया गया। मुक्ता कालरा द्वारा बैसाखी क्यों मनाते हैं इस विषय पर सबको जानकारी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विरनावली मल्होत्रा, पुष्पा टक्कर, प्रवीणा दुआ ,अनीता मल्होत्रा, मंजु वधवा, रेखा गेरा, आशा टक्कर, लता मल्होत्रा, वीना सतीजा ,चंचल भूपेंद्र गुलाटी, वीना गेरा, सरिता कालरा, रीना देवेंद्र गेरा, रानी उथरा, सुषमा, सीमा, विमला मल्होत्रा, नंदिनी कालरा, दिया दुआ आदि समिति सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष लवलीन कालरा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया । कार्यक्रम की जानकारी समिति सचिव ऊषा खंडूजा द्वारा दी गई।

## इसरो भ्रमण पर जाएंगे शिक्षक व छात्राएं मिशन उत्कृष्टता में चयन



**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित मिशन उत्कृष्टता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश से 25 उत्कृष्ट शिक्षकों एवं 325 मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इस सूची में मां शारदा संदीपनि विद्यालय के रसायन शास्त्र शिक्षक गोपाल कारपेंटर तथा कक्षा 12वीं की छात्राएं सारिका सिंह एवं अनुष्का मेवाड़ा शामिल हैं। चयनित प्रतिभागी 20 अप्रैल से 28 अप्रैल तक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रमुख प्रक्षेपण केंद्र सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा का शैक्षणिक भ्रमण करेंगे। इस दौरान उन्हें अंतरिक्ष अनुसंधान से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और तकनीकों को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा। विद्यालय प्रबंधन ने इसे गर्व का विषय बताते हुए कहा कि इस प्रकार के अवसर विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें नवाचार के लिए प्रेरित करते हैं। इस उपलब्धि पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हर्षवर्धन चतुवेर्दी, विद्यालय प्राचार्य डॉ. रजनीश त्रिवेदी एवं उप प्राचार्य मुकेश नेमा ने चयनित शिक्षक एवं छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

अक्षय कुमार अभिनीत हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' आज 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके पेड प्रिव्यू शो 16 अप्रैल को आयोजित हुए हैं। फिल्म का पहला रिव्यू भी सामने आ गया है। जानिए कैसी बताई जा रही है यह फिल्म?

# सामने आया अक्षय कुमार स्टारर 'भूत बंगला' का पहला रिव्यू





फिल्म 'धुरंधर 2' की आंधी के बीच अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' दस्तक दे रही है। प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर पहला रिव्यू सामने आया है, जिसके मुताबिक यह जबर्दस्त एंटरटेनिंग फिल्म है। इसे खूबसूरती से क्राफ्ट किया गया है। इस फिल्म में राजपाल यादव भी हैं और उनकी दिल खोलकर तारीफ की गई है। जानिए किसने किया है यह रिव्यू? और, क्या कहा है?

## फिल्म को मिले कितने सितारे?

फिल्म 'भूत बंगला' का पहला रिव्यू आ चुका है। यह रिव्यू ट्रेड विश्लेषक रमेश बाला ने किया है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है और 'भूत बंगला' की दिल खोलकर तारीफ की है। स्टार देने के मामले में भी उन्होंने दरियादिली दिखाई है। ट्रेड एक्सपर्ट रमेश बाला ने यह फिल्म देखने के बाद अपना रिएक्शन लिखा है। उन्होंने इसे चार सितारे दिए हैं।

## फिल्म की कहानी क्या है?

ट्रेड एक्सपर्ट ने आगे लिखा है, 'यह एक बहु-स्तरीय सुपरनैचुरल कहानी के रूप में सामने आती है। कहानी की जड़ें वधुसुर की डरावनी कहानी और एक ऐसे गांव में हैं, जो लंबे समय से उसकी क ा ल ी मौजूदगी के साये में रहा है। इसमें एक भुतहा बंगला भी शामिल है। इस हॉरर के पीछे एक दिलचस्प बैकस्टोरी छिपी है, जो धीरे-धीरे सामने आती है और कहानी में गहराई के साथ-साथ इमोशंस जोड़ती है। इस फिल्म में अक्षय कुमार और राजपाल यादव के अलावा तब्बू, परेश रावल, मिथिला पालकर और वामिका गब्बी भी अहम भूमिकाओं में हैं।

## राजपाल यादव और परेश रावल ने निभाया अक्की का साथ

आगे लिखा है, 'परेश रावल और राजपाल यादव ने अक्षय कुमार का पूरा साथ दिया है। अपनी शानदार कॉमिक केमिस्ट्री से उन्होंने फिल्म के पहले हिस्से को और भी शानदार बना दिया है। यह गजब की एंटरटेनिंग फिल्म है। इंटरवल का पल रोंगटे खड़े कर देने वाला है और वहीं से यह फिल्म धीरे-धीरे अपने रहस्यों से पर्दा उठाती है। दर्शकों को अंत तक अपनी सीट से बांधे रखती है। पूरी कास्ट का अभिनय सराहनीय है और निर्देशन यह सुनिश्चित करता है कि हॉरर, कॉमेडी और सस्पेंस के बीच एक सहज संतुलन बना रहे।

## अक्षय कुमार की अदाकारी एक नंबर

उन्होंने आगे लिखा है, 'फिल्म में जो बात वाकई सबसे अलग है, वह यह कि यह फिल्म भूत और जीवित किरदारों के बीच के अनोखे रिश्ते को किस तरह दिखाती है? यह डर और ह्यूमर का ऐसा मेल है, जो आपको कहानी से पूरी बांधकर रखता है। रमेश बाला ने अक्षय कुमार की अदाकारी की तारीफ करते हुए लिखा है, 'उन्होंने अपने करियर का बेहतरीन अभिनय दिया है। उन्होंने कॉमेडी और गंभीर पलों के बीच बड़ी सहजता से तालमेल बिठाया है। उनके पंचलाइन एकदम सटीक बैठते हैं और उनकी मौजूदगी पूरी फिल्म को आगे बढ़ाती है।

# 'भूत बंगला' की दस्तक से पहले 'डकैत' की सिट्टी-पिट्टी गुम, जानिए 'धुरंधर 2' का हाल...



सिनेमाघरों में 'धुरंधर द रिवेंज' का दबदबा रहा है। इसके बाद कोई मजबूत फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रिलीज नहीं हुई और जो रिलीज हुईं वे दम नहीं दिखा पाईं। बीते दिनों अदिवि शेष और मृणाल की 'डकैत' ने दस्तक दी थी। मगर, यह भी औसत ही साबित होती दिख रही है। कल 17 अप्रैल को मुकाबले में अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' भी रिलीज होगी। यह कैसा प्रदर्शन करती है, यह तो वक्त ही बताएगा। फिलहाल, इसकी दस्तक से पहले 'धुरंधर 2' और 'डकैत' की क्या स्थिति है? जानिए

## 'धुरंधर 2' का बॉक्स ऑफिस

आदित्य धर निर्देशित यह एक्शन स्पाई फिल्म 19 मार्च को रिलीज हुई थी। इसकी रिलीज को चौथा वीक चल रहा है। इसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार पारी खेली है और अब भी करोड़ों में कमा रही है। हालांकि, अब इसकी कमाई में गिरावट देखी जा रही है। मंगलवार को 27वें दिन फिल्म 'धुरंधर 2' ने 8.31 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं, कल बुधवार को इसकी कमाई में गिरावट दर्ज हुई है। बीते दिन यानी 28वें दिन इस फिल्म ने 4.77 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म का इंडिया नेट कलेक्शन 1099.73 करोड़ रुपये हो गया है। दुनियाभर में इसने 1733.20 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया है। वर्ल्डवाइड कमाई के मामले में यह फिल्म 'पुष्पा 2' का रिकॉर्ड तोड़ने की तरफ तेजी से बढ़ रही है। 'पुष्पा 2' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1742.10 करोड़ रुपये है।

## 'डकैत' का कलेक्शन

अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर अभिनीत यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास दम नहीं दिखा पा रही है। 10 अप्रैल को रिलीज हुई यह फिल्म औसत कलेक्शन जुटा रही है। मंगलवार को फिल्म ने 3.45 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं, कल बुधवार को छठे दिन इसकी कमाई में भारी गिरावट दर्ज हुई। बीते दिन इस फिल्म ने 1.80 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। इसका इंडिया नेट कलेक्शन 27.05 करोड़ रुपये हो चुका है। आने वाले दिनों में 'भूत बंगला' का असर इसके कलेक्शन पर पड़ने की पूरी संभावना है। ऐसे में क्या यह फिल्म टिकट खिड़की पर टिक पाएगी? या जल्द विदाई लेगी?

## 'प्रोजेक्ट हेल मेरी' का बॉक्स ऑफिस

सिनेमाघरों में 'प्रोजेक्ट हेल मेरी' भी लगी हुई है। हालांकि, अब इसकी कमाई भी घट रही है। भारतीय सिनेमाघरों में यह फिल्म 26 मार्च को रिलीज हुई थी। मंगलवार को 20वें दिन इस फिल्म ने 1.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं, कल बुधवार को 21वें दिन इस फिल्म ने 1.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन जुटाया। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कमाई 59.01 करोड़ रुपये हो चुकी है।




भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीमों के बीच टी20 सीरीज होनी है। टी20 विश्व कप से पहले दोनों टीमों के बीच ये सीरीज काफी अहम है। कप्तान हरमनप्रीत कौर का कहना है कि ये सीरीज इस टूनार्मेट की तैयारियों के लिए शानदार मौका होगा।

# 'टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिए शानदार मौका' दक्षिण अफ्रीका सीरीज से पहले बोलीं कप्तान हरमनप्रीत कौर



**डरबन।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टी20 विश्व कप से पहले सभी खिलाड़ियों को उचित मौका दिए जाने पर जोर देते हुए कहा कि उनकी टीम आत्मविश्वास से भरी है। हरमनप्रीत शुक्रवार से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैच की टी20 सीरीज का पूरा फायदा उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। हरमनप्रीत ने यह भी कहा कि वनडे विश्व कप जीतने के बाद उनकी टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। भारत ने हाल में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में जीत दर्ज की है।

## जून में होना है विश्व कप

भारतीय कप्तान ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले इंग्लैंड एवं वेल्स में 12 जून से पांच जुलाई तक होने वाले वैश्विक टूनार्मेंट से पहले उन्हें संयोजन को परखने और लय बनाने का मौका देंगे। हरमनप्रीत ने सीरीज से पहले कहा, हम इस मौके को बहुत गंभीरता से लेना चाहते हैं और यहां अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना चाहते हैं। विश्व कप से पहले यह हमारे लिए एकजुट होने और अच्छी तैयारी का शानदार मौका है।

टीम संयोजन पर उन्होंने संकेत दिया कि यह दक्षिण अफ्रीका के हालात को देखकर किया जाएगा, विशेषकर तेज गेंदबाजों के कई विकल्प की जरूरत को देखते हुए। उन्होंने साथ ही अनुभवी खिलाड़ी दीप्ति शर्मा की अगुआई वाले स्पिन आक्रमण पर भी पूरा भरोसा दिखाया।

## सभी खिलाड़ियों को मौका देना होगी प्राथमिकता

भारत ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के साथ है। हरमनप्रीत ने कहा कि पांच मैच की सीरीज में सभी खिलाड़ियों को मौका देना ही प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा, ये मैच यह सनुश्चित करने के लिए काफी अहम हैं कि सभी खिलाड़ियों को बराबर मौके मिले ताकि हम विश्व कप के लिए जाने से पहले एक इकाई की तरह पूरी तरह तैयार रहें। साथ ही हम यहां जीत दर्ज करना चाहेंगे। वनडे विश्व कप के बाद टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। टीम अच्छी लय में हैं और विश्व कप से पहले हमारे लिए यह सीरीज काफी महत्वपूर्ण है। यहां का मौसम बिलकुल भारत की तरह है। अंतर सिर्फ पिच में है, लेकिन हम इसके आदि हो रह हैं और उम्मीद है कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे।

# चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका, मांसपेशियों में खिंचाव के कारण खलील अहमद आईपीएल से बाहर हुए



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज खलील अहमद जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण आईपीएल के बाकी बचे सीजन से बाहर हो गए हैं। सीएसके की टीम अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश में जुटी है और ऐसे में खलील का बाहर होना फ्रेंचाइजी के लिए करारा झटका है। टीम ने अब तक पांच में से दो मैच जीते हैं और तीन में हार का सामना करना पड़ा है।

**केकेआर के खिलाफ मैच में मांसपेशियां खिचीं:** खलील ने सीएसके की तरफ से अभी तक सभी पांच मैच में हिस्सा लिया है। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 14 अप्रैल को खेले गए मैच के दौरान अपने दाहिने जांघ की मांसपेशियों में दर्द की शिकायत की थी। वह 3.5 ओवर गेंदबाजी कर चुके थे और आखिरी गेंद के लिए उन्होंने दो बार दौड़े, लेकिन गेंदबाजी जारी नहीं रख सके। इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था। आखिरी गेंद गुरजपनीत सिंह ने की थी। खलील ने अब तक सीएसके की तरफ से अच्छा प्रदर्शन किया था और उसके गेंदबाजी आक्रमण के मुख्य सदस्य थे।

**खलील को ठीक होने में लगेंगे 10 से 12 हफ्ते:** आईपीएल के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया, 'यह ग्रेड दो की चोट है और इसे ठीक होने में कम से कम 10-12 सप्ताह का समय लगेगा।' इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने भारत के लिए 11 वनडे और 18 टी20 मैच खेले हैं। भारत की तरफ से उन्होंने अपना आखिरी मैच जुलाई 2024 में खेला था।

## कौन करेगा गेंदबाजी?

सीएसके के पास अब तेज गेंदबाजों के सीमित विकल्प हैं। टीम के पास जकारी फोक्स और मुकेश चौधरी के रूप में अन्य तेज गेंदबाज हैं। हालांकि, जकारी अब तक डेब्यू नहीं कर सके हैं और उनके पास खलील जितना अनुभव नहीं है। जकारी ऑलराउंड ऑप्शन देते हैं। वहीं, मुकेश पावरप्ले में शानदार गेंदबाजी करते हैं, लेकिन डेथ ओवरों का उनके पास ज्यादा अनुभव नहीं है और डेथ ओवरों में उनका इकोनॉमी रेट भी खराब है। ऐसे में सीएसके टीम मैनेजमेंट की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की आवश्यकता, कार्य समयः दोपहर 12 से रात 9 बजे तक
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की आवश्यकता, वेतन 10 हजार से कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईंट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### ज्यादा सैलरी का लालच देकर युवक से 1.40 लाख ऐंठने पर केस दर्ज किया

**इंदौर।** वर्क फ्रॉम होम जॉब का झांसा देकर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने डेटा हैंडलिंग का काम दिलाने का लालच देकर एक युवक से 1.40 लाख रुपए ठग लिए। मामले में साइबर सेल में शिकायत के बाद भंवरकुआं पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, भंवरकुआं थाना क्षेत्र निवासी 23 वर्षीय अर्सीन शेख के मोबाइल पर शैलेन्द्र नाम के व्यक्ति का मैसेज आया। उसने घर बैठे डेटा हैंडलिंग का काम देने और हर महीने 30 से 40 हजार रुपए कमाने का लालच दिया। युवक ने भरोसा कर अपना बायोडाटा भेज दिया। कुछ दिन बाद आरोपी ने मैसेज कर बताया कि उसका चयन हो गया है, लेकिन प्रोसेसिंग फीस के रूप में 2.50 लाख रुपए जमा करने होंगे। युवक द्वारा असमर्थता जताने पर आरोपी ने 1.40 लाख रुपए देने को कहा और शेष राशि खुद देने की बात कही। इसके बाद जनवरी 2025 में युवक ने फोनपे के जरिए 1.40 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। रकम लेने के बाद आरोपी नौकरी देने के नाम पर टालमटोल करता रहा। उसने काम न आने का बहाना बनाया और बाद में पैसे वापस मांगने पर भी टालता रहा। कुछ समय बाद आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर लिया। इसके बाद पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद भंवरकुआं पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और मोबाइल नंबर व ट्रांजेक्शन डिटेल के आधार पर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### स्कीम नंबर 54 में शटर तोड़कर हजारों का सामान ले गए, पुलिस जांच में जुटी

**इंदौर।** विजयनगर क्षेत्र स्थित स्कीम नंबर 54 में एक दुकान में चोरी की वारदात सामने आई है। अलसुबह हेलमेट पहने बदमाश ने शटर का ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया। आरोपी ने पास की एक गिफ्ट शॉप को भी निशाना बनाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार, स्कीम नंबर 54 में राकेश व्यास की दुकान का शटर तोड़कर बदमाश ने दराज में रखे करीब 12 हजार रुपए और अन्य सामान चोरी कर लिया। वहीं, पास में स्थित विजय शिवहरे की सेलिब्रेशन गिफ्ट एंड टॉयज दुकान का ताला तोड़कर करीब 4 हजार रुपए, परफ्यूम और अन्य सामान भी चुरा लिया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। एक अन्य मामले में पुलिस ने स्कीम नंबर 74 निवासी अखिल शर्मा की शिकायत पर ऋदम उर्फ सोनू (निवासी अमर टेकरी) के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। अखिल ने बताया कि उनके 95 वर्षीय दादा रामेश्वर, जो चलने-फिरने में असमर्थ हैं, दवा लेकर सो गए थे। शाम को उठने पर उनके हाथ से सोने की अंगूठी गायब थी। घर में तलाश के दौरान पता चला कि केयरटेकर ऋदम भी काम पर नहीं आया। इसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक-जीप को टक्कर मारी, एसआई-सिपाही सहित तीन घायल

**इंदौर।** किशनगंज थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने पहले बाइक सवारों को टक्कर मारी और फिर पुलिस की गश्ती गाड़ी को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में सब-इंस्पेक्टर सहित तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 15 अप्रैल को एबी रोड स्थित टीही पुलिया के आगे अज्ञात कार चालक तेज गति से गलत साइड में ओवरटेक कर रहा था। इसी दौरान उसने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गिरकर घायल हो गए। बाइक को टक्कर मारने के बाद भी कार चालक नहीं रुका और आगे जाकर पुलिस के गश्ती वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पुलिस वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में पुलिस वाहन के सामने का कांच, दोनों गेट, बोनट, हेडलाइट, इंडिकेटर सहित इंजन को भारी नुकसान पहुंचा। वाहन से ऑयल भी फैल गया। गश्त पर मौजूद सब-इंस्पेक्टर मुनेश यादव को कंधे, हाथ, पीठ और गर्दन में चोटें आईं। वहीं फरियादी कुंदन चौहान भी घायल हुआ है। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। किशनगंज पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ धारा 281 और 125(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपी की तलाश में जुटी है।

### महिला डॉक्टर ने जहर खाया, अन्य घटना में विवाहिता व छात्रा ने लगाई फांसी

**इंदौर।** इंदौर में अलग-अलग इलाकों से महिलाओं के आत्महत्या के तीन मामले सामने आए हैं। इनमें एक महिला डॉक्टर, एक विवाहिता और एक छात्रा शामिल हैं। तीनों घटनाओं ने शहर में सनसनी फैला दी है। पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। खुड़ैल थाना क्षेत्र में 35 वर्षीय डॉ. दामिनी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उन्हें नेमावर रोड स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दामिनी देवास जिले के कलवर में सीएचओ पद पर पदस्थ थीं और मूल रूप से कन्नौद की रहने वाली थीं। मायके पक्ष का आरोप है कि पति संदीप के किसी अन्य महिला से संबंध थे, जिसको लेकर अक्सर विवाद होता था। विरोध करने पर पति और सास द्वारा मारपीट भी की जाती थी। दंपती का एक 9 साल का बेटा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमॉर्टम कराया है।

राऊ थाना क्षेत्र के रंगवासा में रहने वाली 30 वर्षीय ममता बाई ने पति से विवाद के बाद फांसी लगा ली थी। घटना 1 अप्रैल की रात की है। ममता का इलाज एमवाय अस्पताल में चल रहा था, लेकिन 15 दिन बाद उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चांदी की पायल को लेकर पति सोहनलाल पटेल से कहासुनी हुई थी, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। परिवार में दो बच्चे और सास-ससुर हैं।

भंवरकुआ इलाके में रहने वाली छात्रा कशिश पंवार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह अभिनव नगर में अपने भाई के साथ किराए से रहती थी और पढ़ाई कर रही थी। कशिश मूल रूप से धरमपुरी की रहने वाली थी। उसके पिता कल्याण सिंह पंवार पुलिस विभाग में पदस्थ हैं। जो मंडला मे पदस्थ है। कशिश यहां बीए फर्स्ट ईयर की पढाई कर रही थी।

### इंदौर बेंच ने पार्षद रुबीना खान और फौजिया शेख को जारी किया कारण बताओ नोटिस



**इंदौर।** मप्र हाई कोर्ट की इंदौर बेंच के समक्ष राष्ट्रीय गीत ह्यवंदे मातरम्ह्ल के गायन के दौरान सरकारी और सार्वजनिक मंचों पर गरिमापूर्ण आचरण सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट कानूनी ढांचा बनाने की मांग को लेकर एक महत्वपूर्ण जनहित याचिका दायर की गई है। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने प्रारंभिक सुनवाई के दौरान कड़ा रुख अपनाते हुए मामले से जुड़े पार्षद रुबीना इकबाल खान और फौजिया शेख अलीम को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह कार्रवाई इंदौर नगर निगम की एक हालिया घटना के बाद शुरू हुई, जिसमें राष्ट्रीय गीत के दौरान हुए विवाद ने प्रदेशभर का ध्यान आकर्षित किया था। याचिकाकर्ता और एडवोकेट योगेश हेमनानी ने स्वयं न्यायालय के समक्ष पक्ष रखते हुए दलील दी कि वर्तमान में शासकीय संस्थानों में वंदे मातरम् के उच्चारण के समय आचरण और अनुशासन को लेकर कोई प्रभावी नियामक ढांचा मौजूद नहीं है। उन्होंने कोर्ट से प्रार्थना की कि राष्ट्रीय गीत की गरिमा बनाए रखने के लिए स्थापित संवैधानिक सिद्धांतों के अनुरूप स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 51(अ) का हवाला देते हुए कहा गया है कि प्रत्येक नागरिक का यह मौलिक कर्तव्य है कि वह राष्ट्र के आदर्शों और प्रतीकों का सम्मान करे। ऐसे में सार्वजनिक पदों पर आसीन व्यक्तियों का आचरण मर्यादित और आदर्श होना चाहिए।

---

नगर निगम मुख्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा, भोपाल कूच करने की चेतावनी

# सिटी बस पास 400 रुपए महंगा, छात्र भड़के

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में सिटी बस पास का दाम 400 रुपए बढ़ने से छात्र नाराज हैं। इसके विराध में छात्र नगर निगम मुख्यालय पहुंचे और विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया। सिटी बस पास का दाम कम करने के लिए उन्होंने ज्ञापन भी दिया। छात्रों के हाथों में तख्तियां थी, जिस पर लिखा था छात्रों को एटीएम मशीन समझना बंद करो, छात्रों के साथ अन्याय के खिलाफ एकजुट हो।

प्रदर्शन करने वालों का कहना था कि जो छात्र अपने सपनों को पूरा करने के लिए यहां आए हैं, वे एक टाइम भूखा रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। प्रशासन ने एक बार भी






नहीं सोचा कि सिटी बस के पास का दाम बढ़ाने से इन छात्रों का क्या होगा। मूसाखेड़ी से जीडीसी कॉलेज छात्राएं जाती है, दोनों तरफ का किराया 50 रुपए रोज का लगता है, क्या ये छात्राएं इतना किराया रोज का दे सकती है। नगर निगम इतना टैक्स ले रहा है, उसमें क्या छात्रों का बस पास माफ नहीं किया जा सकता है। जयस छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष पवन अहिरवार ने बताया कि महापौर बस पास योजना को खत्म कर दिया है। स्टूडेंटस पास जो 200 रुपए का था, उसे 600 रुपए कर दिया गया है। निगम अधिकारियों के लिए महापौर के लिए ये 600 रुपए आम राशि होगी, लेकिन इंदौर में जो गरीब व मध्यमवर्ग का छात्र यहां रहकर पढ़ाई कर रहा है। 600 रुपए किसी छात्र के माता-पिता की तीन दिन की दिहाड़ी-मजदूरी हो सकती है। इसलिए जो पास में वृद्धि की है, उसे कम करने की मांग लेकर नगर निगम आए।

#### चौराहे की समस्या बताई, सफाई की मांग की

इसके साथ ही उन्होंने भंवरकुआं स्थित टंट्या भील चौराहे पर गंदगी फैली हुई है। यहां पानी, सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। नगर निगम से मांग की है कि यहां साफ-सफाई की व्यवस्था की जाए। तमाम छात्र संगठन द्वारा ज्ञापन दिया है, अगर कार्रवाई नहीं की जाती है तो 15 दिन बाद सभी छात्र संगठन द्वारा नगर निगम का घेराव करेंगे। फिर भी मांग नहीं मानी तो भोपाल कूच करेंगे।

## इंदौर विकास प्राधिकरण में एनओसी रैकेट सक्रिय

### योजना से जमीन मुक्त करने एक महीने में दो बार भेजी नकली एनओसी, अफसरों के हुए फर्जी साइन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर विकास प्राधिकरण में जमीन की एनओसी को लेकर एक बड़ा रैकेट चल रहा है। इसमें प्राधिकरण के ही कर्मचारी के मिले होने की बात सामने आई है। कर्मचारी खुद अधिकारियों के साइन कर एनओसी जारी करते हैं। इसके बाद टीएनसीपी में नक्शा मंजूरी के लिए भेजा जा रहा था।

यह खुलासा टीएनसीपी (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग) अधिकारियों की जांच से हुआ है। इधर, आईडीए अधिकारियों का शक है कि विधि विभाग का बाबू शुभम श्रीवास्तव इस रैकेट से जुड़ा हो सकता है। इसकी वजह यह है कि जिस दिन से मामला सामने आया है, उस दिन से ही वह बिना सूचना के ऑफिस नहीं आया है।




उसका फोन भी बंद है और घर से भी लापता है। मामला योजना 97 पार्ट 4 बिजलपुर की जमीन का है। करीब 20 हजार वर्गफुट से ज्यादा यह जमीन आईडीए की योजना में शामिल है। हाल ही में जमीन मालिक की ओर से टीएनसीपी के समक्ष ले-आउट स्वीकृति के लिए आवेदन किया था। दस्तावेज परीक्षण में पता चला कि आईडीए से जारी की गई एनओसी और प्रारूप में साइन का अंतर है। यह एनओसी प्लानिंग और भू-अर्जन दोनों विभागों से जारी हुई थी।

#### टीएनपीसी के अधिकारी ने बताया नक्शा मंजूरी के लिए आई थी फाइल

टीएनसीपी अधिकारी शुभाशीष बनर्जी ने बताया कि हमारे पास उस जमीन का नक्शा मंजूरी के लिए फाइल आई थी। हमने एनओसी मांगी तो उन्होंने एनओसी में बताया कि यह जमीन आईडीए की स्कीम में नहीं है। हमें एनओसी पर कुछ साइन ऐसे लगे कि वह गलत हैं। हमने फोन कर पूछा कि जमीन की एनओसी हमारे पास आई है। इस पर आईडीए अधिकारी ने कहा कि हमारे यहां से जारी नहीं हुई है। यह पता चलने पर हमने उसे कैंसिल कर दिया। 4 से 5 दिन पहले फिर हमारे पास यह फाइल आई, तब हमें दोबारा शक हुआ। हमने आईडीए को एनओसी की फोटो कॉपी भेजकर पूछा कि इसकी पुष्टि करें कि यह आपके यहां से जारी हुई है या नहीं।

## पुजारी पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

खजराना गणेश मंदिर से जुड़े पुजारी पुनीत भट्ट के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया गया है। उनकी पत्नी ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। महिला का कहना है कि आरोपी पति और ससुराल पक्ष द्वारा 1 करोड़ रुपए नकद और फॉर्च्यूनर कार की मांग की जा रही थी।

महिला थाना टीआई श्रद्धा यादव ने बताया कि महिला की शिकायत के बाद मामले की जांच की गई। सभी पक्षों के बयान लिये गए और इसके बाद केस दर्ज किया है। पीड़िता ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने पहले जनसुनवाई में आवेदन लेकर दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए। जांच के बाद पुजारी पुनीत भट्ट के खिलाफ दहेज प्रताड़ना सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इससे पहले करीब 22 दिन पहले पीड़िता इंदिरा भट्ट ने पुलिस आयुक्त कार्यालय में जनसुनवाई में भी शिकायत दी थी। इसमें पति पुनीत भट्ट सहित सास, ननद, नंदोई और देवरों पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। महिला ने दहेज प्रताड़ना, मारपीट, मानसिक उत्पीड़न और घर से निकालने की बात कही थी। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी 17 मई 2025 को हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। यह दोनों की दूसरी शादी थी।

## घर में पड़ा रहा शव, चूहों ने कुतरा

### आंख-चेहरा क्षत-विक्षत मिला, भांजे ने पुलिस-बेटों को सूचना दी, बच्चों की गेंद से खुला राज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के इंदौर के चंदन नगर इलाके में एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक का शव उसके घर में कई दिनों से पड़ा था। जिसे चूहों ने बुरी तरह कुतर दिया था। मृतक शराब पीने का आदी था।

हैरानी की बात यह है कि घटना का खुलासा तब हुआ, जब गली में खेल रहे बच्चे गेंद लेने उसके घर के अंदर पहुंचे। शोर मचाने पर पड़ोसी वहां पहुंचे और मामले का पता चला।

चंदन नगर पुलिस के अनुसार घटना नंदन नगर की है। यहां रहने वाले छगन नामक (65) का शव उसके घर में लावारिस हालत में मिला। बुधवार शाम को बच्चे गली में क्रिकेट खेल रहे थे, तभी गेंद छगन के घर में चली गई। बच्चे जब गेंद लेने अंदर पहुंचे तो वहां शव पड़ा मिला और आसपास चूहे घूम रहे थे। इसके बाद तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी गई।

पुलिस ने बताया कि शव काफी समय से पड़ा होने के कारण चूहों ने आंखों, चेहरा सहित शरीर के कई हिस्सों को कुतर दिया था, जिससे शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया था। फिलहाल मौत के कारणों की जांच की जा रही है। मामले की जानकारी मिलने पर छगन के परिजनों को सूचित किया गया, लेकिन कोई मौके पर नहीं पहुंचा। बाद में उसका भांजा गज्जू वहां आया और शव को जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया गया।

## इंदौर में विधानसभा के साथ लोकसभा की सीट भी बढ़ेगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में आगामी परिसीमन के बाद लोकसभा और विधानसभा सीटों में बढ़ोतरी संभव है। वर्तमान 9 विधानसभा सीटें बढ़कर करीब 12 हो सकती हैं, जबकि लोकसभा सीट 1 से 2 होने की संभावना है। प्रदेश में कुल विधानसभा सीटें 230 से बढ़कर लगभग 280 तक हो सकती हैं। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव नए परिदृश्य में होंगे। इसके लिए मोदी सरकार तीन दिवसीय संसद का विशेष सत्र का आयोजन कर रही है। इसमें लोकसभा के साथ विधानसभा की सीटें बढ़ाने की तैयारी और नए परिसीमन की मंजूरी के साथ महिला आरक्षण को भी मंजूरी मिलने की संभावना है। इंदौर लोकसभा क्षेत्र में वर्तमान में नौ विधानसभा स्थान हैं। इसमें महू विधानसभा सीट को धार लोकसभा में 2008 में सम्मिलित कर दिया है। अब नए परिसीमन में इंदौर में दो लोकसभा सीट के होने की संभावना है। वहीं विधानसभा क्रमांक एक, दो और 5 तथा देपालपुर में मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है। इस वजह से इन विधानसभा सीटों को भी भौगोलिक आधार पर विभाजित कर इंदौर में विधानसभा की एक दर्जन सीटें होने की संभावना है।

## मकान बनाना 35% तक महंगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

ईरान-इजराइल और अमेरिका युद्ध का असर अब आम आदमी की रसोई तक सीमित नहीं रहा। यह घर के सपने पर भी भारी पड़ रहा है। युद्ध की वजह से मकान निर्माण सामग्री की कीमतों में आई तेजी ने मध्यम वर्ग की चिंता बढ़ा दी है।


पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

वास्तु दोष से परेशान हैं क्या?
• क्या आपके घर का मुखिया नशा करता है?
• जरूर घर का ईशान और नेत्रत्या कोण दूषित है
• क्या एक्सीडेन्ट होते हैं?
• क्या कर्ज बढ़ता जा रहा है?
• क्या पारिवारिक झगड़े होते रहते हैं?
परेशान न हो समाधान है?
मैं करूंगा समाधान
पं. पंकज शर्मा
पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा

नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा

संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

JAYSHREE PHARMACEUTICALS
www.dantavali.com
दंतावली
गम मसाज पाउडर
सिगरेट, बीड़ी तंबाखू एवं गुटखा के कारण होने वाली
दांत एवं मुँह की समस्या से राहत में सहायक
Dantavali GUM MASSAGE POWDER
100% NATURAL PRODUCT
इन समस्याओं से राहत में सहायक
दांतों के दाग-धब्बे
दांतों की सड़न
मुँह का पूरा न खुलना
मुँह के छाले
मुँह की दुर्गंध
दांतों की झनझनाहट
गर्म एवं तीखा खाने में तकलीफ
ठंडा एवं खट्टा खाने में तकलीफ
स्टॉकिस्ट/अधिकृत विक्रेता बनने के लिए संपर्क : 77010-10250
Owned By PAGE PRASHANT AGARWAL GROUP OF ENTERPRISES | Powered By AGARWAL GROUP | Associated Brand AKSHOBH VEDA



मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com